






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 264

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

सोमवार | 08 जुलाई, 2024


# दरकते पहाड़, उफनती नदियां...

## उत्तराखंड में लैंडस्लाइड, चारधाम यात्रा रोकी गई : असम में 58 और यूपी में 13 की मौत; मुंबई में 150 पर्यटकों का रेस्क्यू, लोकल ट्रेनें सस्पेंड

जन एक्सप्रेस । नई दिल्ली

दरकते पहाड़, उफनती नदियां और हादसों की आहट... उत्तराखंड में इन दिनों भयावह मंजर दिख रहा है। उत्तराखंड के गढ़वाल डिवीजन में भारी बारिश के चलते आज चार धाम यात्रा रोक दी गई है। बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास लैंडस्लाइड के कारण सड़क ब्लॉक हो गई है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। असम के 29 जिलों में बारिश और बाढ़ की वजह से 23 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 58 लोगों की मौत हुई है। 27 जिलों में 577 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। इसमें 5 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में भी 15 लाख से ज्यादा जानवर प्रभावित हुए हैं। 6 गैंडो समेत 114 जानवरों की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई है। रिलीफ डिपार्टमेंट के मुताबिक दो लोगों की मौत बिजली गिरने से, एक व्यक्ति की मौत डूबने से, जबकि तीन लोगों की मौत बारिश संबंधित घटनाओं में हुई। मुंबई से सटे ठाणे जिले में जोरदार बारिश के कारण वाशिंद स्थित सृष्टि फार्म हाउस के आसपास पानी भर गया। करीब 150 लोग फंसे हैं। उनका रेस्क्यू जारी है। उधर, महाराष्ट्र में कल्याण-कसारा रूट पर सुबह 6.30 बजे पटरियों पर मलबा जमा हो गया। एक पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हो गया।



### आज 5 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

आईएमडी ने रविवार (7 जुलाई) के लिए पांच राज्यों- उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, कर्नाटक में बहुत भारी बारिश का अलर्ट और 17 राज्यों- पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, केरल, गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### भारी बारिश के बाद मुंबई लोकल ट्रेन सर्विस सस्पेंड

मुंबई से सटे महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रविवार सुबह लोकल ट्रेन सर्विस सस्पेंड कर दी गईं। अधिकारियों के अनुसार, कसारा और टिटवाला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 6:30 बजे व्यस्त कल्याण-कसारा रूट पर भारी बारिश के कारण अटगांव और थानसित स्टेशनों के बीच मिट्टी जमने के कारण पटरियों को असुरक्षित घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही वाशिंद स्टेशन के पास एक पेड़ भी गिर गया।

### बिगड़े मौसम ने चारधाम यात्रा में डाली रुकावट

उत्तराखंड में मौसम के बिगड़े मिजाज ने चारधाम यात्रा में भारी रुकावट डाल दी है। 10 मई को केदारनाथ, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा की शुरुआत हुई थी। इसके बाद 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड के चारों धामों की यात्रा विधिवत रूप से शुरू हो गई थी परंतु दो माह भी नहीं बीते और मौसम की मार के आगे चारधाम यात्रा को लेकर प्रशासन के सभी इंतजाम धरे के धरे रह गए। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने केदारनाथ और अन्य धामों में हो रही बर्फबारी और भारी बारिश के चलते श्रद्धालुओं को जगह-जगह सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया।

### लखनऊ में सड़क धंसी, बाइक सवार बाल-बाल बचा

यूपी के लखनऊ-बाराबंकी समेत 68 जिलों में रविवार को तेज बारिश हुई। लखनऊ में पूरी रात जोरदार बरसात हुई। यहां विकास नगर के सेक्टर 8 में अचानक 5 फीट सड़क धंस गई। बाइक सवार गिरने से बचा। अयोध्या में रातभर तेज बारिश हुई। यहां सरयू नदी उफान पर है। जलस्तर चेतावनी बिंदु तक पहुंच गया है। मुजफ्फरनगर में अचानक सड़क धंस गई। 10 फीट गहरा गड्?ढा हो गया। सीतापुर में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के घर पानी भरा है। बिजनौर में बाढ़ के पानी में फंसे 16 लोगों का रात में रेस्क्यू किया गया। आगरा में 8 बच्चे तालाब में डूब गए। 4 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 4 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुशीनगर में बाढ़ में 20 लोग फंस गए। खेत में बनी मचान में चढ़कर जान बचाई। प्रदेश में 24 घंटे में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत हुई है। सीएम योगी ने राहत बचाव के लिए अफसरों को अलर्ट किया है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 38.4 मिमी बरसात रिकॉर्ड की, जो 8.2 सामान्य से 369 फीसदी अधिक है। सबसे ज्यादा 201.4 मिमी बारिश बस्ती में हुई। यूपी में आज ऑरेंज अलर्ट है। 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। बिजली गिरने की भी संभावना है।

### राज्य की कई सड़कें अवरुद्ध, उत्तराखंड की राह आसान नहीं

लैंडस्लाइड हर साल ही पहाड़ों के लोगों के लिए बड़ा खतरा होता है। बारिश का मौसम शुरू होते ही पहाड़ दरककर गिरने लगते हैं। संकरे रास्तों को यह पूरी तरह से जाम कर देते हैं, जिसकी वजह से कई बार आगे जाना मुश्किल हो जाता है। कई बार सामने से आ रहे वाहन अचानक इसकी चपेट में आ जाते हैं और बड़ी दुर्घटनाएं तक हो जाती हैं। वर्तमान में राज्य की कई सड़कें अवरुद्ध हैं। ऐसे में इन दिनों उत्तराखंड की राह आसान नहीं है।

### चारधाम यात्रियों से अपील, जहां हैं वहीं रुके

गढ़वाल मंडलायुक्त व चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन ऋषिकेश अध्यक्ष विनय शंकर पांडेय ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार सात एवं आठ जुलाई को गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों में भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। ऐसे में चारधाम यात्रियों से अपील की है कि वे सात जुलाई को ऋषिकेश से आगे चारधाम की यात्रा प्रारम्भ न करें। जो तीर्थयात्री जिस जगह पर यात्रा के लिए पहुंच गए हैं, वे भारी बारिश की संभावना के दृष्टिगत उसी स्थान पर विश्राम करें। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों के जान-माल की सुरक्षा के लिए चारधाम यात्रा स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### आगे कैसा रहेगा मौसम...

- 8 जुलाई को तेलंगाना के अलग-अलग स्थानों पर आंधी, बिजली चमकने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है।
- 8 जुलाई को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, केरल, तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने का अनुमान है।

### बारिश-बाढ़ के लिए योगी की एडवाइजरी

- सीएम योगी ने बाढ़-राहत के लिए एडवाइजरी जारी की है।
- बाढ़ और जल जमाव पर सभी डीएम और नगर निकाय अलर्ट रहें।
- कहीं भी जलभराव नहीं होना चाहिए।
- जिन जगहों पर नदियों में बाढ़ या बारिश से गांवों में पानी भर गयाहै, पीड़ितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए।
- बाढ़ बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।
- आकाशीय बिजली या अन्य प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि के मामलों में 24 घंटे के अंदर मुआवजा दिया जाए।

# नेपाल व सीमावर्ती राज्यों पर इस बार मित्र वन बसाएगी योगी सरकार

- 35 वन प्रभागों द्वारा मित्र वन की स्थापना के लिए स्थानों का किया गया चयन
- हरीतिमा बढ़ाने के लिए पड़ोसी देश व राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करेगा वन विभाग
- यूपी की सीमाओं पर अपनी जमीन पर पौधरोपण के साथ ही दूसरे राज्यों को भी जोड़ेगा वन विभाग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत पड़ोसी देश नेपाल व यूपी के सीमावर्ती राज्यों पर मित्र वन बसाएगी।

### वृक्षारोपण जन अभियान में 35 सीमावर्ती राज्यों पर भी होगा पौधरोपण

सीएम योगी की तरफ से तिथि निर्धारित (20 जुलाई) होने के उपरांत वन विभाग वृक्षारोपण जन अभियान-2024 की सफलता में जुट गया है। इसके तहत यूपी के सीमावर्ती जनपदों में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम भी होगा। सीमावर्ती जनपदों से लगने वाले 35 जनपदों में भी इसकी तैयारी पुरजोर ढंग से की जा रही है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, सोनभद्र, मीरजापुर, प्रयागराज, चित्रकूट, बांदा, महोबा, झांसी, ललितपुर, जालौन, इटावा, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, बागपत व शामली में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारी की जा चुकी है।

### पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के समीप भी पौधरोपण जनअभियान चलाएगी योगी सरकार

योगी सरकार की नई पहल मित्र वन को बसाने के प्रयास में विभाग जुटा है। इसके लिए सीमावर्ती राज्यों के साथ ही मित्र राष्ट्र नेपाल के समीप भी पौधरोपण महाभियान चलाने की कार्रवाई होगी। विगत दिनों एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने नेपाल की तरफ पौधरोपण को लेकर चिंता भी जाहिर की थी। इसे देखते हुए वन विभाग इस बार नेपाल के बॉर्डर वाले सोनौली महराजगंज, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बहराइच, पीलीभीत समेत सभी जनपदों की सीमाओं पर भी मित्र वन स्थापित करेगी। यहां पौधरोपण के दौरान न सिर्फ उत्तर प्रदेश के जनप्रतिनिधि, बल्कि पड़ोसी देश से भी समन्वय स्थापित कर उन्हें इस कार्यक्रम से जोड़ने की पहल की जाएगी।

### मित्र वन की स्थापना के लिए जारी किए गए निर्देश

प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने 35 वन प्रभागों द्वारा मित्र वन स्थापना के लिए स्थान का चयन करते हुए पड़ोसी देश नेपाल व सीमावर्ती राज्य के गणमान्य अतिथियों से कराए जाने वाले पौधरोपण के लिए पौध प्रजातियों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने पौध प्रजाति के चयन में पड़ोसी देश/राज्य के वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उनकी राय प्राप्त करने और पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर इसकी सूचना वन मुख्यालय स्थित कमांड सेंटर को उपलब्ध कराने को कहा है। मित्र वन के साथ ही वृक्षारोपण जनभियान 2024 के अन्तर्गत उक्त के अतिरिक्त प्रत्येक जनपद में शक्ति वन, युवा वन, बाल वन जैसे विशिष्ट वनों की स्थापना के भी निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह ने बताया कि वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत इस बार मित्र वन की स्थापना की जाएगी। यूपी से सटे बिहार, उत्तराखंड, दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत सभी राज्यों के आसपास मित्र वन स्थापित होंगे। इसके लिए विभाग ने सारी तैयारी भी कर ली है।

इसके लिए 35 वन प्रभागों द्वारा स्थानों का चयन कर लिया गया है। सीएम योगी के निर्देश पर 35 करोड़ पौधरोपण के साथ ही हरीतिमा बढ़ाने के लिए वन विभाग पड़ोसी देश व राज्यों भी समन्वय स्थापित कर रहा है।

**यही नहीं,** सीमाओं पर यूपी की जमीन में पौधरोपण के साथ ही वन विभाग दूसरे राज्यों के गणमान्यों को इस महाभियान से जोड़ेगा।

# प्रदेश के 17,342 कारीगर और शिल्पकार हुए प्रशिक्षित

- पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत उत्तर प्रदेश में कारीगरों व शिल्पकारों का हो रहा सशक्तिकरण
- प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न ट्रेड में कारीगरों को बनाया गया दक्ष

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कारीगरों और शिल्पकारों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 21 जनपदों में 17,342 कारीगरों और शिल्पकारों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों की आजीविका में सुधार लाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के अंतर्गत आगरा, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, जौनपुर, झांसी, कौशांबी, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, मऊ, प्रतापगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र और वाराणसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से योगी सरकार कारीगरों का कौशल निखारकर उन्हें रोजगार के साथ ही स्वरोजगार के लिए सक्षम बना रही है।

### विभिन्न ट्रेड में किया गया प्रशिक्षित

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कारीगरों और शिल्पकारों को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित किया गया, जिनमें असिस्टेंट बारबर, सैलून सर्विसेस, असिस्टेंट हेयर ड्रेसर, ब्लैकस्मिथ (लोहार), ब्रिक मेसन, बेसिक, कारपेंटर्स, कंक्रीट मेसन-बेसिक, गोल्डस्मिथ (सुनार), हैमर एंड टूल किट मेकर, प्लास्टर मेसन-बेसिक, पॉटर (कुम्हार), शूजस्मिथ (कॉबलर), टेलर (दर्जी), ट्रेडिशनल मालाकार, ट्रेडिशनल सॉफ्ट टॉय मेकर और वॉशरमैन शामिल हैं।

### प्रदेश के 21 जनपदों में 17,342 कारीगर व शिल्पकार प्रशिक्षित

आगरा अम्बेडकर नगर अयोध्या आजमगढ़ बहराइच बलिया बलरामपुर फिरोजाबाद गौतमबुद्ध नगर गाजियाबाद गाजीपुर जौनपुर झांसी कौशाम्भी लखीमपुर खीरी ललितपुर मऊ प्रतापगढ़ सहारनपुर सोनभद्र वाराणसी ट्रेड असिस्टेंट बारबर- सैलून सर्विसेस असिस्टेंट हेयर ड्रेसर ब्लैकस्मिथ (लोहार) ब्रिक मेसन- बेसिक कारपेंटर्स कंक्रीट मेसन-बेसिक गोल्डस्मिथ (सुनार) हैमर एंड टूल किट मेकर प्लास्टर मेसन-बेसिक पॉटर (कुम्हार) शूजस्मिथ (कॉबलर) टेलर (दर्जी) ट्रेडिशनल मालाकार ट्रेडिशनल सॉफ्ट टॉय मेकर वॉशरमैन

# यूपी के अफसर नहीं बड़े दिलवाले, इजरायल गए श्रमिकों के परिवारों को राशन के लाले

## इजरायली सरकार के आग्रह पर अप्रैल और मई के बीच 6000 से ज्यादा भारतीय श्रमिक पहुंचे इजरायल

- दरअसल, इजरायल और हमास के बीच युद्ध के बाद से इजरायल ने फिलिस्तीनियों से काम लेना बंद कर दिया है
- काम प्रभावित होने पर इजरायल ने भारत से मजदूरों की मांग की थी
- इजरायल गए श्रमिकों की नहीं बन सकेगी फैमिली आईडी, हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं अफसर श्रमिकों के परिजन परेशान





जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के अफसरों के ढुलमुल रवैये की वजह से केंद्र सरकार की पहल पर इजरायल गए यूपी के श्रमिक और उनके परिजन परेशान हैं। सरकारी अमला लकीर का फकीर बना हुआ है। इसकी वजह से इजरायल गए उत्तर प्रदेश के श्रमिकों के राशन पर बन आई है। इजरायल और हमास के बीच युद्ध के बाद से इजरायल ने फिलिस्तीनियों से काम लेना बंद कर दिया है। काम प्रभावित होने पर इजरायल ने भारत से मजदूरों की मांग की थी। इजरायली सरकार के आग्रह पर अप्रैल और मई के बीच 6000 से ज्यादा भारतीय श्रमिक इजरायल में पहुंचे। यह हमास के साथ संघर्ष से पैदा हुए श्रम घाटे से निपटने और निर्माण उद्योग में मदद कर रहे हैं। इजरायली सरकार ने इन श्रमिकों को विशेष एयर शटल विमान के माध्यम से भारत से ले जाया गया। दोनों देशों के गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट (जी2जी) समझौते के तहत भारत से श्रमिकों को इजरायल ले जाया जा गया था।

उत्तर प्रदेश से भी काफी श्रमिकों से श्रम विभाग ने इजरायल जाने की अपील की थी और फार्म भी बांटे थे। लिहाजा यूपी से भी कई श्रमिक इजरायल गए।

उत्तर प्रदेश सरकार एक परिवार एक पहचान के तहत फैमिली आईडी बनवा रही है। जिसके लिए राशनकार्ड में शामिल सदस्यों का ई वेरीफिकेशन कराया जाएगा। जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर है। जिनका ई केवाईसी होगा उन्हें फैमिली आईडी में रखा जाएगा और जिनका ई केवाईसी नहीं हो पाएगा उनका नाम राशनकार्ड से भी हटा दिया जाएगा।

### अफसर जिम्मेदारी से झाड़ रहे पल्ला

व्यवस्था के तहत जो श्रमिक इजरायल गए हैं, उनका नाम राशनकार्ड से काट दिया जाएगा। उनका राशन भी नहीं दिया जाएगा। इस संबंध में एक ज्ञापन भवन निर्माण मजदूर परिषद की ओर से उप श्रमायुक्त कार्यालय सर्वोदय नगर कानपुर नगर को दिया गया तो उन्होंने यह कहते पल्ला झाड़ लिया कि श्रमिक स्वेच्छा से अपना आवेदन करके एवं प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् इजरायल गए हैं। साथ ही, राशनकार्ड से संबंधित कार्य अधोहस्तक्षरी के कार्यालय से संबंधित नहीं है। अब ऐसे में इजरायल भेजे गए श्रमिकों के नाम राशनकार्ड से कटना निश्चित है।

### सरकार खुद कुछ क्यों नहीं करती..?

इस संबंध में एडवोकेट कृष्ण कुमार गौतम का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों के ही पास अपने-अपने राज्य और पूरे देश से इजरायल गए श्रमिकों का ब्योरा है। यह सभी श्रमिक सरकार की पहल पर ही इजरायल गए हैं। ऐसा भी नहीं है कि इन श्रमिकों के लिए वहां आजीवन व्यवस्था है। यह कुछ महीना या एक दो साल के लिए वहां रुकेंगे। सरकार की अपील पर इन्होंने वहां जाने का निर्णय लिया। सरकार अगर चाहे तो इन सभी श्रमिकों का ब्योरा संबंधित विभागों के अफसर को यह निर्देश देकर भेज सकती है कि परिजनों के साथ ही इन श्रमिकों का नाम भी फैमिली आईडी में दर्ज किया जाए। जब श्रमिक सरकार की आवाज पर अपना घर परिवार छोड़कर दूसरे देश जा सकते हैं तो सरकार को भी इन श्रमिकों के हितों की रक्षा करनी होगी।

# उत्तर प्रदेश का पहला ग्लास स्काई वॉक ब्रिज निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

## ग्लासब्रिज सुर्खियों में, निर्माण के पहले ही हो गया ठेका कंपनी को करोड़ों का भुगतान

- निर्माण से पहले मार्च 2023 मे कर दिया गया था पूरा भुगतान
- पहले दरार फिर भुगतान मे अनदेखी का मामला आया सामने, हडकंप

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

रानीपुर टाइगर रिजर्व के तुलसी प्रपात पर बने ग्लास स्काईवॉक ब्रिज इन दिनों सुर्खियों पर है। ग्लास ब्रिज मे दरारें आने के बाद से परत दर परत अधिकारियों के करतूतों की पोल खुल रही हैं। नियमों की अनदेखी कर कार्यदाई संस्था को निर्माण के पहले ही पूरा भुगतान करने का मामला सामने आने के बाद जिम्मेदारों को सवालों के घेरे मे खड़ा कर दिया है।

रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुंडी स्थित तुलसी प्रपात पर बने उत्तर प्रदेश का पहला ग्लास ब्रिज निर्माण पूरा नहीं हुआ है, जबकि कार्यदाई संस्था को 1 वर्ष पूर्व ही पूरा भुगतान कर दिया गया है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भुगतान मे जमकर अनदेखी की गई है,जिससे विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सवालों के घेरे मे हैं। इस ब्रिज का निर्माण पवनसुत कंस्ट्रक्शन कंपनी गाजीपुर को दिया गया है। 3 करोड़ 70 लाख की लागत से इस ब्रिज का निर्माण हो रहा है। पुल निर्माण के शुरूआती दौर मे ही मार्च 2023 मे ठेका कंपनी को 3करोड 70 लाख रूपये का पूरा भुगतान कर दिया गया। जिससे वन विभाग के अधिकारी सवालों के घेरे



मे आ गए हैं। विगत दिनों ग्लास स्काईवॉक ब्रिज मे लगी सीढ़ियों के नीचे दरार आने पर ब्रिज के गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे। लगातार मीडीया मे चल रही खबरों का संज्ञान लेते हुए बीते शुक्रवार को नवागंतुक जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जीएन ने ग्लास ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए हैं। इसकी जांच के लिए जिलाधिकारी ने टीम गठित की है।

### कमीशनखोरी के चलते जल्दबाजी में किया भुगतान

वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ब्रिज का निर्माण शुरु होते ही पूरा भुगतान करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मार्च 2023 मे कार्यदाई संस्था को 3 करोड़ 70 लाख का पूरा भुगतान कर दिया गया था। रिटायर्ड होने के पूर्व ही कमीशनखोरी के चलते जल्दबाजी मे भुगतान किया गया था। ग्लास ब्रिज निर्माण की वित्तीय और भौतिक प्रगति को अनदेखा करते हुए महज एक ही वित्तीय वर्ष के भीतर कई किश्तों में कार्य करा रही कंपनी को पूरा भुगतान दे दिया गया। अब देखना यह होगा कि नवागंतुक जिलाधिकारी ऐसे भ्रष्टाचारियों पर क्या कार्यवाही करते हैं।

### पदोन्नत हुए अफसरों को मिली जिम्मेदारी

रानीपुर टाइगर रिजर्व बनने के बाद से अब तक यहां डायरेक्ट आईएफएस अधिकारियों की तैनाती होने के बजाय पदोन्नत हुए सेवानिवृत्त की कगार पर पहुंचे अधिकारियों को उप निदेशक बनाया गया है। जो समय से अपना मकसद पूरा कर सेवानिवृत्त हो गए। जब तक डायरेक्ट आईएफएस अधिकारी को रानीपुर टाइगर रिजर्व का उप निदेशक नहीं बनाया जाएगा तब तक कार्य प्रगति नहीं पकड़ पाएगा।

## सपा नेताओं ने ट्री मैन को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



समाजवादी पार्टी के पीडीए पौधारोपण सप्ताह के सातवें दिन चित्रकूट के ट्री मैन के नाम से विख्यात 40 हजार पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाने वाले भइयाराम को साल पहना कर, पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश कार्य समित सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि भइया राम जैसे लोगों से समाज को सीख ले कर पर्यावरण को बचाने के लिये संकल्प लेना चाहिये। बिना संसाधन के 40 हजार पौधों की सेवा कर भइया राम ने अपना जीवन इन पौधों के नाम कर दिया। पिछली बार जब मुख्यमंत्री योगी चित्रकूट आये थे तो उन्होंने भइया राम कों 4500 रुपये मासिक मानदेय की घोषणा की थी, किन्तु आज तक उनको कोई मानदेय नहीं मिला। यह सरकार पर्यावरण प्रेमियों को हताश और निराश कर दिया है। सरकार पिछली बार जितने भी पौधे लगाए थे, उनमें से एक भी पौधा जिंदा नहीं बचा। आज जितने भी प्रकृति के संसाधन है, उन सभी का सत्ता संरक्षित माफियाओं द्वारा दोहन किया जा रहा है।

## मजदूर की हत्या के बाद फरार बेटे की लोकेशन दिल्ली में मिली

जन एक्सप्रेस | भरुआ सुमेरपुर(हमीरपुर)

कस्बे के अंदर मृत मिले मजदूर के बेटे की लोकेशन पुलिस को दिल्ली में होने की मिली है। पुलिस की एक टीम दिल्ली रवाना हुई है। पुलिस को आशंका है कि बेटा ही हत्या करके फरार हुआ है। मां ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बीती चार जुलाई को कस्बे के वार्ड संख्या तीन का निवासी धनीराम वर्मा (55) घर में मृत पाया गया था। उसके शरीर पर चोट के गंभीर निशान थे।

घटना की रात उसका छोटा पुत्र धर्मेंद्र कुमार घर पर मौजूद था। लेकिन तड़के यह घर से गायब मिला था। मृतक की पत्नी उमा देवी के शोर मचाने पर हत्या की जानकारी लोगों को हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था। पुलिस के अनुसार सिर में भारी चीज के प्रहार से मजदूर की मौत हुई थी। पुलिस ने मृतक की पत्नी उमा देवी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस को आशंका है कि पुत्र ने ही घटना को अंजाम दिया है और फरार हो गया है। इसकी तलाश के लिए पुलिस ने इसका फोन नंबर सर्विलांस में लगाया है। पुलिस को इसके दिल्ली में होने की लोकेशन मिल रही है। पुलिस की एक टीम दिल्ली रवाना हुई है। बताते हैं कि मृतक ने अपनी पैतृक जमीन बेचकर कुछ रकम हासिल की थी। इसी रकम के बंटवारे को लेकर रात में विवाद हुआ था और तड़के धनीराम मृत मिला था और उसके कमरे से रकम भी गायब मिली थी।

## ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध का सिलसिला इसी तरह निरंतर चलता रहेगा। संगठन के साथ आप लोग भी अपनी मानसिक स्थिति को मजबूत करके इस लडाई को लडने के लिए तैयार हो जाएं। बिना मूलभूत सुविधाओं एवं मांगों पर विचार करने के बाद ही ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश सार्थक हो सकता है। विरोध के इसी क्रम में सांसद से मुलाकात करके संगठन ने ऑनलाइन उपस्थिति के संदर्भ में अपना विरोध व्यक्त किया। अन्तर्जनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय ने कहा कि यह व्यवस्था केवल बेसिक के शिक्षकों पर ही लागू की जा रही है।



प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेल तूफानी ने कहा कि अध्यापकों का कार्य क्षेत्र उनके निवास से 50 से 60 किलोमीटर तक की दूरी पर है। ऐसी स्थिति में एक ही समय पर पूरे सत्र प्राकृतिक आपदाओं का सामना करते हुए उपस्थित हो पाना संभव नहीं है। जिलाध्यक्ष मनोज सोनी ने कहा कि जब तक हाफ सीएल, ईएल, चिकित्सा व्यवस्था एवं सामूहिक बीमा की व्यवस्था नहीं होती तब तक ऑनलाइन उपस्थिति किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगी। वर्तमान स्थिति में यह आदेश बिल्कुल निरर्थक है और संगठन इस वर्तमान व्यवस्था का विरोध करता है।

इस मौके पर जिला महामंत्री बी के मिश्रा, मोतीलाल सिंह, प्रद्युम्न, नवनीत निगम, रामचरित मिश्र, सुंदरलाल, राजेश कुमार, परमानंद, राजाराम, रामबाबू प्रजापति, पवन प्यासी, कुशल सिंह आदि मौजूद रहे।

## अभियान चलाकर कामदगिरि पर्वत को किया जा रहा कचरा मुक्त: राकेश केशरवानी

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कामदगिरि स्वच्छता समिति द्वारा 121 वां स्वच्छता अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार महत्वपूर्ण योजना है। देखा जाए तो अपने आसपास साफ सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका राकेश केशरवानी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक विशेष सफाई अभियान है। जिसके माध्यम से कामतानाथ पर्वत के किनारे पिछले कई वर्षों से जमे हुए कचरे को इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से



साप्ताहिक अभियान चलाकर भगवान कामतानाथ के पर्वत को कचरा मुक्त किया जा रहा है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम सफाई के प्रति जागरूक हो, जगह-जगह कचरा न फैलाएं, साफ सफाई का ध्यान रखें। जिला प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत एक अभियान नहीं एक मिशन है। जिसके द्वारा कामतानाथ परिक्रमा को स्वच्छ किया जा रहा है। इस मौके पर कृष्णा शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिला हत्याकांड का शातिर आरोपी महज 10 घंटे में गिरफ्तार कर किया खुलासा

जन एक्सप्रेस | उरई

डकोर कोतवाली क्षेत्र के महिला हत्याकांड मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए महज दस घंटे के अंदर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम मुहम्मदाबाद निवासी बलीराम बरार की पत्नी देवा देवी शुक्रवार की शाम को घर से नित्य क्रिया जाने की बात कह कर खेतों की ओर गई थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी, तो रात में उसके पुत्रों व पति ने काफी खोजबीन की थी। लेकिन उसका कही भी पता नहीं चला। काफी खोजबीन करने के बाद पता न लगने पर परिजनों ने खबर पुलिस को दी थी। शनिवार की सुबह गांव के बाहर ही रोड किनारे खंदक में महिला का शव पड़ा मिला था। जिसके गले में निशान था। जिससे पता चल रहा था कि महिला की गला घोंट कर हत्या की गई है। महिला के पति बलीराम बरार ने गांव के ही ग्यासी बरार पर उसके घर आने जाने के कारण पत्नी के साथ दोस्ती होने और हत्या करने का शिकायती पत्र पुलिस को दिया था। इसके बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस की कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने महिला की हत्या करना कबूल किया। जिसमें बताया कि महिला ने उससे बात करना और मिलना जुलना बंद कर दिया था। जिसके चलते शुक्रवार शाम उसने बहाने से महिला को बुलाया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी।

## लाखों रूपए की चोरी कर चोर हुए रफूचक्कर

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र ग्राम दहगुवां में अज्ञात चोर घर में घुसकर लगभग ढाई लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण व नकदी चुरा ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के दहगुवां निवासी छोटेलाल कुशवाहा का पूरा परिवार घर में सो रहा था। शनिवार की रात को चोर शौचालय के रास्ते छत पर पहुंच गए व छत से घर में घुसकर अलमारी व बक्से के ताले तोड़कर घर में रखे ढाई लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण चुरा ले गए। साथ ही करीब 30 हजार रुपये की नकदी भी थी। रविवार की सुबह जब गृहस्वामी जागे तो अलमारी व बक्शे खुले देख चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनके पुत्र शुभम की शादी थी। घर में उसकी पत्नी के जेवरात मंगलसूत्र, अंगूठी, चूड़ियां, मनचली, पायल आदि रखे थे। इसके साथ ही गांव के लल्लूराम की बहू के जेवरात व नकद रुपये रखे थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल की जांच की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पटेल ने कहा कि चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## कांग्रेसियों ने किया नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट





जिला कांग्रेस समिति चित्रकूट के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी की सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल का स्वागत समारोह धतूरहा चौराहा स्थित रेस्टोरेंट हाल में किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने सांसद को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल का जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया ने माला पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने कहा कि वह सबके बीच की हैं, आपके बीच हमेशा संघर्ष में खडी रहेंगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनता एवं इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी दिन-रात मेहनत की है, तभी सफलता मिली। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करते हुए इंडिया गठबंधन की 2027 में प्रदेश में सरकार बनानी है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि सभी इंडिया गठबंधन के साथियों ने मदद की है। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने सांसद को कामतानाथ का चित्र देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे नेता राहुल गांधी सदन में आम जनता के हितों की लड़ाई लड रहे हैं, उस लड़ाई को जनपद में सभी कार्यकर्ताओं को किसान, व्यापारी, मजदूर, युवा के हितों के लिए संघर्ष करना है। पीसीसी सदस्य सतनारायण कोल ने कहा कि आदिवासियों के हितों की लडाई कांग्रेस पार्टी लड़ती है। आदिवासी समाज इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का काम करेगा। जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि किसान एवं जनता की मांग सदन में उठाएं। किसान कांग्रेस के राजेश पटेल ने कहा कि जब तक किसानों को फसलों का उचित दाम नहीं मिल जाएगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा। जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि जिस तरह से जनता ने इंडिया गठबंधन को जिताया है, हम सभी को जनता के हितों के लिए खडे रहना है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, अवधेश, राकेश, हेमराज त्रिपाठी, शिव गुलाम वर्मा, मेनका कोल, जिला महासचिव बोधन, कालीचरण राजपूत, तीरथ सिंह, राम त्रिपाठी, पूर्व प्रधान राम अवतार, सत्यनारायण कोल, रणजीत सिंह, सविता पाल, अजीत कुमार शुक्ला, अरुणेंद्र मिश्रा, शिव शंकर खंगार, कामता द्विवेदी, दिवाकर त्रिपाठी, अजय द्विवेदी, भोला नामदेव, कंचन पटेल, प्रदीप पटेल, कमलाकांत शुक्ला, चुनवाद प्रसाद, सेवादल अध्यक्ष रामेश्वर गौतम, गिरिजा देवी, उधो विश्वकर्मा, कुलदीप मिश्रा, धीर सिंह, रामस्वरूप पटेल, महेंद्र सिंह, सूर्य विलास दुबे, राम हरि तिवारी, राजेंद्र त्रिपाठी, बाबूलाल पासी, इंद्रजीत उपाध्याय, राजेश कोल, भोला नामदेव, रमाकांत त्रिपाठी, पूर्व प्रधान हरिओम पांडये, समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सतनारायण पटेल, हीरालाल पटेल, डॉ अंकुर पटेल, अजीत पटेल आदि मौजूद रहे।

## डीएम एसपी ने जिला शांति समिति की बैठक की





जन एक्सप्रेस | उरई

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर रविवार शाम विकास भवन रानी लक्ष्मी बाई सभागार में जिला शांति समिति की बैठक की। डीएम ने कहा कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से ताजिये की ऊंचाई अधिक न रखें, और कोई भी नई परंपरा नहीं शुरू होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई होगी।

बैठक में डीएम ने कहा कि सभी त्योहार को सादगी के साथ मनाएं पर्व भाईचारे का संदेश देते हैं। सभी लोगों ने जनपद में शांति व्यवस्था के साथ पर्व मनाए जानें का आश्वासन दिया। डीएम ने कहा कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी ताकि यदि को समस्या आती है तो उसका समय रहते समाधान किया जा सके। बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्धजनों, धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील की। साथ ही कहा कि यह आपका ही नहीं बल्कि हम सबका त्योहार है। अफसरों से कहा कि त्योहार से पहले सभी सड़कों को दुरुस्त करा दिया जाएगा। किसी भी समस्या आने पर उन्हें या एसडीएम-सीओ को सूचित कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। एसपी डॉ. ईरज राजा ने अपील किया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहारों को मनाएं। इस मौके पर सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम न्यायिक जुबेर बेग, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, एएसपी असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, सदर एसडीएम हेमंत पटेल, एसडीएम कोंच ज्योति सिंह, सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, सीओ कालपी देवेंद्र पचौरी, सीओ कोच उमेश कुमार पांडेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति/डिजिटाइजेशन के विरोध में 8 को ज्ञापन देगा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

जन एक्सप्रेस | उरई

- प्रांतीय आवाहन पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपेंगे

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक 8 जुलाई सोमवार को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे।

प्रदेशीय मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने एक प्रेसवार्ता के माध्यम से बताया कि संगठन के प्रदेशीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में प्रदेश के समस्त जिलों में एक साथ 8 अगस्त को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बेसिक शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति/डिजिटाइजेशन में आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर करने के बाद ही इस व्यवस्था को लागू करने की मांग की जाएगी।जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि ज्ञापन सौंपने हेतु सैकड़ों शिक्षक सोमवार को विद्यालय समय के उपरांत कलेक्टर परिसर में एकत्रित होंगे। जिला महामंत्री इलयास मंसूरी ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों से अपील की है कि ज्ञापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु समय से पहुंचें।

## राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनैतिक भागीदार मंच ने एसपी को भेजा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | भरुआ-सुमेरपुर (हमीरपुर)

राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनैतिक भागीदार मंच ने कस्बे में अंकित सोनी उर्फ मोंटी सोनी हत्याकांड में स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर संदेश जताते हुए घटना की जांच सीआईडी या सीबीआई से कराने का मांग पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंप कर पीड़ित परिवार की सुरक्षा की मांग की है। राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनैतिक भागीदारी मंच ने जिलाध्यक्ष बसंत सोनी ने छह जुलाई को पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा को भेजें चार सूत्री ज्ञापन में स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्पष्ट किया है कि घटना के सात दिन गुजर जाने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं



किया है। नामजद आरोपी मृतक के माता-पिता को धमका रहे हैं। ज्ञापन में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, मृतक द्वारा मृत्यु पूर्व बनाए गए वीडियो के बयान के आधार पर आरोपियों से रुपए वापस कराने, थानाध्यक्ष द्वारा किए गए दुर्व्यवहार एवं घटना की जांच सीआईडी/सीबीआई से कराने एवं मृतक परिवार की सुरक्षा पुख्ता किए जाने की मांग की गई है। उधर आरोपी प्रेमिका की मां बबली मिश्रा को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने पूछताछ के बाद रिहा कर दिया है। घटना के सात दिन गुजर जाने के बाद सभी नामजद आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें बनाई गई है। दोनों टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

## मोहर्रम में कर्बला के शहीदों की याद में नेकियां कर गरीबों मज़लूमों की मदद करें: इरशाद

जन एक्सप्रेस | कालपी

प्रमुख शिक्षण संस्थान दारुल उलूम गौसिया मजीदिया मदरसा के प्रबन्धक तथा इस्लामिक विद्वान हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि इस्लामी साल का ये पहला महीना है। जिसे मुहर्रम उल हराम के नाम से जाना जाता है। और हमारा साल शुरु भी कुर्बानी से होता है और खत्म भी कुर्बानी पर होता है। यानी साल का पहला महीना 10 मोहर्रम शरीफ को मैदाने कर्बला में इस्लाम के शहीदों ने अपनी कुर्बानी पेश की और साल के आखिरी महीने बकरीद में भी 10 तारीख को कुर्बानी पेश की गई। उन्होंने बताया कि अल्लाह का बड़ा एहसान करम है कि उसने हम लोगों को मोहर्रम जैसा अजीम (महान) महीना अता फरमाया हजरत इमाम हुसैन ने अपने नाना मुहम्मद मुस्तफा



सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के दीन को बचाने की खातिर अपने साथ सब घर वालों को व साथियों को दीने मुहम्मदी की राह में मैदाने कर्बला में अपनी जानों को कुर्बान कर दिया और उन्होंने ये पैगाम दे दिया कि कभी भी जुल्म करने वाले के आगे झुकना नहीं हक की राह में लड़ते रहना चाहिए। दारुल उलूम के प्रिंसिपल मुफ्ती तारिक बरकाती ने कहा कि कर्बला वालों की शहादत को हम लोगों को चाहिए कि ऐसे मनाए जो इस्लाम व शरीयत के खिलाफ ना होने पाए।

## सपा सांसद का कस्बे में हुआ भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस | भरुआ-सुमेरपुर (हमीरपुर)

निर्वाचित होने के बाद पहली मर्तबा कस्बे में आए सांसद अजेंद्र सिंह लोधी का सपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। सांसद ने कहा कि पीडीए कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्योंकि चुनाव जीतने में पीडीए कार्यकर्ताओं का अहम योगदान है। इस अवसर पर सपा व्यापार सभा जिलाध्यक्ष ने कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सांसद अजेंद्र सिंह लोधी का रविवार को स्टेशन मार्ग में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, सपा नगर अध्यक्ष सभासद रामगोपाल बजाज, अमिलिया में सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी, डा. इमाद के आवास में फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत से गदगद सपा सांसद ने कहा कि पीडीए कार्यकर्ताओं का किसी भी दशा में उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने डा. भीमराव अंबेडकर व महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि बाबा साहब के संविधान को सपा आंच नहीं आने देगी। इस अवसर पर सपा नेता नंदकिशोर शिवहरे, जिलाध्यक्ष इदरीस खान, शिवशरण यादव, पुष्पेंद्र यादव, मुन्नीलाल निषाद, घनश्याम साहू, ओपी वारसी, रामप्रकाश यादव, शिवगोपाल यादव



शिवा, विवेक यादव, अली खान, रविशंकर वर्मा, गोपाल बजाज, सोनिया सोनी, सबीना खातून, स्नेहा प्रजापति, शिवनारायण पाल, सुरेंद्र सिंह यादव, मानसिंह पाल, लक्ष्मण पाल, महेश पाल, रणविजय यादव, अनार सिंह, लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष युगांक मिश्रा, नरेंद्र कुमार पाल, आलोक कबीर, जगमोहन यादव, संजय यादव, देवसिंह यादव, मानसिंह खंगार, रणबहादुर यादव आदि सपाई मौजूद रहे। इसके बाद सांसद ने पावर हाउस का निरीक्षण कर अवर अभियंता को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाने के कडे निर्देश दिए है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 29.8 (-4.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.8 (-2.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 92 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 86 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.9 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 12.6

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कंपू की जनता देखना चाहती है नसीम सोलंकी वर्सेस नजीर फातिमा का चुनावी मैच

❋ अखिलेश यादव के द्वारा नसीम सोलंकी को उपचुनाव का प्रत्याशी घोषित करने के बाद चर्चा में आ रहा नजीर फातिमा का नाम

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर







**कानपुर नगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा कानपुर नगर के सीसामऊ विधानसभा से विधायक रहे इरफान सोलंकी को आगजनी मामले में सजा होने के बाद उपचुनाव के लिए इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी को विधायक प्रत्याशी का चुनाव लड़ने की अनुमति प्रदान कर दी है। श्री यादव के द्वारा नगर अध्यक्ष फजल महमूद को निर्देशित कर नसीम सोलंकी को खबर देने की बात कहते हुए पुरी की पूरी टीम सक्रिय करने की भी बात कही गई है। जैसे ही नसीम सोलंकी को उपचुनाव में समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी घोषित होने की खबर चर्चा में आई तो इरफान को जेल भिजवाने वाली पीड़ित बेवा महिला नजीर फातिमा के लिए भी चर्चाएं आम हो गई हैं। अधिकतर लोग अब यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि नजीर फातिमा को भारतीय जनता पार्टी अगर प्रत्याशी बनाए तो इस सीट से सपा की बादशाहत खत्म हो सकती है।

विदित हो कि कानपुर नगर से सपा के बाहुबली अजेय विधायक इरफान सोलंकी ने आईएएस से लेकर आईपीएस अधिकारियों की तक को हिला रखा था। अक्सर विधायक अपनी गुंडागर्दी और अपने गैंग के गुंडो के द्वारा किए गए कारनामों से चर्चित रहता था। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिकल छात्रों का भविष्य बर्बाद करने का प्रयत्न करने वाला विधायक इरफान सोलंकी ही था। इसके गैंग के सदस्य दिनदहाड़े मुस्लिम क्षेत्रों में घरों पर कब्जा करते थे।

विधायक इरफान का एक साइलेंट पार्टनर आज भी मुस्लिम क्षेत्रों में जमकर अभी भी कब्जे कर रहा है लेकिन उसे खाकी वर्दी वालों का संरक्षण है। विधायक ने अपने गैंग के सदस्यों के संग मिलकर थाना जाजमऊ क्षेत्र स्थित उसके पैतृक मकान के ठीक बगल में रहने वाली नजीर फातिमा नाम की बेवा का झोपड़ा जला दिया था। लेकिन इस बार उसके ऊपर योगी सरकार भारी पड़ गई।

विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत उसके गैंग के सदस्यों को बेवा नजीर फातिमा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा और अभी हाल ही में 7 जून को 7 साल की सजा भी उसे सुना दी गई है। नियमानुसार 2 साल से अधिक की सजा होने के बाद विधायक अथवा सांसद हो उसे अपने पद से हाथ धोना पड़ता है। विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने के बाद अब सीसामऊ विधानसभा पर उपचुनाव होने के कयास लगने शुरू हो गए हैं। ऐसे में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को सीसामऊ की सीट का उम्मीदवार बनाया है।

**नजीर फातिमा के लिए जनता में चर्चा**
बीते दिन कानपुर नगर समेत आसपास के जनपदों में खास करके मुस्लिम क्षेत्रों में नसीम सोलंकी को विधायक प्रत्याशी बनाने की चर्चा के बाद यह चर्चा भी जमकर हुई की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के बड़े पदाधिकारी को नजीर फातिमा को सीसामऊ विधानसभा से चुनाव का टिकट दिए जाने पर चर्चा जरूर की जानी चाहिए क्योंकि इरफान सोलंकी को अगर कोई मात दे सकता है तो वह नजीर फातिमा जैसा ही प्रत्याशी दे सकता है।

# घाटमपुर के अधूरे आसरा आवास सरकारी योजना का खुला उपहास

जन एक्सप्रेस । डॉ. हर नारायण मिश्र



**कानपुर नगर।** डूडा द्वारा घाटमपुर में बनाये गए 840 आवास दो पंचवर्षीय योजनाएं बीत जाने के बाद भी अधूरे होने के कारण जरूरतमंदों को सौंपे नहीं जा सके हैं। खाली पड़े अस्त व्यस्त आवासों में असामाजिक तत्व डेरा डाले हुए हैं। एक ओर जहाँ मोदी और योगी की कल्याणकारी योजना साकार नहीं हो पा रही हैं तो वहीं दूसरी ओर अक्षम व लापर?वाह डूडा विभाग अधूरे आवासों को पूरा करने के लिए नए बजट के आने का राग अलाप कर अपनी कमजोरियां छिपा रहा है।

विदित हो कि डूडा द्वारा नगर स्थित जहानाबाद रोड पर 840 आसरा आवासों का निर्माण किया गया था। पिछले 11 सालों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ये आवास जिनके सिर के ऊपर छत नहीं है उन जरुरतमंदों को नहीं दिए जा सके हैं। विगत फरवरी वर्ष 2023 में निर्माणी इकाई के अधिकारियो के द्वारा उक्त आवासों को पूरी तरह बना कर जनता को सौंपने की घोषणा भी की गयी थी किन्तु डेढ़ साल व्यतीत होने के बावजूद भी इन आवासों का अधूरा पड़ा रहना निर्माणी इकाई के उदासीनता पूर्ण रवैए का परिचायक है। इन आवासों के निर्माण में डूडा सीएनडीएस जल निगम ने भी अपना काम करके देने की जगह पल्ला झाड़ लिया है।

आने वाले समय में शासन के द्वारा मिलने वाली धनराशि की प्रतीक्षा के बहाने डूडा व अन्य सहभागी विभाग अपूर्ण आवासों को ही आवंटित करके सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व जनता के साथ छलावा कर रहे हैं।

# गार्ड को बंधक बनाकर सरिया लूटने वाले लुटेरों को दबोचा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना महाराजपुर क्षेत्र स्थित निर्माणधीन शोरूम के गार्ड को डरा धमका कर दस टन सरिया लूटने वाले तीन आरोपी महाराजपुर पुलिस स्वाट स्वात व सर्विलांस टीम के द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। पकड़े गए आरोपियों से चोरी की डीसीएम समेत लूट का सामान समेत बरामद कर लिया गया है। कोर्ट में पेश कर तीनों को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को पचास हज़ार का इनाम दिया गया है।

**आरोपियों ने गार्ड को बना लिया था बंधक**
थाना महाराजपुर अंतर्गत गांधीग्राम चकरी निवासी अखंड प्रताप सिंह का बाबा होंडा के नाम से शोरूम है। आईटीबीपी के पास हाईवे किनारे जमीन खरीद कर नया शोरूम का निर्माण करवा रहे थे। निर्माण के लिए सरिया खरीदी थी। 29 जून की रात आरोपियों ने गार्ड सिंटू सक्सेना को बंधक बनाकर डीसीएम में दस टन सरिया लाद कर ले गए। गार्ड ने घटना की जानकारी शोरूम मालिक को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे शोरूम मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस में शोरूम मालिक की तैयारी पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जानकारी में जुट गई।

**खुलासे के लिए बनाई गई स्पेशल पुलिस टीम।**
महाराजपुर इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडे ने बताया घटना का खुलासा करने के लिए डीपी पूर्वी के निर्देश पर पुलिस टीम में बनाई गई पुलिस ने स्वाद व सर्विलांस टीम की मदद से आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज निकलवाए। शनिवार की शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस व क्राइम ब्रांच के साथ पीएसी मोड़ छप्पन भोग चौराहे से अभियुक्त मेहताब हुसैन ऊर्फ राजू उम्र 44 वर्ष निवासी गाज़ीपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

**लूटी गई सरिया पुलिस ने की बरामद**
पुलिस की पूछताछ में आरोपी मेहताब हुसैन ऊर्फ राजू ने बताया विजय प्रकाश साहू उम्र 50 वर्ष और कुलदीप वर्मा उम्र 40 वर्ष सहित सलीम उसके साथी थे। इसके बाद महाराज पुलिस ने अभियुक्त मेहताब हुसैन की निशानदेही पर विजय प्रकाश साहू व कुलदीप वर्मा को लूटी गई सरिया के साथ पकड़ लिया। जिनके पास एक डीसीएम, 40 कुंटल सरिया 32000 रूपए नगद व मोबाइल बरामद हुए हैं।

**अलग-अलग जनपदों में आरोपियों के खिलाफ दर्ज हैं मुकदमे**
डीपी पूर्व श्रवण कुमार ने बताया गिरफ्तार किए गए आरोपी निर्माणधीन मकान वह हाईवे किनारे स्थित सरिया की दुकानों से लोहे की सरिया चुरा लेते थे। उसे बाजार में बेचकर मुनाफा कमाते थे। जिनके खिलाफ पहले से कानपुर व फतेहपुर जनपद के थाना में लूट चोरी डकैती सहित कई धाराओं में मुकदमे दर्ज है।

# विश्वविद्यालय के परिसर में अनेकों प्रकार के पौधों का किया गया रोपण



जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य पर्यावरण प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से लड़ना है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ हवा मिल सके। कुलपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है, हम सभी लोगों को कम से कम एक वृक्ष लगाकर उसकी देखरेख करनी चाहिए। तभी हम इस तपती हुई गर्मी से बच सकेंगे। हम सभी को अधिक वृक्ष लगाकर बढ़ते तापमान को रोकना है। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.मुनीश कुमार ने बताया कि मौलश्री, नीम, चितवन, गुलमोहर, तिकोना, अशोक पेंडुला एवं अर्जुन सहित लगभग 250 से अधिक पेड़ विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए।इस अवसर पर शस्य विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ.जफर सिद्दीकी, डॉ.सर्वेश कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य एवं छात्र मौजूद रहे।

# भगवान जगन्नाथ की यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़ में हर वर्ष की तरह इस बार जगन्नाथ भगवान की भव्य रथ यात्रा निकली ,यात्रा में सैकड़ो की संख्या में भक्त शामिल रहे।भीतरगांव क्षेत्र के बेहटा बुजुर्ग गांव में प्राचीन गुप्तकालीन जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह के बाहर रविवार दोपहर जब मंत्रोचार और शंख घड़ियाल की धुन के साथ भगवान जगन्नाथ की आरती शुरू हुई तो मंदिर परिसर श्रृद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठा।भगवान जगन्नाथ का आह्वाहन करके उनकी प्रतिमा को रथ में स्थापित किया गया इसके बाद बैंड बाजा और डीजे की धुन में रथ यात्रा को गांव की प्रमुख गलियों में घुमाया गया।भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में आस्था का उमड़ा जनसैलाब देखते ही बनता था।भ्रमण के दौरान रथयात्रा पर जगह जगह फूलों की वर्षा की गई।

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा प्रतिवर्ष आषाढ़ मास में शुक्ल पक्ष की द्वितीया को निकाले जाने की परंपरा है बेहटा बुजुर्ग में निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ की पूजा करके भोग लगाया गया महिलाओं ने छतों के ऊपर से रथयात्रा पर फूलों की वर्षा की। श्री जगन्नाथ जी सेवा कमेटी के अध्यक्ष अमुख सिंह, केपी शुक्ला( पुजारी) कोषाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, सोनू सिंह, प्रांजुलबाजपाई, गोलूशुक्ला, अखंड प्रताप सिंह, अभय कछवाह, हरी ओम सिंह, बालक कुशवाहा, शामिल रहे।

**हर कोने पर पुलिस की पैनी नजर**
रथयात्रा जो परम्परा कई वर्षो से चली आ रही जिसमे कुछ भक्तो के द्वारा सम्पूर्ण योगदान दिया जाता है इस यात्रा में पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहता है और पुलिस की डर की वजह से कोई भी शख्स उत्पात नही मचा सकता है। और पुलिस की हर कोने में पैनी नजर रही जिससे उत्पातियों के हाथ पांव फूले।

# युवा सामाजिक संस्था ने किया पौधों का रोपण

कानपुर नगर



युवा सामाजिक संस्था के केंद्रीय कार्यालय पर कल एक बैठक हुई जिसमें हर रविवार को पर्यावरण को मजबूत करने के लिए पेड़ लगाए जाने का निर्णय लिया गया। संस्था के पदाधिकारीगणों के नेतृत्व में 45 पेड़ बर्रा, 5 बर्रा 8 शास्त्री नगर ऐसी जगहों पर पेड़ लगाए गये जिसमे क्षेत्र के लोगो का सहयोग मिला क्षेत्रीय लोगो के द्वारा बधाई भी दी गई। अध्यक्ष राकेश सिद्धार्थ ने बताया है कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने हेतु संस्था पुनः आने वाले रविवार को पौधों को रोपित करेगी। इस जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिद्धार्थ अधिवक्ता, कोषाध्यक्ष विनय कुमार, प्रदेश सचिव मो.काशिफ रंगरेज, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार, मंडल उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष शुशील कुमार, उपाध्यक्ष विवेक कुमार, जिला उपाध्यक्ष पूजा कुमारी, जिला कार्यकारिणी, जिला सदस्य मोनू कुमार, जिला सदस्य पवन कुमार उपस्थित रहे।

# संस्था ने पेड़ों को लगाने का संकल्प किया पूरा



❋ इस क्रम में एक नया संकल्प लेते हुए 2100 वृक्ष लगाने का नया संकल्प लिया गया।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

एक संकल्प हरा भरा कानपुर, एक लक्ष्य 1111 पेड़ लगाने का संकल्प संस्थापिका उन्नति सेवा संस्थान मीनाक्षी गुप्ता ने जो लिया था उसे 44 दिन में पूर्ण कर लिया है कल ग्रैंड सेरेमनी लक्ष्मी पैलेस राम कृष्ण नगर में मनाते हुए सभी सहयोगी सदस्यों और पार्क में उपस्थित मॉर्निंग वॉकर का सम्मान किया और इस क्रम में एक नया संकल्प लेते हुए 2100 वृक्ष लगाने का नया संकल्प लिया गया। सभी विधायक गण द्वारा संस्था के सदस्यों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर प्रमुख रवींद्र पाटनी, कानपुर लोकसभा सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार दीदी, एमएलसी विधायक सलिल विश्नोई, जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा आदि द्वारा सभी का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के सहयोगी सदस्य हनी भाटिया, स्वाति दिवाकर, सुधा ब्रह्म, पम्मी, निकिता, श्रुति, सुमितजी, अमित चड्ढा आकांक्षा, अभिषेक अंकुर उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मोनिका वैश्य द्वारा किया गया

**फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामिया को दबोचा**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना हरबंस मोहाल पुलिस को एक बड़ी सफलता उस समय हाथ लगी जब काफी दिनो से पुलिस की गिरफ्त से दूर रहे 25000 इनामिया सुनील दुबे को पुलिस ने धर दबोचा है और उसके पास से एक देशी तमंचा दो कारतूस एक मोटर साइकल सहित घड़ी बरामद हुई है। जानकारी के डीसीपी श्रवण कुमार ने बताया की सुनील कुमार दुबे एक शातिर अंतर्राजीय अपराधी है इस पर अब तक 35 मुकदमे दर्ज हैं ।पकड़ा गया अभियुक्त रेलवे में यात्रा के दौरान लोगो से या खास तौर पर आर्मी वालो से संपर्क बढ़ा मेल जोल कर लेता था ऐसे ही थाना हरबंस मोहाल में फरवरी माह एक आर्मी वाले को अपना शिकार बनकर होटल में ले जाकर कमरा लिया और बीयर पीकर जब आर्मी वाला नहाने चला गया तो उसका सारा समान लेकर भाग गया। मई में थाना कलेक्टर गंज इलाके में भी आर्मी के साथ घटना की गई ।इसकी पुलिस टीम लगातार खोज रही थी कभी कदार एक टीम को वापस बुलाकर दूसरी टीम भेजना पड़ता था ।क्योंकि अभियुक्त मोबाइल और सिम बहुत तेज बदल देता था जिससे पुलिस को लोकेशन ट्रेस करने दिक्कत होती थी ।पुलिस टीम ने कड़ी मशकत के बाद इसे गिरफ्तार किया है।

# गैंगस्टर के आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

**कानपुर नगर।** बिठूर सहित पनकी, कल्याणपुर क्षेत्र में प्लॉट मालिकों से रंगदारी अवैध वसूली करने के मामले में दो आरोपियों पर बिठूर थाने में गैंगस्टर की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। लेकिन पुलिस इन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है जबकि आरोपी पनकी से अपना आशियाना छोड़ कर रावतपुर को अपना आशियाना बनाए हैं। ऐसे अपराधी खुलेआम घूम तो रहे ही हैं, जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करते हैं और रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी देकर पीडितों को डराते भी हैं। मकसूदाबाद निवासी पीड़िता दीपिका पाल ने इसी साल मार्च में पनकी निवासी विनीत पांडेय और उसके जीजा विजय कुमार त्रिपाठी पर प्लाट पर कब्जा कर जबरन रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था जिसमें बिठूर पुलिस कई दिनों तक दौड़ाती रही। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा लिख कर जेल भेजा। वहीं कल्याणपुर में भी जगत यादव के प्लॉट पर जबरन कब्जा कर रंगदारी मांगी जिसके बाद दोनो पर कल्याणपुर थाना पुलिस ने मुकदमा लिखा। विजय त्रिपाठी पर पूर्व में एक हत्या का आरोप है। डेढ़ माह पूर्व दोनों जेल से छूट कर आए हैं।जिसके बाद पुलिस ने इनके अपराधिक इतिहास को देखते हुए गैंगस्टर की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अब आरोपी अपने मूल पते से फरार चल रहे हैं।अगर बिठूर पुलिस दोनों के जेल में रहते गैंगस्टर की कार्यवाही करती तो आरोपी आज सलाखों के पीछे होते और पुलिस को इन्हें ढूंढना नहीं पड़ता। हालांकि दोनों आरोपी थाना रावतपुर के केशव नगर में रह रहे हैं।

# 12 जुलाई को दिव्यांग कानपुर से मुख्यमंत्री आवास के लिए करेंगे कूच

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की बैठक शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में रविवार को आयोजित हुई। बैठक में दिव्यांगजनों की रिपोर्ट दर्ज न होने पर नाराजगी जाहिर की गई और 12 जुलाई से न्याय दिलाओ-भ्रष्टाचार मिटाओ पदयात्रा कानपुर से मुख्यमंत्री आवास तक निकालने का निर्णय लिया गया है। इसके लिये प्रति दिन का कार्यक्रम तय कर लिया गया। 12 जुलाई को शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क से पदयात्रा शुरू होगी और पाण्डु नगर नहर, जेके मंदिर, स्वरूप नगर, वी आई पी रोड, ग्रीन पार्क, सरसैय्या घाट, फूलबाग, शुक्लागंज नयापुल, मगरवारा होते हुए उन्नाव बाई पास पर रात्री विश्राम करेगी,13 जुलाई उन्नाव बाई पास से दही चौकी होते हुए नवाबगंज बाई पास पर रात्री विश्राम 14 जुलाई नवाबगंज बाईपास, नवाबगंज टोल प्लाजा, सोहरामऊ, बनी होते हुए बन्थरा बाईपास पर रात्री विश्राम, 15 जुलाई बन्थरा बाईपास, अमौसी, आलमबाग नहरिया, चारबाग, हजरतगंज होते हुए 5 कालिदास मार्ग मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन के बाद समाप्त होगी राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों की रिपोर्ट थानों में दर्ज नहीं हो पा रही है। जिससे दिव्यांगजन के उत्पीड़न के मामलों का समाधान नहीं हो पा रहा है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों के उत्पीड़न के मामलों में कार्यवाही न होने से भारी रोष व्याप्त है। थाने स्तर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेशों का अनुपालन नहीं हो पा रहा है। जांच के नाम पर पुलिस फर्जीवाड़ा कर रही है। जिसकी वजह से 12 जुलाई को न्याय दिलाओ-भ्रष्टाचार मिटाओ पदयात्रा कानपुर से मुख्यमंत्री आवास तक निकालने का निर्णय लिया गया है। अगर पुलिस प्रशासन समय रहते दिव्यांगजनों को न्याय नहीं देता है तो पूरे प्रदेश के दिव्यांग मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर अपना विरोध प्रकट करेंगे।

# मुख्य सचिव ने कांवड़ यात्रा श्रावण झूला मेला-2024 की तैयारियों के सम्बंध में की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा/श्रावण झूला मेला-2024 की तैयारियों के सम्बंध में जनपद अयोध्या से विकास प्राधिकरण सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार, मण्डलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल, मण्डलायुक्त देवीपाटन शशिभूषण लाल सुशील, मण्डलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी अयोध्या नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, अपर आयुक्त प्रशासन अजय कान्त सैनी सहित सम्बंधित विभागों के मण्डल एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे तथा देवीपाटन, बस्ती व अयोध्या मण्डल के जिलाधिकारीगण व पुलिस अधीक्षक गणों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने बैठक के दौरान निर्देश दिये कि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये इसका जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग विशेष रूप से ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सावन झूला मेला क्षेत्र एवं कांवड़ यात्रा मार्गों पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय इसके लिए शासन द्वारा 1500 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था की जा रही है तथा मार्गों के गड्ढे, खराब



सड़के, मार्ग जलभराव आदि को भी यथाशीघ्र सही कराया जाय और इसका वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लिया जाय, की सभी मार्ग पैदल यात्रा करने वालों के लिए अनुकूल है और यह व्यवस्था अयोध्या के साथ साथ आसपास के जनपदों में भी सभी जिलाधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु तथा कांवड़ियों द्वारा कलश से जलाभिषेक किये जाने के कारण मार्गों एवं मंदिर की सीढ़ियों व शिवलिंग के आसपास फिसलन की सम्भावना बढ़ जाती है इसके लिए इसकी नियमित सफाई होती रहे इसका भी विशेष ध्यान दिया जाय।

मुख्य सचिव ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग तथा मेला क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था, साफ सुलभ शौचालय, चिकित्सा केन्द्रों पर पर्याप्त दवाईयों की व्यवस्था तथा पूर्ण मात्रा में फस्टऐड किट, श्रद्धालुओं के लिए टीन शेड विश्राम स्थल, क्षतिग्रस्त विद्युत तार व पूर्ण प्रकाश की व्यवस्था व निर्वाध विद्युत आपूर्ति, पार्किंग की सकुशल व्यवस्था आदि समय पर पूर्ण कर लिये जाय। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पर सहायता केन्द्र, अस्थायी उपचार केन्द्र तथा मेला कन्ट्रोल रूम के नम्बर के प्रदर्शन का व्यापक व्यवस्था की जाय।

# विकासखंड मया बाजार के चौथे चरण के सोशल ऑडिट में सोशल ऑडिट टीम 3 ग्राम पंचायतों में नदारद

**सोशल ऑडिट 'बी.आर.पी' ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बृजेश कुमार स्वयं अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन नही..?**

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

विकासखंड मया बाजार में 5 जुलाई 2024 को सोशल ऑडिट टीम ग्राम पंचायत भिटौरा, बोधिपुर, और चिरिकिटहा में नहीं पहुंची। जबकि ग्राम पंचायत छतारा में सोशल ऑडिट बी.आर.पी. सुरेश यादव और उनकी टीम सदस्य राजकरण पांडे, विजय प्रकाश, कुलदीप कुमार, और कुसुम ने पंचायत भवन पर सोशल ऑडिट से संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण किया।

भिटौरा ग्राम पंचायत में पहुंचने पर टीम सदस्य अजीत कुमार और राम यज्ञ पांडे के मोबाइल स्विच ऑफ मिले और सूरज देवी ने फोन पर बताया कि काम खत्म होने के कारण वे घर चले आए हैं। बोधीपुर ग्राम पंचायत में जानकारी मिली कि टीम




वहां नहीं आई थी। यहां सोशल ऑडिटर टीम के सदस्य बी.आर.पी. रामनरेश, बी.एस.ए.सी. राजेश सिंह, अनीता गौड, और बाबूराम थे। चिरिकिटहा ग्राम पंचायत में भी सोशल ऑडिटर टीम नहीं पहुंची थी, जबकि यहां लगभग 200 पेंशन लाभार्थियों का सत्यापन किया जाना था।

बी.आर.पी. बृजेश कुमार, जो ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भी हैं, ने स्वयं अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं किया। ऐसे में अन्य टीमों पर अंकुश कैसे लगाया जाएगा, यह एक सवाल है। बी.एस.ए.सी. अजय त्रिपाठी, घनश्याम वर्मा, पूनम, और राजकुमार भी ग्राम पंचायतों से नदारत थे।

सोशल ऑडिट का मुख्य उद्देश्य व्यवस्था की जवाबदेही सुनिश्चित करना, जन-सहभागिता बढ़ाना, कार्य एवं निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, जनसामान्य को अधिकारों एवं हकदारी के बारे में जागरूक करना, और कार्ययोजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन पर निगरानी रखना है। **हमारी टीम इस खबर पर नजर बनाए हुए है और जैसे ही नई जानकारी मिलती है, हम आपको सूचित करेंगे। हमारे साथ बने रहें।**

# 30 खाद्य कारोबारियों पर 10.34 लाख रूपये का जुर्माना

## खाद्य पदार्थों के अधोमानक व मिथ्याछाप होने पर एडीएम सिटी कोर्ट से हुई कार्रवाई

**30 दिन के भीतर जुर्माने की धनराशि राजकोष में जमा कराने के निर्देश**

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों की ओर से जिले के अलग-अलग इलाकों लिए गए नमूने फेल मिलने पर 30 खाद्य कारोबारियों पर 10.34 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। 30 दिन के भीतर जुर्माने की धनराशि राजकोष में जमा करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश अपर जिलाधिकारी नगर (एडीएम सिटी) की कोर्ट से जारी हुआ है। 30 दिन के भीतर जुर्माने की धनराशि राजकोष में जमा करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश अपर जिलाधिकारी नगर (एडीएम सिटी) की कोर्ट से जारी हुआ है। सहायक आयुक्त खाद्य मानिकचंद्र सिंह ने बताया कि सरसों का तेल अवमानक मिलने पर मवई के हनुहुना फिजानगर बर्तरा निवासी विक्रेता अनुपम पांडेय व निर्माता बाराबंकी के उमर संडौली स्थित किसान इंडिया प्लस पर संयुक्त रूप से एक लाख रुपये जुर्माना लगा है। नमकीन के दो, मंचूरियन भेल बोनस प्वाइंट क्रिप्सी के नमूने फेल होने पर रामनगर निवासी विक्रेता हरीश लालवानी व मालिक सन्नी राजपाल पर 2.10 लाख, आइस कैंडी के नमूने अवमानक मिलने पर विक्रेता सुमित लालवानी व मालिक ओमप्रकाश लालवानी पर 1.40 लाख, कुल्फी व आइसक्रीम के मामले में शिवनगर पहाड़गंज निवासी सुनील कुमार पर 1.20 लाख रुपये जुर्माना ठोंका गया हैं। इसके अलावा जनौरा पक्का तालाब स्थित शिवा बूंदी ट्रेडर्स पर 25,000 रुपये, दालमंडी स्थित शिवम गृह उद्योग व जमुनियाबाग निवासी अमीरचंद्र पर 30,000, रामनगर कॉलोनी निवासी गिरीश राजपाल पर 85,000, नाका मुजफ्फरा स्थित मेसर्स ग्रांड इंफिनिटी रेस्टोरेंट एंड लॉज के अर्पित विश्वकर्मा पर 20,000, नंसा बाजार निवासी पवन कुमार मोदनववाल पर 12,000, जनौरा रोड लक्ष्मीनगर निवासी गोविंद यादव व किशन लाल पर 20,000, रामनगर धौरहरा निवासी श्याम कुमार यादव पर 12,000, सरयू विहार कॉलोनी निवासी अनूप गुप्ता पर 25,000, मोदहा खोजनपुर निवासी राजेश यादव पर 25,000 रुपये जुर्माना लगा है। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय में यदि जुर्माना जमा नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ जुर्माने की धनराशि भू राजस्व की भांति वसूली जाएगी।

# अगर नाबालिग ने चलाया दो पहिया चार पहिया वाहन तो नपेंगे माता-पिता

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

अगर 18 साल से कम उम्र के बच्चे रविवार से अगर दो पहिया या चार पहिया वाहन गाड़ी चलाते मिले तो उनके अभिभावकों को खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा इतना ही नहीं अभिभावकों से 25000 रूपए का जुर्माना भी वसूला जाएगा। रायबरेली ट्रैफिक पुलिस रविवार सुबह 11:00 बजे से चौराहों स्कूलों के आसपास निरंतर यह अभियान चलाएगी। अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि आए दिन बढ़ रहे हादसे को मद्दे नजर रखते हुए यह व्यवस्था की जा रही है। 18 साल से कम उम्र के बच्चे बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नियंत्रित नहीं कर पाते इसलिए हादसे होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है वह किसी भी दशा में बच्चों को वाहन न चलने दे बच्चे वाहन चलते मिले तो मोटर वाहन यान अधिनियम की धारा 199/ क के तहत कार्यवाही की जाएगी। इसमें वाहन मालिक को 3 साल की सजा व रू.25000 जुर्माना लगाया जाएगा यह आदेश उत्तर प्रदेश परिवहन यातायात कार्यालय की तरफ से शिक्षा निदेशक माध्यमिक को भेजा गया है यह आदेश बाल संरक्षण अधिकार उत्तर प्रदेश आयोग की तरफ से भेजा गया है आदेश में यह कहा गया है यदि कोई अभिभावक वाहन मालिक 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलने देगा तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा अगर नाबालिक पकड़ा गया तो उसके अभिभावक या वाहन मालिक को 3 साल की सजा और रू.25000 जमाने से दंडित किया जाएगा। नाबालिग अगर गाड़ी चलाते समय पकड़ा गया तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस भी 25 साल की उम्र के बाद ही बनेगा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने कहा की 18 साल से कम आयु के बच्चे बिना लाइसेंस और लापरवाही से गाड़ी चलाते समय दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं आंकड़ों के अनुसार सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले 40 फीसदी नाबालिग बच्चे होते हैं।

# रवि शंकर सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

ग्राम बड़ागाँव पोस्ट रिखपुर, जिला सुल्तानपुर निवासी रवि शंकर सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह जो वर्तमान में आज़मगढ़, डीहा में श्री शंकर इंटर कॉलेज में अध्यापक पद पर कार्यरत हैं को राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि मिली। रवि शंकर सिंह ने डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से ÷16वीं लोकसभा की एक समीक्षा÷, विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। विश्वविद्यालय में आयोजित शोध साक्षात्कार में रवि शंकर सिंह को पीएचडी संस्तुत की गई। साक्षात्कार में बाह्य परीक्षक के तौर पर डॉ. मोहित शर्मा प्रो - राजनीति विज्ञान विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू कश्मीर ने साक्षात्कार लिया एवं शोध कार्य की सराहना करते हुए इसे संस्तुत किया। रवि शंकर ने



परास्नातक, बीएड एवं एलएलबी की शिक्षा इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है। रवि शंकर ने अपना शोध कार्य जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज, बाराबंकी के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉश कौशलेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों, परिवार के सदस्यों में पत्नी खुशबू सिंह, पुत्री अश्वि सिंह, भाई सुनील कुमार सिंह एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकगण और मित्र डॉ. सुमित सिंह, डॉ. संजीव कुमार सिंह व डॉ. शिवांश कुमार को दिया है। वहीं उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया है।

# रुदौली विधायक ने मुख्य सचिव के सामने रखा सड़कों का मुद्दा

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार रविवार को विकास कार्यों की समीक्षा करने अयोध्या पहुंचे थे। समीक्षा बैठक के बाद रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने सर्किट हाउस पहुंचकर रुदौली विस क्षेत्र की दो ज्वलंत मुद्दों को शासन के दोनों जिम्मेदार अफसरों के सामने रखा। विधायक यादव ने मुख्य सचिव को बताया कि खजुरहट, मिल्कीपुर, अमानीगंज, रुदौली व रौजागांव की 53 किमी. लंबी जो सड़क है, इसमें सात किमी का हिस्सा जो कि अमानीगंज से रुदौली तक बेहद खराब हो चुकी है। विधायक ने कहा कि इस सड़क के नवनिर्माण का प्रस्ताव भी प्रमुख सचिव (पीडब्ल्यूडी) के यहां लंबित है, किंतु धन आवंटन नहीं हो सका है। सड़क निर्माण न होने से आएदिन हादसे हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने छतिग्रस्त रुदौली विधानसभा क्षेत्र की दो प्रमुख मार्ग भेलसर-रुदौली-रेछ्घाट (22 किमी) व रुदौली-सैदपुर-सुनवा मार्ग (20 किमी) पर कार्यवाही तेज कराने को कहा। विधायक के पत्र पर मुख्य सचिव सिंह ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान रुदौली विधायक ने डीजीपी से बाराबंकी जनपद के असंदरा थाने की पुलिस चौकी डिलावलपुर को थाना मवई में शामिल करने को कहा। बोले कि मवई में वर्तमान समय में एक भी पुलिस चौकी नहीं है, जबकि थाना असंदरा से डिलावलपुर चौकी 35 किमी दूर है व थाना मवई से महज पांच किमी दूरी पर स्थित है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम सपन्न

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी कार्यक्रम Sankalp-HEW के अन्तर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ Sankalp-HEW जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला कारागार पुरुष बंदी ग्रह एवं महिला बंदी ग्रह, रायबरेली में किया गया। वन स्टॉप सेंटर रायबरेली द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना आवेदन प्रक्रिया के साथ ही वन स्टाप सेंटर एवं चाइल्ड लाइन की कार्यप्रणाली



एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, के प्राविधानों की जानकारी दी गई, एवं तीन नये कानून कि बारे में चर्चा की गई महिलाओं और बच्चों की सहायता हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान जिला कारागार से उप जेलर सुमैय्या परवीन, उप जेलर कंचन मिश्रा, धर्म पाल सिंह और महिला कल्याण विभाग सखी वन स्टॉप सेंटर रायबरेली से सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति काउंसलर श्रद्धा सिंह केस वर्कर अर्चना सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# आबकारी दविश में पकड़ी गई तैंतीस लीटर अवैध शराब, चार मुकदमें पंजीकृत

जन एक्सप्रेस | अमेठी

अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत, जिलाधिकारी अमेठी व उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी,अमेठी के पर्यवेक्षण में रविवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम नटपुरवा,नजर अली का पुरवा,काजीपट्टी,पनवारी एवम सराय कनु में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान क्षेत्र तीन के थाना बाजार शुकुल के अन्तर्गत ग्राम नटपुरवा तथा नजर अली का पुरवा से लगभग तैंतीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।तथा लगभग दो सौ किलो लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही में चार अभियोग आबकारी



अधिनियम में पंजीकृत किए गए। साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया।और ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।साथ ही रोड ढाबों की चेकिंग भी की गई।इस कार्यवाही में चन्द्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तीन व समस्त स्टाफ दबिश में शामिल रहे।

# आखिर क्यों ऊंचाहार कोतवाल के खिलाफ धरने पर बैठना पड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी को



जन एक्सप्रेस | रायबरेली

ऊंचाहार कोतवाली में उसे समय हड़कंप मच गया जब जिले से भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष रंजन चौधरी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली गेट के सामने धरने पर बैठ गई हालांकि कोतवाल के कार्यवाही करने का आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अचानक कोतवाली पर पहुंच गई और कोतवाली गेट के सामने सड़क पर धरने पर बैठ गई। उनको बैठा देखकर पुलिस के हाथ पांव फूल गए जिला पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि काफी दिनों से वह लगातार कहते-कहते थक गई हैं लेकिन फरियादियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। किसी भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। पुलिस हर मामले में केवल रिश्वत ढूंढती है साथ ही आरोप लगाया कि एनटीपीसी में कार्य करने वाले मजदूर गेट पास के नवीनीकरण के लिए पुलिस के पास वेरिफिकेशन के लिए जाते हैं तो पुलिस उनसे पैसे लेती है साथ ही यह कहा की कंदरावा ग्राम सभा में लगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ा गया जिसमें अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पूरे क्षेत्र में नशे का कारोबार पुलिस के संरक्षण में फल फूल रहा है। यहां की युवा पीढ़ी नशे में बर्बाद हो रही है और कोतवाल को फोन करो तो कोतवाल साहब कोई कार्यवाही नहीं करते। अब जब एक जिला पंचायत अध्यक्ष की बात को ही कोतवाल कितनी गंभीरता से लेता है इसका अंदाजा यही से लगाया जा सकता है। भाजपा शासन काल में भाजपा के ही जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी की बात नहीं सुनी जा रही इसी बात को लेकर वह धरने पर बैठने के लिए उनको मजबूर होना पड़ा जिससे लोगो को न्याय मिले।

# पुलिस अधीक्षक रेलवे ने जीआरपी अयोध्या कैंट का किया आकस्मिक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम।** आगामी श्रावण झूला मेला अयोध्या वर्ष 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे द्वारा थाना जीआरपी अयोध्या कैंट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया साथ ही साथ के रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट वह रेलवे स्टेशन अयोध्या धाम का स्थलीय निरीक्षण कर श्रावण झूला मेला 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर हिन्दू राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया गया

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने देश भर में हिन्दू महासभा के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और स्वतंत्र भारत की प्रथम केंद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री का दायित्व संभालने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मोत्सव कल अखंड भारत हिन्दू राष्ट्र निर्माण संकल्प दिवस के रूप में मनाया। हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आज जारी बयान मे कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने वीर सावरकर के साथ मिलकर भारत को अखंड हिन्दू राष्ट्र बनाने का जो सपना देखा था, वो आज भी अधूरा है। पहले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल करने और उसके बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश को मिलाकर अखंड भारत हिन्दू राष्ट्र निर्माण का अधूरा मिशन हिन्दू महासभा पूरा करेगी। अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने आगे कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पश्चिम बंगाल की वीर भूमि पर जन्म लेकर हिंदुत्व का सिंहनाद किया और सम्पूर्ण विश्व में भारत को गौरवान्वित किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दूरदृष्टा बताते हुए श्री मिश्र ने कहा कि गांधी हत्या के बाद नेहरू सरकार द्वारा हिन्दू महासभा पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद उन्होंने हिन्दू राजनीति को जीवित रखने के लिए एक नए राजनीतिक दल भारतीय जनसंघ की स्थापना कर अपनी दूरदृष्टि का परिचय दिया।

# पौध रोपण कर बचाएं जीवन: शिवेंद्र सिंह

जन एक्सप्रेस | अयोध्याधाम

पूरा बाजार अयोध्या वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत ब्लॉक प्रांगण पूरा बाजार में खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह के तत्वाधान में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह की अगवाई में ब्लॉक प्रांगण में पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन में मदद करते हैं तथा हमें ऑक्सीजन देते हैं जिससे हम जीवित रहते हैं। इसलिए वृक्ष लगाकर हमें जीवन बचाना होगा उन्होंने कहा कि देव वृक्ष की अनेकों प्रजातियां लुप्त हो रही हैं इसलिए हमें देव वृक्ष लगाकर लाभ लेना चाहिए।

ब्लॉक प्रांगण में मुख्य अतिथि शिवेंद्र सिंह खंड विकास अधिकारी पूरा बाजार अनुराग सिंह प्रधान संघ पूरा बाजार के अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर ने नीम अशोक आम जामुन बरगद पीपल व पकड़ के वृक्ष लगाया। पौधरोपण में ग्राम प्रधान नरियावा राकेश सिंह प्रधान राजपुर मोनू सिंह प्रधान पिलखवा राघवेंद्र पांडे प्रधान शांतिपुर मंजू सिंह व सचिन गण अजय सिंह नीरज सिंह शिवकुमार सौरभ सिंह रवि सिंह ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय गणमान्य लोग भी उपस्थित थे ब्लॉक पूरा बाजार प्रधान संघ के अध्यक्ष अंकुर सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | सोमवार | 08 जुलाई 2024



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 29°C | 26°C |
| कानपुर | 31°C | 27°C |
| देहरादून | 31°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 31°C | 26°C |

# प्रदेश के दो जिले बाढ़ के चपेट में, श्रावस्ती से 11 और कुशीनगर से 76 लोगों को किया गया रेस्क्यू

* प्रदेश के दो जिलों श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ का संकट गहरा गया है।
* नेपाल से अचानक पानी का स्तर बढ़ जाने से इन जिलों में बाढ़ के हालात बन गए

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद अचानक पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ने से श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। नदी के किनारे बसे इलाकों में फसल और गृहस्थी प्रभावित हुई है। इसके देखते हुए सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेज बारिश के दृष्टिगत संबंधित जिलों को तेजी से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होंने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को राहत राशि अविलंब देने को कहा। साथ ही, जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा है अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें भी वित्तीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए है। वहीं फसलों को हुए नुकसान का आकलन का शासन को रिपोर्ट देने को कहा। बता दें कि नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद अचानक पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ने से श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 87 लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित निकाला गया है। कुशीनगर में 20 मवेशियों को भी बचाया गया। सीएम ने दोनों जिलों के डीएम को क्षतिग्रस्त फसल का 24 घंटे के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट शासन को भेजने को कहा है।

हालांकि अभी इन जिलों में स्थिति सामान्य है, कुछ ही इलाकों में फसलों को नुकसान हुआ है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद देवघाट बैराज से 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह नेपाल से छोड़े गये पानी से प्रभावित श्रावस्ती और कुशीनगर के डीएम से बातचीत कर हालात की जानकारी ली।

## चार लाख रुपये मुआवजा मिलेगा

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बाढ़ और जल जमाव की समस्या के प्रति सभी डीएम व नगर निकाय सतर्क दृष्टि रखें। अतिवृष्टि के कारण जल जमाव के खतरा बना हुआ है. इसका तत्काल समाधान निकालें। जिन क्षेत्रों में अतिवृष्टि के कारण या नेपाल से आने वाली नदियों में अत्यधिक पानी के कारण जलभराव हो गया है, वहां जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पीड़ित परिवारों को जिला प्रशासन सुरक्षित स्थानों एवं शिविरों में भेजकर राहत सामग्री का वितरण करे। आकाशीय बिजली या अन्य प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि के मामलों में 24 घंटे के अंदर राहत राशि (मृत्यु की दशा में चार लाख रुपये) स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से प्रभावित परिवार को दी जाये।

## तटबंधों के स्पर से टकरा रही सरयू, बाढ़ की दस्तक

लगातार बारिश और बैराजों के पानी से सरयू नदी खतरे का निशान छूने के लिए बेताब है। सरयू, शारदा व गिरिजा बैराज से छोड़े गए करीब तीन लाख 60 हजार क्यूसेक पानी से नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सरयू की धारा अब तटबंध के स्पर से टकरा रही है। स्पर तटबंधों को सुरक्षित करने के लिए बने हैं। यदि इसमें कटान हुई तो धारा सीधे तटबंध से टकराएगी। चंदापुर किटौली के पास नदी का रुख तटबंध की ओर मुड़ रहा है। इससे यहां कटान की आशंका के चलते अधिकारी सुरक्षा के काम कराने में जुट गए हैं। इसके अलावा बेलसर विकासखंड अंतर्गत ऐली-परसौली में गोड़ियनपुरवा व बिसुनपुरवा आदि तटवर्ती गांवों के पास नदी की कटान तेज हो गई है। सरयू नदी रविवार को खतरे के निशान से मात्र 77 सेंटीमीटर दूर ही रह गई है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार रविवार को एल्गिन ब्रिज से सुबह नदी में दो लाख 69 हजार 455 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। ऐसे में सोमवार तक सरयू नदी खतरे के निशान तक पहुंच सकती है। बढ़ते जलस्तर के कारण एल्गिन चरसड़ी बांध की तरफ नदी का पानी जमा होने लगा है। नदी का बहाव भी तेज हो गया है। अधिकारियों की टीम लगातार सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर पर नजर बनाए हुए है, जहां कहीं भी दिक्कत होती है उसे ठीक करने की कवायद तेज हो जाती है। बाढ़ खंड के सहायक अभियंता अमरेश सिंह व अवर अभियंता रवि वर्मा ने बताया कि बांध पूरी तरह से सुरक्षित है। बांध की सीसीटीवी कैमरों से नियमित निगरानी की जा रही है।

# बिस्तर के नीचे रखी राइफल से खेल रहे थे बच्चे खींचतान में चली गोली एक की मौत-घर में मचा कोहराम



* आलमबाग पूरनगर में घरवालों की लापरवाही से हुई हृदय विदारक घटना
* बिस्तर के नीचे रखी लोडेड राइफल निकालकर खेलने लगे थे दोनों बच्चे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आलमबाग के पूरन नगर में रविवार देर शाम अभिभावकों की लापरवाही से 13 वर्षीय शिवा की मौत हो गई। दरअसल वह बिस्तर के नीचे रखी लोडेड राइफल निकालकर अपने ममेरे भाई के साथ खेल रहा था। इस बीच खींचतान में गोली चल गई। सीने में दायीं ओर गोली लगने से शिवा की मौत हो गई।

एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी इंस्पेक्टर पीके सिंह पहुंचे।

घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। एसीपी ने बताया कि शिवा के पिता बलवीर सिंह जालंधर में बीएसएफ में हवलदार हैं। शिवा की मां पुष्पा दो दिन पहले ही गृह जनपद गई थीं। संजय गुरुवार को कालपी से आए थे। वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी तलाश कर रहे थे।

**मामा सब्जी खरीदने गए थे बाजार**

शिवा और उसके परिवारीजन मूल रूप से कालपी जालौन के रहने वाले हैं। यहां पूरननगर में मनोज शर्मा के मकान में किराए पर रह रहे हैं। रविवार शाम शिवा की बड़ी बहन रेनू किचन में खाना बना रही थी। मामा संजय सिंह सब्जी खरीदने बाजार गए थे। उनकी लोडेड राइफल बिस्तर के नीचे कमरे में रखी थी। शिवा और उसके ममेरे भाई ओम ने बिस्तर के नीचे से राइफल निकाल ली। दोनों कमरे में राइफल से खेल रहे थे।

**नाल पकड़कर अपनी ओर राइफल खींच रहा था शिवा**

शिवा राइफल की नाल पकड़कर अपनी ओर खींच रहा था, ओम पिछले हिस्से को अपनी ओर खींचने लगा। इस बीच एकाएक गोली चल गई। गोली शिवा के सीने में लगी। आवाज सुनते ही रेनू भागकर किचन से दौड़ती हुई कमरे में पहुंची। उसका भाई फर्श पर खून से लथपथ हालत मे पड़ा था।

चीख-पुकार सुनकर मकान मालिक मनोज शर्मा पड़ोसी अंकित दौड़े। आनन-फानन शिवा को लोकबंधु लेकर पहुंचे। जहां से हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा में डॉक्टरों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शस्त्र रखने में संजय ने लापरवाही बरती है। शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व वन संरक्षक त्रिवेणी प्रसाद दुबे की चार पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था नवसृजन के तत्वावधान में आज हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में पूर्व वन संरक्षक एवं वरिष्ठ साहित्यकार त्रिवेणी प्रसाद दूबे मनीष द्वारा लिखित चार पुस्तकों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रो. (डॉ.) वी. जी. गोस्वामी (पूर्व अधिष्ठाता-विधि विभाग, ल.वि.वि.), मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) उषा सिन्हा (पूर्व अध्यक्ष भाषा विज्ञान विभाग, ल. वि. वि.), विशिष्ठ अतिथि डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी (पूर्व सलाहकार सदस्य योजना आयोग, भारत सरकार), डॉ. हरिशंकर मिश्र, अशोक कुमार पाण्डेय, देवेश द्विवेदी और डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा ने पूर्व वन संरक्षक त्रिवेणी प्रसाद दूबे मनीष (भारतीय वन सेवा) द्वारा लिखित चार पुस्तकों हिन्दी निबन्ध संग्रह 'प्रकृति, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव', शिहन्दी भाषा और साहित्य', काव्य संग्रह शित्रवेणी की कुण्डलियाँ' और हिन्दी बाल गीत संग्रह भोला बचपन' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर उषा सिन्हा ने कहा कि त्रिवेणी प्रसाद दूबे की सृजन यात्रा अविराम प्रवहमान है। इनका हिंदी भाषा पर पूर्ण अधिकार है, जिसका परिणाम उनकी सभी कृतियों में विषयानुसार, संदर्भानुसार बोधगम्य, प्रांजल, संप्रेषणीय भाषा एवं प्रवाहपूर्ण शैली का प्रयोग दृष्टिगत होता है। त्रिवेणी की सभी कृतियां गागर में सागर के समान है। विशिष्ठ अतिथि डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी ने अपने सम्बोधन में कहा कि त्रिवेणी प्रसाद दुबे एक ऐसे वरिष्ठ साहित्यकार हैं, जिनका गद्य और पद्य पर समान अधिकार है। डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा मृदुल ने कहा कि त्रिवेणी प्रसाद दूबे बहुमुखी प्रतिभा के धनी साहित्यकार हैं। भारतीय वन सेवा में अधिकारी रहे मनीष के जीवनानुभव बहुत व्यापक हैं।

# कोर समिति की बैठक में बोले संतोष, चुनाव में सिफारिशी नहीं, जिताऊ उम्मीदावरों पर दांव लगाएगी भाजपा

* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की मौजूदगी में हुई कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के साथ ही विस उप चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त के प्रमुख कारणों में उम्मीदवारों के चयन का मुद्दा उठने के बाद भाजपा अब विधानसभा उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों चयन में बेहद सतर्क होकर कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष की मौजूदगी में हुई कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के साथ ही विस उप चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन पर खास फोकस रहा। कमेटी में तय हुआ कि विस की 10 सीटों को जीतने के लिए सिफारिशी नहीं, जिताऊ प्रत्याशी को ही उतारा जाए। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को हुई कोर कमेटी की बैठक में 14 जुलाई को लखनऊ में होने वाली भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा संगठन को मजबूत करने और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्ययोजना तैयार करने को लेकर बात हुई। कोर कमेटी में सबसे अधिक फोकस 10 विस सीटों पर होने वाले उप चुनाव को लेकर रहा। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बताया कि उप चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई है। इसके अलावा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के संबंध में विचार-विमर्श किया गया है। करीब डेढ़ घंटे तक चली बैठक में विस उप चुनाव के अलावा लोकसभा चुनाव में हार के कारणों पर भी चर्चा हुई। खास तौर से बैठक में भाजपा के कोर वोटर रहे गैर जाटव दलित और गैर यादव पिछड़ी जाति के खिसकने के कारणों पर गंभीरता से विचार किया गया। पार्टी नेताओं ने भाजपा के छिटके वोटरों को फिर पाले में लाने को लेकर भी अलग से कार्ययोजना तैयार करने का सुझाव दिया है। इस बैठक में योगी व बीएल संतोष के अलावा दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल भी मौजूद रहे। कोर कमेटी की बैठक में अगस्त से सदस्यता अभियान शुरू करने की रूपरेखा तैयार करने पर भी चर्चा हुई। साथ ही मंडल, ब्लाक, सेक्टर और बूथ स्तर तक के संगठन को फिर से तैयार करने, प्रदेश कार्यसमिति की तैयारियों और पार्टी के बड़े पदाधिकारियों के प्रवास को लेकर कार्यक्रम तैयार करने पर भी चर्चा हुई है। बैठक में एक पेड़ मां के नाम अभियान से सभी जाति, वर्ग व समुदाय को ज़ोड़ने पर भी चर्चा हुई।

# इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने मायावती से की मुलाकात, गठबंधन के दिए संकेत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



हरियाणा की सियासत में गहरी पकड़ रखने वाले इंडियन राष्ट्रीय लोकदल (इनेलो) प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन कर सकता है। शनिवार को इनेलो के राष्ट्रीय महामंत्री अभय सिंह चौटाला ने बसपा सुप्रीमो मायावती से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान बसपा के नेशनल कोआर्डिटनेटर आकाश आनंद और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार भी मौजूद थे। बता दें कि बसपा और इनेलो छह वर्ष पूर्व भी साथ मिलकर चुनाव लड़ चुके हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले दोनों दल अलग हो गए थे। हरियाणा में जल्द विधानसभा चुनाव होने हैं, जिसे लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ने लगी है। ऐसे में अभय सिंह चौटाला और मायावती के बीच हुई मुलाकात दोनों दलों के बीच दोबारा गठबंधन का संकेत दे रहा है। बता दें कि हरियाणा में इनेलो की जाट वोट बैंक पर, जबकि बसपा की दलित वोट बैंक पर मजबूत पकड़ है। हरियाणा की सत्ता में दोबारा वापसी की आस में इनेलो ने बसपा से करीबी बढ़ानी शुरू कर दी है। अभय चौटाला ने रविवार को एक्स पर तामिलनाडु में बसपा प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की निंदा भी की है। वहीं दूसरी ओर बसपा सुप्रीमो मायावती और आकाश आनंद ने रविवार को चेन्नई जाकर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया।

# 60 प्रतिशत उपभोक्ता कर रहे बिजली बिल का डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन मिल रहे नए कनेक्शन

* उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए योगी सरकार के प्रयासों का असर हो रहा है।
* स्वयं बिल जेनरेट करने के साथ-साथ ऑनलाइन बिल के भुगतान में आमूलचूल वृद्धि हुई है।

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए विगत 7 वर्ष में योगी सरकार ने जो प्रयास किए हैं, उसका असर साफ देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लि.(यूपीपीसीएल) ने कंज्यूमर फ्रेंडली ऐसे कई कदम उठाए हैं, जिसके चलते विद्युत सेवाएं प्राप्त करना बहुत आसान हो गया है। इसके माध्यम से स्वयं बिल जेनरेट करने के साथ-साथ ऑनलाइन बिल का भुगतान करने के मामलों में आमूलचूल वृद्धि हुई है। यही नहीं, नए कनेक्शंस, बिल करेक्शन, कंप्लेंट और टैरिफ चेंज जैसी सुविधाओं के लिए यूपीपीसीएल का कंज्यूमर एप लोगों की मुश्किलों को आसान कर रहा है। वो दिन लोग भूले नहीं होंगे जब बिजली का बिल जमा करने के लिए लोगों को बिजली विभाग के कार्यालयों में घंटों लाइन में लगना पड़ता था। हालांकि, यूपीपीसीएल ने कंज्यूमर फ्रेंडली जो सुविधाएं शुरू की हैं उसके माध्यम से काउंटर्स पर फिजिकली बिजली बिल जमा करने वालों की संख्या मात्र 32 प्रतिशत रह गई है, जबकि 68 प्रतिशत तक उपभोक्ता ऑनलाइन, ई वॉलेट और सीएससी के माध्यम से बिल का भुगतान करने में सक्षम हुए हैं। सबसे ज्यादा 39 प्रतिशत ऑनलाइन पेमेंट किया जा रहा है, जबकि ई वॉलेट के माध्यम से 21 प्रतिशत तक भुगतान हो रहा है। वहीं विभिन्न कार्ड ( क्रेडिट और डेबिट कार्ड ) के जरिए 8 प्रतिशत तक भुगतान किया जा रहा है। ऑनलाइन पोर्टल ने आसान की राह इसके अतिरिक्त यूपीपीसीएल ने नए कनेक्शन प्राप्त करने के लिए फेसलेस मैकेनिज्म के तहत झटपट पोर्टल, निवेश मित्र और पीटीडब्ल्यू पोर्टल की शुरुआत की है, जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन के लिए कार्यालय जाकर समय बर्बाद करने की आवश्यकता नहीं रह गई है।

# हाईप्रोफाइल बन गई है मिल्कीपुर विधानसभा सीट

* बीजेपी और सपा दोनों के सामने चुनौती

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मिल्कीपुर विधानसभा सीट हाइप्रोफ इल बन गई है। इसपर देश भर की नजर है।फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में अयोध्या है और अयोध्या में भाजपा की हार राष्ट्रीय सुर्खियां बनी हुई है। यहां से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं।उन्हों दो बार के सांसद रहे भाजपा नेता लल्लू सिंह को हराया। विपक्षी इंडिया गठबंधन अवधेश प्रसाद को हीरो की तरह पेश कर रहा है। उन्हें लोकसभा में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के साथ पहली कतार में बैठाया जा रहा है। अवधेश प्रसाद की जीत को विपक्षी सपा और कांग्रेस एक प्रतीक के तौर पर पेश कर रही है। भाजपा ने इसे चुनौती के रूप में लिया है। प्रदेश भाजपा का मानना है कि फैजाबाद संसदीय सीट पर अवधेश प्रसाद की जीत एक तुक्का है। बीजेपी ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अभी से एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। अवधेश प्रसाद से सामने भी चुनौती है, वह भी साबित करने में लगे हैं कि फैजाबाद संसदीय सीट पर जीत तुक्का नहीं बल्कि भाजपा के खिलाफ जनता की नाराजगी का परिणाम है। मिल्कीपुर सीट पर होने वाला विधानसभा उपचुनाव प्रदेश और देश की राजनीति के लिए सबसे अहम बन गया है। अवधेश प्रसाद भी मैदान में डट गए हैं। उनके पास सपा मुखिया अखिलेश यादव का पूरा सहयोग है। सपा यहां से उपचुनाव में अवधेश प्रसाद के बेटे को उम्मीदवार बना सकती है। मिल्कीपुर में भाजपा काफी पहले से लग गई है।

# सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, पीछे नहीं चलूंगा : चन्द्रशेखर

* साम्प्रदायिक राजनीति के आधार पर यूपी में चुनाव जीतना आसान नहीं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

नगीना क्षेत्र से जीतकर संसद पहुंचे आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वह सदन में एक स्वतंत्र आवाज बने रहेंगे और सत्ता पक्ष और विपक्ष के साथ नहीं जाएंगे। चंद्रशेखर ने कांग्रेस-सपा के पीडीए गठबंधन पर भी हमला बोला और कहा है कि वह चाहते हैं कि उनके अधीन रहे, जबकि वह ऐसा नहीं होने देंगे। सांसद चंद्रशेखर ने एक कार्यक्रम में अपनी राय क्लियर कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम भेड़ नहीं हैं जो किसी के पीछे चलेंगे। हम अपने लाखों लोगों की उम्मीद हैं और इसलिए स्वतंत्र खड़े रहेंगे। चंद्रशेखर ने अपने पहली बार संसद में जाने को लेकर किस्सा शेयर किया और यह भी बताया है कि कैसे उन्हें सपा-कांग्रेस किसी ने जरूरत न पड़ने तक तवज्जो नहीं दी। जब मैं पहली बार संसद गया तो मैं खाली बेंच पर अकेला बैठा था। मैं नया था, मुझे नहीं पता था। मुझे लगा कि विपक्ष में मेरे दोस्त अपने साथ बैठने के लिए कहेंगे। लगा कि कहेंगे कि हम दोनों भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं और हमें साथ मिलकर काम करना चाहिए। तीन दिन वहां बैठने के बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी को फर्क नहीं पड़ता कि चंद्रशेखर कहां बैठे हैं। स्पीकर के चुनाव में कांग्रेस द्वारा मांगी गई मदद का जिक्र करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि जब स्पीकर का चुनाव आया तो कांग्रेस के एक नेता ने फोन कर कहा कि उन्हें उनकी मदद करनी चाहिए। चंद्रशेखर ने कहा कि मैंने उन्हें सहमति जताई लेकिन उन्होंने डिवीजन का प्रस्ताव ही नहीं रखा। मैं न दक्षिणपंथी रहूंगा और न वामपंथी। मैं बहुजन हूं और अपने एजेंडे के साथ अकेला खड़ा रहूंगा। मैंने विपक्ष के साथ वॉकआउट नहीं किया। हम भेड़ नहीं हैं जो किसी के पीछे चलें। हम अपने लाखों लोगों की उम्मीद हैं। हम छोटे राजनीतिक कार्यकर्ता हो सकते हैं लेकिन हम अपने समाज के नेता हैं। अगर दूसरों का अनुसरण करते रहेंगे तो हमारे लोगों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचेगी।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वह राज्य में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन चाहते थे, लेकिन कोई उन्हें नगीना देने के लिए तैयार नहीं हुआ। आजाद ने कहा कि 2014 से ही दलितों को डर था कि संविधान बदल दिया जाएगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## कठिन आर्थिक दौर से ब्रिटेन को बाहर निकालने का श्रेय सुनक को ही जायेगा

**प्रधानमंत्री कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर प्रधानमंत्री के रूप में देश को आखिरी बार संबोधित करते हुए कहा, मैंने देश सेवा में अपना सब कुछ लगा दिया है, लेकिन आपने स्पष्ट संकेत दिया है कि यूनाइटेड किंगडम की सरकार को बदलना होगा और आपका निर्णय ही मायने रखता है। उन्होंने कहा कि मैंने आपके गुस्से, आपकी निराशा को समझा है और मैं इस नुकसान की जिम्मेदारी लेता हूं। उन्होंने कहा कि सभी कंजर्वेटिव उम्मीदवारों ने अथक परिश्रम किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, मुझे खेद है कि हम आपके प्रयासों के अनुरूप परिणाम नहीं दे सके।**

*ब्रिटेन की जनता ने इस बार के आम चुनाव में सत्ता पलट दी है। महंगाई की सर्वाधिक मार झेलने वाली ब्रिटेन की जनता ने कंजरवेटिव पार्टी को चुनावों में कड़ा सबक सिखाया है जिसके चलते प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को माफी मांगते हुए यह कहना पड़ा है कि मैंने आपके गुस्से और निराशा को महसूस किया है और मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। वैसे चुनाव के नतीजे जो भी रहे हों लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि ऋषि सुनक ने अपने देश को कठिन आर्थिक परिस्थितियों के दौर से सफलतापूर्वक बाहर निकाला है। बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद जब लिज ट्रस ने ब्रिटेन की कमान संभाली थी तो तुरंत ही उन्हें अर्थव्यवस्था की बिगड़ी सेहत का अंदाजा हो गया था और उन्होंने महज 45 दिनों के भीतर ही प्रधानमंत्री पद छोड़ दिया था। उस समय ऋषि सुनक ही अंतिम तारणहार दिखाई पड़ रहे थे। देखा जाये तो ऋषि सुनक ने उस समय प्रधानमंत्री के रूप में कांटों का ताज पहना था क्योंकि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था महामारी के बाद हिचकोले खा रही थी। महंगाई और ब्याज दरें बढ़ रही थीं। यूक्रेन युद्ध ने ऊर्जा पर होने वाले खर्च को बढ़ा दिया था। मुद्रा बाजार में स्टर्लिंग (ब्रिटेन में प्रचलित मुद्रा) कमजोर दिख रही थी। एक सफल बैंकर और वित्त मंत्री रहे सुनक ने प्रधानमंत्री बनते ही बजट घाटे को काबू में किया, सरकार के खर्चों में कटौती की और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लेकर आये लेकिन वैश्विक संघर्षों के चलते बाधित हुई सप्लाई चेन की वजह से बढ़ती महंगाई को वह नहीं रोक पाये। इसके अलावा चूंकि उनकी पार्टी पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में थी इसलिए ब्रिटेन में इस बार बदलाव की जोरदार लहर चल रही थी जोकि परिणामों में स्पष्ट नजर आ रही है। वैसे ब्रिटेन के आम चुनावों में बदलाव होने वाला है इसके संकेत पिछले साल हुए उपचुनावों में ही मिल गये थे। ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने के बाद से ऋषि सुनक की वैश्विक लोकप्रियता में तो इजाफा हुआ था लेकिन ब्रिटेन में पिछले साल तीन सीटों पर हुए उपचुनाव में उनकी कंजरवेटिव पार्टी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। अब आम चुनावों में कंजरवेटिव पार्टी को अपने इतिहास की सबसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में सवाल खड़ा हुआ है कि क्या सुनक की नीतियां जनता को पसंद नहीं आ रही थीं? सवाल यह भी उठा है कि कंजरवेटिव पार्टी को गलत नीतियों की सजा चुनावों में मिली या पार्टी को एकजुट नहीं होने का खामियाजा भुगतना पड़ा है? सवाल यह भी है कि क्यों कंजरवेटिव पार्टी के नेता और सांसद ही अक्सर विवादों में रह कर सुनक की मुश्किलें बढ़ा रहे थे? इसके अलावा, 14 वर्षों से ब्रिटेन की सत्ता में रही कंजर्वेटिव पार्टी की हालत चुनावों से पहले ही खस्ता नजर आ रही थी क्योंकि कई लोगों ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया था और पार्टी के कई नेता और सलाहकार नई नौकरियों की तलाश में निकल पड़े थे। अब कंजर्वेटिव पार्टी के जो लोग जीत कर आये हैं वह प्रभावी विपक्ष की भूमिका सही से निभा पाएंगे, इसके बारे में विश्लेषकों को संदेह है। माना जा रहा है कि लेबर पार्टी को कुछ वर्षों तक खुली छूट मिली रहेगी। जहां तक चुनाव परिणाम की बात है तो आपको बता दें कि ऋषि सुनक तो चुनाव जीत गये लेकिन उनके मंत्रिमंडल में शामिल पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस और कई कैबिनेट मंत्री पराजित हो गए। सुनक उत्तरी इंग्लैंड में अपनी रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल करने में सफल रहे हैं। लेकिन रक्षा मंत्री ग्रांट शेप्स, न्याय मंत्री एलेक्स चाक और मिशेल डोनेलन जैसे बड़े नेता चुनाव हार गये। ब्रिटेन के आम चुनाव में लेबर पार्टी के बहुमत से काफी ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करते ही ऋषि सुनक ने हार स्वीकार कर ली।*

एक्सप्रेस आलेख

**वो एक दौर में घनघोर भोजन भट्ट हुआ करते थे। वो तब उन सभी चीजों को खाते थे, जो खिलाड़ियों को वर्जित होती हैं। अब वो एक दिन भी व्यायाम नहीं छोड़ते। विराट कोहली को करीब से जानने वाले जानते हैं कि करीब 12 साल पहले उन्होंने अपनी फिटनेस को बहुत गंभीरता से लेना शुरू कर दिया था। उन्होंने अपनी जिम ट्रेनिंग और खाने की आदतों को पूरी तरह से बदला। उन्होंने अपने को तीनों फॉर्मेट में खेलने के लिए तैयार किया। हालांकि वो अब क्रिकेट के दो प्रारूपों क्रमशः- टेस्ट मैच और एकदिवसीय मैच ही खेलेंगे। यानी वो आने वाले कुछ सालों तक देश को आनंद और गौरव के लम्हें प्रदान करते रहेंगे।**

# अध्यात्म के आनंद ने बदला विराट कोहली को



आर.के. सिन्हा

**टीम इंडिया के टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली से भी बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने विराट से कहा, आपसे बात करके खुशी हुई। आपने फाइनल में जिस तरह की पारी खेली, उसी तरह से भारतीय बल्लेबाजी को शानदार तरीके से आगे बढ़ाया है।**

अभी कुछ दिन पहले खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन और उसके बाद इस फॉर्मेट से सन्यास लेने के बाद सारा देश विराट कोहली की उपलब्धियों पर चर्चा कर रहा है। हालांकि, इस बहस के दौरान एक पक्ष नजरअंदाज सा हो रहा है कि कुछ साल पहले तक बात-बात पर आवेश में आने वाले विराट कोहली अब इतने शांत कैसे हो गये हैं? विराट कोहली की पर्सनेल्टी में आखिरकार इतना आमूल-चूल बदलाव कैसे आ गया? इस सकारात्मक बदलाव में मुझे उनका अध्यात्म की तरफ बढ़ना एक बड़ी वजह समझ आता है। वो आजकल लगातार सपरिवार विभिन्न तीर्थ स्थलों पर जाकर अच्छा सा वक्त बिताने लगे हैं। उन्हें वृंदावन जाना खास पसंद है। विराट कोहली वृंदावन में श्री परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वो पिछले साल जनवरी में भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बाबा नीम करौली की समाधि के दर्शन करने के लिए गए थे। पहले दोनों बाबा नीम करौली की समाधि पर गए और फिर आनंदमयी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने कई संतों से मुलाकात की। साथ ही दोनों ने बांके-बिहारी के मंदिर के साथ कई अन्य प्रमुख मंदिरों के भी दर्शन किए। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुके हैं। विराट और अनुष्का ने यहां पहुंचकर ब्रह्मलीन दयानंद सरस्वती की समाधि के भी दर्शन किए और गंगा घाट पर संत-पंडितों के साथ आरती में भी शामिल हुए। विराट कोहली ने यहां योग करने के बाद पूजा अर्चना की थी और फिर सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठान कर भंडारे का आयोजन करवाया था। स्वामी दयानंद गिरि का सितंबर, 2015 में निधन हो गया था। वो ऋषिकेश में दयानंद सरस्वती आश्रम और कोयंबटूर में अर्श विद्या गुरुकुलम के शिक्षक थे। उन्होंने करीब 50 सालों तक देश और विदेश में वेदांत की शिक्षा दी थी। इस बीच, विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ पिछले साल उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन



**टी20 क्रिकेट में आपकी कमी खलेगी। लेकिन मुझे यकीन है कि आप नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। विराट कोहली आज सारे देश के रोल मॉडल बन चुके हैं। वो मात्र पैसे के लिए शीतल पेय या पान मसाला जैसे उत्पादों का विज्ञापन स्वीकार नहीं करते।**

अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की। शायद ही विराट कोहली के कद का कोई अन्य खिलाड़ी इतनी तीर्थ यात्राएं करता हो। एक समय था जब विराट कोहली की शख्सियत का एक श्याम पक्ष उनका मैदान के अंदर और बाहर बेहद उग्र और तपाकी होना भी था। वो फौरन आवेश में आकर झगड़ा करने लगते थे। उनका मैदान के भीतर भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर से कई बार झगड़ा हुआ। विराट कोहली के गुस्से का शिकार आस्ट्रेलिया में एक पत्रकार भी हुआ था। विराट कोहली ने एक बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक मैच में अंपायर कुमार धर्मसेना को अपशब्द कहने शुरू कर दिए थे। धर्मसेना श्रीलंका के टेस्ट खिलाड़ी थे। उनके इस तरह के व्यवहार के कारण विराट कोहली की छवि बहुत खराब बन रही थी। पर अब वो अपनी उस खराब छवि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। वो अपने क्रोध पर काबू पा चुके हैं। वो मैदान के अंदर-बाहर शांत रहते हैं। क्रोध का न होना मन को शांत रखने का सबसे प्रभावशाली उपाय है। क्रोध की उत्पत्ति केवल अधूरी इच्छाओं से होती है। जो इंसान दूसरों से कोई अपेक्षा नहीं रखता, वह अपने संगी-साथियों से नाराज नहीं हो सकता। विराट कोहली अध्यात्म के रास्ते पर चलने से विनम्र भी हुए हैं। वो बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के गढ़ फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली बेदी पाजी के चरण स्पर्श करते हुए कई बार देखे गए थे। आप बता दीजिए कि विराट कोहली के अलावा कितने खिलाड़ी गुजरे दौर के खिलाड़ियों के चरण स्पर्श करते हैं। तो बहुत साफ है कि उन्होंने अपने में सकारात्मक बदलाव किए। इससे वो एक बेहतर मनुष्य के रूप में सामने आए हैं। अपनी जीवनशैली को बदलते हुए विराट कोहली अब शाकाहारी भी हो चुके हैं। उनका शाकाहारी हो जाना आश्चर्यजनक है क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी मांसाहारी और शाकाहारी खाद्य पदार्थों के मिश्रण को ही भोजन में पसंद करते हैं। विराट कोहली अपनी फिटनेस का श्रेय शाकाहारी भोजन को देते हैं। इसके अलावा, वो मुख्य रूप से उबले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, जिनमें किसी प्रकार के तेल का प्रयोग नहीं होता है। लेकिन, खास अवसरों पर वो जैतून के तेल में पकाए गई डिशेज को खा लेते हैं। टीम इंडिया के टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली से भी बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने विराट से कहा, आपसे बात करके खुशी हुई। आपने फाइनल में जिस तरह की पारी खेली, उसी तरह से भारतीय बल्लेबाजी को शानदार तरीके से आगे बढ़ाया है। आप हर फॉर्मेट में चमके हैं। टी20 क्रिकेट में आपकी कमी खलेगी। लेकिन मुझे यकीन है कि आप नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। विराट कोहली आज सारे देश के रोल मॉडल बन चुके हैं। वो मात्र पैसे के लिए शीतल पेय या पान मसाला जैसे उत्पादों का विज्ञापन स्वीकार नहीं करते। उनसे हमारे कई फिल्मी सितारे सीख ले सकते हैं। वो अपनी फिटनेस पर भरपूर ध्यान देते हैं। उन्होंने कई वर्षों से अपना वज़न 70 किलो से नीचे रखा है। 34 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस अपने से कम उम्र के खिलाड़ियों से बेहतर है।

### एक्सप्रेस कविता

*पलकों में समाँ जाऊंगा मैं।*
*तेरे सपनों में छा जाऊंगा मैं।*
*पवन बयार बन जाएगी तू,*
*महक बन फैल जाऊंगा मैं।।*
*.महलों की अजीम शान है तू।*
*आवारा,बंजारा बन जाऊंगा मैं ।।*

*कहां खोजूं किस दर पर जाऊं ।*
*तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।*
*न तेरा पता है ना तेरी कोई खबर,*
*हवा में खुशबू बन जाऊंगा मैं द्यद्य*
*फुर्सत से करुंगा हिसाब ए जिंदगी,*
*तलाश में यायावर बन जाऊंगा मैं।।*
*सूरज की रोशनी सी रोशन तू,*
*रात का सितारा बन जाऊंगा मैं।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*एक सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, बल्कि मूल्यों पर चलने वाले व्यक्ति बनो*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 30:08 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 05:59 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | वज्र, 26:01 |
| सूर्योदयः | 05:33 |
| सूर्यास्तः | 19:17 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 17:16-08:59 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:53 |

# जन एक्सप्रेस

### बाबाओं का चक्कर !

*ना रूकते हैं हादसे ।*
*है फैला भ्रमजाल ।।*
*बाबाओं का चक्कर ।*
*बड़ा है सवाल ।।*
*त्रासदी ना रूकती ।*
*बिलख रहे हैं लोग ।।*
*है यह कोई साज़िश ।*
*या फिर है संयोग ।।*
*हुआ नहीं सुधार ।*
*हैं बढ़तीं घटनाएं ।।*
*है यही अपील ।*
*तर्क भी अपनाएं ।।*
*बीतती है जिस पर ।*
*झेलते जो मार ।।*
*दर्द ये भयावह ।*
*कौन जिम्मेदार ?*



- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## डल और बेजान त्वचा को खूबसूरत बनाने के लिए खाएं ये 3 चीजें, कुछ ही दिनों में दिखेगा असर



**खूबसूरत** और बेदाग त्वचा पाना हर किसी लड़की की पहली ख्वाहिश होती है। लेकिन टीएनएज में होने वाले पिंपल्स, एक्ने और सूरज की हानिकारक किरणों की वजह से स्किन टैनिंग की समस्या होने लगती है। त्वचा पर होने वाली इस तरह की समस्याओं से बचाव करने के लिए लड़कियां कई तरह की क्रीम, मास्क और घरेलू नुस्खों को आजमाती हैं। लेकिन ज्यादातर चीजों का नतीजा शून्य ही निकलता है। इन दिनों अगर आप भी त्वचा संबंधी परेशानियों का सामना कर रही हैं और कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करके थक गई हैं, तो अब वक्त है इसकी जड़ पर काम करने का। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट नमामि अग्रवाल की मानें तो त्वचा संबंधी समस्याएं तब होती हैं, जब हमारा खानपान सही नहीं होता है। इसलिए स्किन प्रॉब्लम से बचन के लिए डाइट में कुछ खास तरह की चीजों को शामिल करना जरूरी है।

**पपीताः** विटामिन सी से भरपूर, पपीता एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। एंटीऑक्सीडेंट मुक्त कणों, अस्थिर अणुओं से लड़ते हैं जो त्वचा कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं। विटामिन सी कोलेजन उत्पादन में भी मदद करता है, जो त्वचा को कोमल बनाता है। इसके अलावा पपीते में पापेन नामक एंजाइम पाया जाता है। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करके डेड स्किन को हटाने में मदद करता है। इसके अलावा पपीता डेड स्किन, झुर्रियों और झाइयों को हटाकर त्वचा को अंदर से चमकदार बनाता है।

**एलोवेराः** एलोवेरा अपने हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। गर्मियों में जिन लोगों की स्किन डिहाइड्रेशन की वजह से डल और सुस्त नजर आती है, उनके लिए एलेवोरा बहुत फायदेमंद होता है। एलोवेरा जेल त्वचा में नमी के स्तर को फिर से भरने में मदद करता है, जिससे त्वचा कोमल और जवां दिखती है। नमामि अग्रवाल के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो त्वचा की जलन और लालिमा को शांत करते हैं। आप एलोवेरा जूस, एलोवेरा अर्क को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

**फ्लैक्स सीड्सः** फ्लैक्स सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड का एक अच्छा सोर्स है। फ्लैक्स सीड्स का सेवन करने से स्किन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। यह त्वचा की नमी को बनाए रखने और वायु प्रदूषण के कारण स्किन पर आए प्रभाव को कम करता है। फ्लैक्स सीड्स में लिग्नान भी होते हैं। लिग्नान सूजन को कम करने और सेल टर्नओवर को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं, जिससे त्वचा की रंगत चमकदार बनती है।

एक्सप्रेस विशेष

# गांवों से पलायन एवं बढ़ते शहरीकरण के खतरे



ललित गर्ग

**शहर के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए और दफ्तर चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है।**

**भारत** में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुर्बानी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी। कुछ समय पूर्व स्विट्ज़रलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत

**देश के सभी बड़े शहरों और महानगरों में बड़ी संख्या में स्लम बस्तियाँ बन गई हैं। इनमें रहने वाले लोग शहरी जनसंख्या से संबंधित उच्च एवं मध्य वर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, परंतु वे न केवल गरीबी के शिकार हैं अपितु बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। प्रत्येक शहर में बेतरतीब यातायात एक गंभीर समस्या बन गया है क्योंकि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को लगभग समाप्त कर दिया गया है।**

के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है। इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरे के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। असल में देखें तो संकट वायु प्रदूषण का हो या जंगल का, स्वच्छ वायु का हो या फिर स्वच्छ जल का, सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा है जिससे शहर रूपी सुरसा सतत विस्तार कर रही है और उसकी चपेट में आ रही है प्रकृति और उसकी नैसर्गिकता। जिसके कारण मनुष्य की सांसें उलझती जा रही है, जीवन पर संकट मंडरा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित महानगरों के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। वायु प्रदूषण का कारण पराली एवं सड़क पर दौड़ते निजी वाहनों में खोजने की बजाय हमें महानगरों के अनियोजित शहरीकरण में खोजना होगा। पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनज़र शहर एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि शहर के विकास के लिये हरित क्षेत्र की बलि चढ़ाई जा रही है। जलवायु संबंधी परिवर्तनों ने कई शहरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, विशेषतः समुद्र किनारे बसे शहर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं रह गए हैं।

# खेत की रखवाली करने गए किसान का खेत में मिला शव



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना ईसानगर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शंकरपुर के रहने वाले किसान का शव खाली पड़े खेत में पड़ा मिला परिवार को जानकारी मिलने में परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें, गांव शंकरपुर निवासी 55 वर्षीय रामलखन शनिवार की शाम खेत की रखवाली करने गए थे। रविवार की सुबह रामलखन का शव जेठरा निवासी विशंभर दयाल के खाली पड़े खेत में पाया गया। वहीं शव मिलने की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के हाथ में एक दवा की सीसी बरामद हुई है।इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दवा की शीशी को कब्जे में लिया है। मृतक के बेटे जयपाल ने बताया कि उसके पिता ने गांव के ही विशंभर का खेत बटाई पर लिया था।जिसमें खड़ी गन्ने की फसल की रखवाली करने के लिए पिता रामलखन जाते थे।साथ ही वह बीमार भी रहते थे।शनिवार की भी शाम को वह खेत की रखवाली करने गए थे।

# झोपड़ी पर गिरा पेड़: परिवार के 7 लोग दबे, पिता-पुत्री घायल

* प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में नाम होने के बाद प्रधान ने नाम कटवा दिया गांव में रहना है तो प्रधान जी जो करे वह सब सहना है

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** शनिवार की देर रात तेज़ बारिश और आंधी के चलते में थाना खीरी के अंतर्गत पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में सीतापुर फोरलेन किनारे छप्पर पर एक विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे उसमें छप्पर के नीचे सो रहे एक ही परिवार के सात लोग दब गए। जिनमें से पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताते चलें गांव मरखापुर सीमा के पास लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन के किनारे संतराम झोपड़ी डालकर अपने परिवार के साथ रहता है। शनिवार की रात खाना-पीना खाने के बाद पूरा परिवार झोपड़ी में सो गया। इस बीच रात करीब 9 बजे तेज बारिश के बीच आंधी से पास में लगा गूलर का पेड़ उनकी झोपड़ी पर गिर गया, जिससे 38 वर्षीय संतराम उसकी पत्नी 35 वर्षीय निर्मला,15 वर्षीय पुत्री प्रीती, 12 वर्षीय नैन्सी, 10 वर्षीय कविता, 8 वर्षीय कामिनी और 5 वर्षीय कल्पना दब गए। वहीं चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और दबे लोगों को कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला। इस हादसे में संतराम और उसकी पुत्री नैन्सी गंभीर रूप से घायल हुई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संतराम ने बताया कि उसका नाम प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की सूची में था। लेकिन मौजूदा प्रधान ने उनका नाम सूची से कटवा दिया था पात्र लाभार्थियों के साथ अक्सर इस तरह के मामले सामने आते हैं।लेकिन प्रधान की मनमानी के चक्कर में किसको देना किसको नहीं देना यह प्रधान तय करते हैं।

# निघासन के सिविल जज देवांशु सैनी ने नये कानूनों को विस्तार से समझाया

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

1जुलाई से देश मे लागू हुए तीन नए कानूनो पर व्यापक परिचर्चा हेतु सिविल न्यायालय निघासन में एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान माला मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दणडाधिकारी खीरी प्रमोद कुमार यादव निघासन के सिविल जज देवांशु सैनी एवं एपीओ चारबाक आजाद नें व्याख्यान माला में प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता ए पी ओ चारबाक् आजाद ने उपस्थित अधिवक्ताओं को नए और पुराने कानून में अंतर समझाया। मुख्य अतिथि ने बी एस इस के नये प्रारूप के अनुसार डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस के बारे मे विस्तार से समझाया। निघासन के सिविल जज दीवाशु सैनी ने भी नये कानूनों पर विस्तार से समझाया.। इस व्याक्खान माला को बार के प्रेसिडेंट सर्वेश गुप्ता ने सम्बोधित करते हुये 107,116, 151, सी आर पी सी की नई धाराएं जो बी एन एस एस मे होंगी उसका विवरण बताया और पुलिस के बयान न्यायालय मे बी एन एस एस की किस धारा मे लिखें जाएंगे इस बारे मे भी बताया। इस कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध पांडे ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व बार के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता और सभी पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया एवं मुख्य अतिथि को मोमेंटो भी भेंट किया। कार्यक्रम के उपरांत न्यायालय परिसर मे अतिथियों ने और अधिवक्ताओ ने पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए ब्रच्छारोपण भी किया।

इस दौरान दीपचंद गुप्ता, मो लतीफ़, राहुल गुप्ता, नवदीप सिंह,मो सकील.तहसील बार के अध्यक्ष रुपेश. मंत्री उमाकांत. मेजर सिंह सहित कई अधिवक्ता और न्यायिक कर्मचारी गण उपस्तिथि रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ऑनलाइन उपस्थिति कदापि दर्ज न करें: शिक्षक संघ

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। आप सब भिज्ञ है कि प्रान्तीय अध्यक्ष योगेश त्यागी तथा प्रान्तीय महामंत्री नरेश कौशिक के नेतृत्व में जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश द्वारा कल 6 जुलाई 2024 को प्रान्तीय बैठक में सर्वसम्मति से ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में तथा 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में निर्णायक संघर्ष का निर्णय की घोषणा की गई है। प्रदेश का कोई भी शिक्षक किसी भी दशा में ऑनलाइन उपस्थिति नहीं देगा। आठ जुलाई से काली पट्टी बांधकर विरोध हम सब विरोध करेंगे। 15 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री जी के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। फिर भी हमारी मांगें नहीं मानी गई तो 22 जुलाई से लगातार महानिदेशक कार्यालय पर मांगें पूरी न होने तक अनिश्चितकालीन धरना,प्रदर्शन किया जाएगा। अपने वर्तमान और भविष्य के लिए प्रांतीय नेतृत्व पर विश्वास करके उपरोक्त कार्यक्रम में संघठन के आह्वान पर प्रत्येक संघर्ष में साथ दीजिए, क्योंकि संघर्ष ही एक मात्र विकल्प है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं, ऑनलाइन उपस्थिति के लिए प्रतिदिन मानसिक दबाव में भागता हुआ शिक्षक किसी न किसी दिन दुर्घटना का शिकार हो जायेगा। कृपया संगठन के आहवाहन अनुसार ऑन लाइन उपस्थिति को जोरदार विरोध करें, ऑन लाइन उपस्थिति कदापि दर्ज न करें।

### नगर पालिका की इंटरलॉकिंग सड़क गड्ढे में होने लगी तब्दील

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सांडी। कस्बे के मोहल्ला नवाबगंज के वार्ड नंबर एक मे हिमाचल बाबा देवस्थान के पास से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कराया जा रहा है। जो कि एक तरफ सड़क बन रही है और दूसरी तरफ सड़क धंस रही है। ठेकेदार की मनमानी के चलते सड़क में घटिया गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। कम मात्रा में गिट्टी डाली जा रही है। जिससे पहली बरसात में ही सड़क में कई जगह गड्ढे हो गए मोहल्ला वासियों व मंडल अध्यक्ष श्याम जी शर्मा ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से शिकायत की। शिकायत के बाद मौके पर जाकर अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश यादव व जे ई गौरव शुक्ला ने सड़क की जांच की। अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि दोबारा से सड़क निर्माण कराया जाएगा। और ठेकेदार पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण 08 से 25 जुलाई के मध्यम किया जायेगा: कमल नयन सिंह

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह ने अवगत कराया है कि भारत सरकार के दिये गये दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य योजना के अन्तर्गत आच्छादित गरीब पात्र लाभार्थियों का आर्थिक बोझ कम करने के लिए तथा राष्ट्रीय एक रूपता सुनिश्चित करने के लिए 01 जनवरी 2024 से पॉच वर्ष हेतु अन्त्योदय कार्ड धारकों को 14 कि0ग्रा0 गेंहू, 16 कि0 ग्रा0 चावल तथा 05 कि0ग्रा0 अवशेष बाजरा कुल 35 कि0ग्रा0 प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 01 कि0ग्रा0 गेंहू, 02 कि0ग्रा0 चावल एवं 02 कि0ग्रा0 अवशेष बाजरा प्रति यूनिट नि:शुल्क वितरण 08 से 25 जुलाई 2024 के मध्यम खाद्यान्न किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि खाद्यान्न वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा रहेगी और मोबाईल ओटीपी वेरीफेकेशन के माध्यम से प्रात: 08 से रात्रि 09 बजे तक खाद्यान्न वितरण कोटेदारों द्वारा निर्बाध किया जायेगा।

### निष्प्रयोज्य अम्बेसडर कार की नीलामी 09 जुलाई को: प्रभारी अधिकारी नजारत

जन एक्सप्रेस । हरदोई। प्रभारी अधिकारी नजारत ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी महोदय के आदेशानुसार कलेक्टेऊट की निष्प्रयोज्य अम्बेसडर कार की नीलामी 09 जुलाई 2024 को पूर्वाहन 11.30 बजे अपरान्ह 03.30 बजे तक एमएसटीसी पोर्टल पर साथ ही ऑफलाइन नीलामी कलेक्ट्रेट में करायी जायेगी। उन्होने कहा है कि वाहन नीलामी लेने के इच्छुक निर्धारित तिथि एवं समय पर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है, तथा अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में नजारत अनुभाग से सम्पर्क करें।

### गोला नगर में रात 2:00 बजे से लाइट की व्यवस्था हुई फेल

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। जो छोटी काशी के नाम से विख्यात है नगर में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त। रात दो बजे से लाइट गई है अभी तक नही चालू हो पाई जो शिव मंदिर फीडर अभी नया बना है जिस पर लोड भी ज्यादा नही है और ना तो लम्बा है, कोई भी ध्यान देने वाला नही है उपभोक्ता कितना सब्र करें लोगो के इन्वर्टर डाउन हो गए हैं घरों में एक बूंद पानी नहीं है। कोई सही जबाब नही दे रहा है। उपभोक्ता बहुत परेशान कोई सुनने वाला नहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों का नहीं लग रहा है फोन।

### भैंस चोरी करने आए चोर गांव वालों के शोर करने पर पीकप छोड़ कर भागे

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही है मकान दुकान जानवरों की चोरी की वारदातें को लगातार अंजाम दे रहे हैं चोर बताते चलें थाना पसगवां क्षेत्र में भैंस चोरी करने आए चोर ग्रामीणों की सक्रियता के कारण घटना को अंजाम नहीं दे सके। ग्रामीणों के घेरने पर चोर साथ में लाई गई पिकअप मौके पर छोड़कर भाग निकले ।पिकअप पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पशु चोर गिरोह के सदस्य शनिवार की रात थाना पसगवां के गांव मस्तीपुर पहुंच गए और भैंस चोरी करने का प्रयास करने लगे। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो उनमें हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घेराबंदी की और शोर माचाया तो चोर पिकअप और भैंस मौके पर छोड़कर भाग निकले। हालांकि ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर चोरों की घेराबंदी की, लेकिन वह हाथ नहीं आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप कब्जे में ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिकअप पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस चेसिस और इंजन नंबर के आधार पर पिकअप स्वामी की तलाश कर चोरों तक पहुंचने की कोशिश में जुट गई है।



# अंधविश्वास के चक्कर में झुलसी मासूम बच्ची की 15 दिन बाद मौत

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



पढुआ थाना क्षेत्र में एक तांत्रिक महिला के द्वारा झाड़ फूंक के चक्कर में बदहवास हुई चार वर्षीय मासूम बच्ची ने आखिरकार 15 दिन बाद रविवार को दम तोड़ दिया है। मासूम बच्ची पर शैतानों की साया बता कर उसकी पिटाई कर हांथ जलाने वाली तांत्रिक महिला को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। अंधविश्वास के चक्कर में मासूम बच्ची की हुई मौत की यह निंदनीय घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस को दी गई तहरीर में गांव मिझरिया मजरा नैनापुर निवासी संदीप राज ने बताया है कि उसकी चार वर्षीय पुत्री माही राज को विगत माह दिमागी की बुखार हो गया था।

उसने सामान्य बीमारी समझकर इधर-उधर झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार कराया लेकिन मासूम का स्वास्थ्य ठीक होने के बजाय और अधिक खराब होता गया। इस बीच पड़ोस के ही कुछ ग्रामीणों ने उसे झाड़ फूंक कराने की सलाह दे दी। तब वह 18 जून को मासूम बच्ची माही को पड़ोस के ही गांव अभयपुर निवासी तांत्रिक महिला गीता वर्मा के पास लेकर गया जहां पर तांत्रिक गीता ने मासूम बच्ची पर तीन शैतानों की साया बताकर पहले झाड़ फूंक करते हुए उसकी जमकर पिटाई किया। उसके बाद गोबर के कंडों की आग में मासूम बच्ची के दोनों हाथ जला दिए। तांत्रिक महिला के द्वारा पहले पिटाई फिर हाथ जलाने से मासूम बदहवास होकर गिर गई।

मासूम की हालत बिगड़ती देख पिता संदीप उसे जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल ले गया जहां पर दो-तीन दिन तक चले उपचार के बाद पैसे के अभाव में उसने मासूम को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा जहां पर चिकित्सकों ने उसकी जांच पड़ताल के पश्चात उपचार शुरू कर दिया। लेकिन हालात सीरियस देख चिकित्सकों ने उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए परामर्श दिया तब वह मासूम को लेकर घर आ गया और 26 जून को तांत्रिक महिला गीता के विरुद्ध पढुआ थाने में तहरीर दिया। इलाज के अभाव में अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रही मासूम माही के परिवार की आर्थिक स्थिति देखकर पढुआ थाने मैं तैनात रमियाबेहड सर्किल देख रहे एसआई वीरेंद्र सिंह ने उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज में ले जाकर भर्ती कर दिया लेकिन कुछ दिन चले इलाज के बाद फिर वही पैसे के अभाव में संदीप अपनी मासूम पुत्री माही को लेकर घर आ गया और रविवार सुबह उसकी मृत्यु हो गई।

अंधविश्वास के चक्कर में एक मासूम बच्ची के साथ हुई निंदनीय घटना को पुलिस ने संज्ञान में लेकर तांत्रिक महिला गीता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पूछताछ के लिए उसे हिरासत में ले लिया है।इस संदर्भ में एसओ हरिकेश राय ने बताया कि मासूम बच्ची के पिता की तहरीर पर उक्त तांत्रिक महिला गीता वर्मा के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गौशाला हुई जलमग्न, गोवंशो को किया गया सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित: पशु चिकित्सा अधिकारी



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

खंड विकास अधिकारी ऐलिया ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत सोहई में अस्थाई गौ-आश्रय स्थल सोहई वर्ष 2022 में निर्मित हुआ तथा वर्ष 2023 से संचालित हुआ। राजस्व विभाग द्वारा इस गौशाला के निर्माण हेतु आवंटित की गई भूमि ठीक नहीं थी क्योंकि यह लो-लैंड में बनाई गई।

इस गौशाला के दोनों तरफ तालाब हैं और बीच में गौशाला है।

आज सीतापुर जनपद में हुई भारी बारिश से सोहई गौशाला पूर्णतया जलमग्न हो गई है। यहां लगभग 100 गोवंश है, जिनको एक सुरक्षित स्थल अस्थायी गौ-आश्रय स्थल तिहार में स्थानांतरित किया जा रहा है।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रतीक सिंह, ग्राम पंचायत सचिव श्री नवल किशोर, ग्राम प्रधान और अन्य सभी को निर्देशित किया गया है कि ये स्थानांतरण पूर्णतया सुरक्षित तरीके से किया जाए। खंड विकास अधिकारी एलिया शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि उक्त गौशाला की मिट्टी तेज जल बहाव में बह जाने के कारण पूर्व में मृत कुछ गौवंश के शव ऊपर आ गए हैं, जिन्हें सम्मान पूर्वक निस्तारित किया गया है।

# बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों को देखते हुए राजस्व टीम को दिए कड़े निर्देश: उपजिलाधिकारी महमूदाबाद



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

तहसीलदार महमूदाबाद प्रशासन की राजस्व टीम द्वारा बाढ़ प्रभावित गांव अखरी, अंगरौरा, कनरखी, केवड़ा, शुकुलपुरवा, अटौरा आदि गांवों का निरीक्षण कर आवश्यक ब्यवथाओ को देखा गया।

उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने राजस्व टीम को कड़े निर्देश दिए कि कोई भी अधिकारी व कर्मचारी अपने क्षेत्र को नही छोड़ेंगे, बाढ़ प्रभावित गांवों का अनवरत निरीक्षण करते रहेंगे। प्रत्येक परिस्थिति पर कड़ी नजर बनाकर रखेंगे। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने चिकित्सा अधीक्षक रामपुर मथुरा को निर्देशित कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों ने एन्टीलार्वा का छिड़काव कराया गया व मेडिकल कैंपो में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उपजिलाधिकारी महमूदाबाद के निर्देश पर राजस्व टीम द्वारा रायसेनपुर और देशी लौकिया गौशालाओं का निरीक्षण किया गया जहाँ स्थिति सामान्य बनी है, यदि बाढ़ जैसे हालात बनते हैं तो इन गौशालाओं के गौवंश को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया जाएगा।

उन्होंने तहसील महमूदाबाद के सभी राजस्व व अन्य विभाग के कर्मचारियों को क्षेत्र पर भ्रमण करने व प्रत्येक परिस्थिति को संभालने के साथ ही जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश प्रदान किया।

### बाइक की टक्कर से ई रिक्शा अनियंत्रित होकर माइनर में पलटा

जन एक्सप्रेस । हरदोइ



**पाली।** पाली कस्बे से सवारियां लेकर पैतापुर जा रहा एक ई रिक्शा को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा पास में निकली माइनर के पलट गया, इस हादसे में एक किशोर घायल हो गया, जबकि शेष सवारियां सुरक्षित हैं। पाली कस्बे से करीब दर्जन भर सवारियां लेकर एक ई रिक्शा लौकहा होते हुए पैतापुर जा रहा था। बताते हैं कि जब ई रिक्शा लौकहा पुलिया पर पहुंचा तो सामने से आ रही एक बाइक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पास में ही माइनर में पलट गया। सूचना पाकर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सवारियों को सुरक्षित निकाला, ई रिक्शा पलटने से कुछ सवारियों को हल्की चोट आई थी, जिनका प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उनके घरों को भेज दिया गया। जबकि पैतापुर के 12 वर्षीय आयुष को पैर में चोट आई, उसका भी उपचार कराया गया।

# शुरुआती बरसात में ही नगर पालिका द्वारा कार्यो की खुली पोल

जन एक्सप्रेस । हरदोई



सांडी। वरसात का मौसम शुरू होते ही नगर पालिका मे कराए जा रहे विकास कार्य के गुणवत्ता की पोल खुल गई। मानक को दरकिनार कर बनाई गई इन्टर लाकिग सडक टूट कर पानी मे वह गयी। अधिशासी अधिकारी ने पुनः सड़क को मानक के अनुरूप बनाने की बात कही।

साडी नगर पालिका परिषद द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कई जगह नाला और इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। मानक के अनुरूप निर्माण न होने के कारण कई बार शिकायतें भी की गई।जिसका ताजा उदाहरण बरसात का मौसम शुरू होते ही नबाबगंज में वन नर्सरी के पीछे बन रही सड़क बनने से पहले ही बारिश में टूट कर गड्डो में तब्दील हो गयी। यह सड़क भी मानक के अनुरूप नहीं बनाई गई नगर पालिका में विकास कार्य के लिए सरकार द्वारा आवंटित बजट जेई अधिशासी अधिकारी और ठेकेदार के वीच कमीशन वाजी मे फस गया। शिकायत पर ई0ओ0 जयप्रकाश यादव ने पुनः सड़क बनवाये जाने की बात कही जे0ई0 गौरव शुक्ला का फोन नहीं उठ सका। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि नाली में बहाव ऊंचा नीचे के साथ सड़क पर डाली गयी रोड़ी पर कम मिट्टी डाली गयी। उसे गीला नही किया गया। सीमेन्ट का प्रयोग भी सही नही है। आदि कमियो के कारण ठेकेदार को पुनः सड़क उखाड़ कर मानक के अनुरूप बनाने के निर्देश दिये। फिलहाल नगर पालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कस्बे में बनाए गए मानक विहीन नाले की शिकायत रद्दी की टोकरी में डाल दी गई। वही वन नर्सरी के पीछे बनी इंटरलॉकिंग सड़क ने मानक की पूरी पोल खोल कर रख दी है।

### विद्युत पोल में उतरा करेंट, चपेट में आने से भैंस की मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई



**सांडी।** क्षेत्र के छितरामऊ गांव में बरसात के बीच एक विद्युत पोल में करेंट उतरने से उसकी चपेट में आई एक भैंस की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार छितरामऊ गांव में एक विद्युत पोल में बरसात के चलते गांव में खड़े विद्युत पोल में करेंट आ रहा था।जिसकी चपेट में आने से गांव निवासी विनय सिंह पुत्र भानुप्रताप सिंह की भैंस की करेंट लगने से मौत हो गयी।

### एसपी ने पाली में दंगा नियंत्रण अभियान के रिहर्सल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हरदोई। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शाहाबाद सर्किल में दंगा नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी द्वारा थाना पाली क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व संवेदनशील स्थानों के साथ साथ धार्मिक स्थलो पर दंगा नियंत्रण अभियान का निरीक्षण कर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। जिससे जनपद में कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, सीओ शाहाबाद, क्षेत्राधिकारी हरपालपुर व प्रभारी निरीक्षक अभिसूचना इकाई सहित समस्त पुलिस फोर्स दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ मौके पर मौजूद रहा।

# पुलिस मुठभेड़ में चार गो-तस्कर गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली

* मुठभेड़ में एसएचओ सहित तीन पुलिस कर्मी घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई



एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में गौ-तस्करों की तलाश के लिए चलाए जा रहे सर्च आपरेशन के दौरान गौ-तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो गौ-तस्कर गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि दो तस्करों को पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इस मुठभेड़ में एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह के अलावा एक हेड कांस्टेबिल व एक अन्य कांस्टेबिल घायल हो गए हैं।

बताते चले कि शुक्रवार को टड़ियावां थाने के रमदान कुई में खारजा के किनारे एक गन्ने के खेत में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष पाए गए थे। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर गौकशी करने वालों की तलाश में सर्च आपरेशन शुरु किया। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर सर्च आपरेशन में टड़ियावां पुलिस के साथ एसओजी, सर्विलांस/स्वाट टीम भी लगाई गई थी। सर्च आपरेशन में जुटी टीमें शनिवार को हरिहरपुर से होते अयारी पुल से हर्रई की तरफ जा रही थी, उसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि गौकशी करने वाले कुछ लोग अलीशाबाद ईदगाह के पास छिपे हुए है। टीम ने वहां घेराबंदी कर दी। उसी बीच हर्रई के पास रामलाल की बगिया के पास गौकशी करने वालों ने पुलिस टीम के ऊपर फायर झोंक दिया, बचाव में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। जिसमें गोपामऊ कस्बे के मोहल्ला लालपीर निवासी मोहम्मद उर्फ मोहम्मद अहमद पुत्र लाला के दाहिने और सिद्दीक पुत्र शफीक के बाएं पैर में गोली लगने से गिर पड़े। जिन्हे पुलिस टीम ने पकड़ लिया,जबकि भाग रहे अजय पुत्र धर्मपाल निवासी लालपुर भैंसरी व मजरा शंकरपुर निवासी नन्हे पुत्र मेवाराम को दौड़ा कर दबोच लिया गया।

मुठभेड़ के दौरान एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह, हेड कांस्टेबिल विनय यादव व कांस्टेबिल शेष यादव भी घायल हुए हैं। पुलिस ने गौ-तस्करों से तमंचा, कारतूस, चाकू-छुरियां के अलावा अन्य कई चीजें बरामद की हैं।

### होमगार्ड न्याय के लिए दर-दर भटक रहा बेटे के हत्यारे पुलिस की पकड़ से दूर

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी। इकलौते बेटे की मौत हो जाने के बाद होमगार्ड पिता दर बदर इंसाफ की उम्मीद से भटक रहा है। खुद निघासन कोतवाली में तैनाती होने के बावजूद भी पुलिस उसे न्याय देने में कोताही बरत रही है। करीब दो हफ्ते बीत जाने के बाद निघासन पुलिस दोबारा किसी से पूंछताछ करने के लिए नहीं पहुँची है। होमगार्ड का आरोप है कि नौकरी में कार्यरत होने के बाद पुलिस के ऐसे रवैये से मन आहत है। इंसाफ के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे है। पुलिस सुनती ही नहीं है। जिसके चलते शनिवार को होमगार्ड कृष्ण कुमार ने समाधान दिवस में अधिकारियों के सामने पेश होकर अपनी व्यथा सुनाई है। कृष्ण कुमार ने बताया कि 20 जून को रात करीब 10:15 बजे दोनो एक साथ टीवी देख रहे थे। देर अधिक हो जाने के कारण बेटे शिवम उम्र 15 वर्ष से टीवी बंद करके सो जाने को कहा। वह हमेशा अपनी छोटी बहन के साथ ही लेटता था। करीब साढ़े 11 बजे जब बेटी उठी तो शिवम को बिस्तर पर नहीं पाई ।बेटी ने इस बारे में मुझे जानकारी दी। इधर उधर तलाश करने के बाद घर से करीब 20 मीटर की दूरी पर जामुन के पेड़ में उसका शव लटका हुआ मिला ।जिसकी सूचना पुलिस को दी। मौके ओर पहूँची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। रिपोर्ट अभी तक मिली नहीं है। जिले से आने की बात पुलिस रोज बताती है। इसके अलावा घटनास्थल से करीब 25 मीटर की दूरी पर शम्भू निवासी ठाकुरपुरवा नाम का युवक आम के बाग की रखवाली करता है ।झोपड़ी में जल रहा बल्ब घटना के दिन बंद होने से शक होने की आशंका है ।उसे घटना के बारे में कुछ न कुछ जानकारी होने की उम्मीद है। लेकिन पुलिस ने आज तक उसे पकड़कर पूंछताछ के लिए लेकर नहीं आई।

# सीएम योगी ने की पहल, अब टिन शेड नहीं पक्के मकान में रहेगा अंजू का परिवार

## सिक्सलेन मार्ग व फ्लाईओवर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लिया सड़क किनारे रहने वाले परिवार की समस्या का संज्ञान

**सीएम की आत्मीयता से खुशी में भीग गईं अंजू की आंखें, बोलीं-धन्य हैं योगी जी महाराज**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



जरूरतमंद लोगों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता जग जाहिर है। उनकी समस्या जानते ही मौके पर समाधान की त्वरित पहल करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा है। मुख्यमंत्री की इसी संवेदनशीलता और कार्यशैली का एक नजारा आज उसे वक्त देखने को मिला जब वह टीपीनगर सिक्सलेन मार्ग फ्लाईओवर और देवरिया बाईपास से कनेक्टेड होने वाले फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उनकी नजर एक टिन शेड में रह रहे परिवार पर पड़ी और इस परिवार की आवास की समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त हो गया।

**टीपी नगर में निरीक्षण के दौरान सीएम की निगाहें समझी गरीब परिवार की समस्या**

शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टीपीनगर फ्लाईओवर, सिक्सलेन मार्ग का निरीक्षण करते हुए देवरिया बाईपास के समीप पहुंचे और इस बाईपास से कनेक्ट होने वाले फ्लाईओवर की प्रगति जानने लगे। तभी उनकी नजर सड़क किनारे खड़े होकर उन्हें निहार रहे एक परिवार पर पड़ गई। परिवार की दीन दशा देख सीएम योगी उनकी तरफ बढ़ चले। उन्होंने सबसे आगे मौजूद उस परिवार की महिला से बातचीत की।

**मुख्यमंत्री ने जाना अंजू की समस्या, मातहतों को दिया तत्काल समाधान का निर्देश**

अंजू नाम की महिला से मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या आप यहीं रहती हैं। महिला के हां कहने पर मुख्यमंत्री ने पूछा कि पक्का आवास क्यों नहीं बना है। इस पर महिला ने उन्हें अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति का हवाला दिया। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या यह जमीन आपकी है, क्या पीएम आवास नहीं मिला है। अंजू ने बताया कि जमीन तो उनकी है लेकिन पीएम आवास नहीं मिल सका है। मंजू की समस्या जानकर मुख्यमंत्री द्रवित हो गए। उन्होंने तत्काल प्रशासन के अफसरों को निर्देशित किया कि इस महिला के परिवार को जल्द से जल्द पीएम आवास उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यदि इस परिवार की जमीन विकास कार्य के चलते अधिग्रहण के दायरे में आई हो यो मुआवजा भी शीघ्र दिया जाए। सीएम का निर्देश मिलते ही प्रशासन प्रक्रिया में जुट गया है।

**खुशी झूम उठी अंजू, बोली धन्य हैं महराज जी**

आवास की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री की तरफ से पक्का भरोसा मिलने से अंजू की आंखें खुशी से छलक उठीं। उन्होंने हाथ जोड़कर सीएम का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के बाद अंजू ने कहा, 'धन्य हैं महाराज जी। उनकी कृपा से अब हमारे परिवार की समस्या दूर हो जाएगी और पक्के मकान में रहने का सपना पूरा हो जाएगा।'

# सदर तहसील लेखपाल संघ कार्यकारिणी का चुनाव हुआ सम्पन्न

**सदर तहसील लेखपाल संघ अध्यक्ष राजू , वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू , मंत्री राम नगीना कोषाध्यक्ष उपेंद्र हुए निर्वाचित**

**उपमंत्री श्रीराम यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह, ऑडिटर माधव गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



तहसील लेखपाल संघ तहसील सदर शाखा के अध्यक्ष राजू सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह मंत्री राम नगीना पटेल उप मंत्री श्रीराम यादव कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ऑडिटर निर्वाचित घोषित। रविवार को तहसील सदर सभागार में सदर तहसील संघ लेखपाल अपने-अपने प्रत्याशियों के जीत सुनिश्चित करने का दवा कर रहे थे तो वहीं सुबह पुरानी कार्यकारिणी ने अपना आय व्यय सार्वजनिक करते हुए कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की तत्पश्चात नई कार्यकारिणी के लिए मतदान 12 बजे से प्रारंभ हुआ 4 बजे समाप्त होने के बाद मतगणना शुरू हुआ। 171 सदर तहसील के लेखपाल को वोट डालना था लेकिन 169 लेखपाल अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अध्यक्ष राजू सिंह 59 वोट वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू सिंह 85 वोट मंत्री राम नगीना पटेल 89 वोट कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार 103 वोट पाकर विजई घोषित किए गए उप मंत्री श्री राम यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ऑडिटर माधव गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी अजीत राज गौतम आकाश श्रीवास्तव ताराचंद यादव ओमप्रकाश यादव अपने दायित्वो का निर्वहन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने में अपना अहम योगदान दिया निर्वाचित प्रत्याशियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# विधायक और डीएफओ ने किया पौधरोपण दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पेड़ पौधों का हमारे दैनिक जीवन में अहम योगदान - डीएफओ**

जन एक्सप्रेस। कैम्पियरगंज, गोरखपुर




वन महोत्सव सप्ताह के सातवें दिन पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को कैंम्पियरगंज तहसील क्षेत्र के मोदी गंज सब्जी मण्डी में क्षेत्रीय विधायक फतेहपुर बहादुर सिंह और डीएफओ विकास यादव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन, जीव-जंतु व पेड़ पौधों पर बुरा असर पड़ रहा है।पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और उनकी सुरक्षा भी करना विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। मानव और पर्यावरण का अत्यंत गहरा संबंध है। निजी स्वार्थ में लोगों ने प्रकृति का लगातार दोहन किया है, जिससे पर्यावरण असंतुलन की स्थित बन गई है और अब इसे संतुलित करने के लिए सभी को समय रहते प्रयास करना होगा अन्यथा इसके भयावह दुष्परिणामों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों ग्राम सभाओं के प्रधान, ब्लाक प्रमुख अश्विनी जायसवाल, विधायक पीआरओ समशेर सिंह, एसडीओ हरि नारायण, वन रेंज क्षेत्र प्रभारी,वन क्षेत्र अधिकारी समर सिंह, वन दरोगा अनिल सिंह, राहुल सिंह, विनय गोंड, चन्द्र भूषण पासवान और अन्य लोगों ने पौधे आम, पाकड़ आंवला आदि पेड़ का पौधरोपण किया। इस दौरान गणेश, राहुल सिंह, ग्राम प्रधान समेत वन कर्मी मौजूद रहे।

# टमाटर हुआ लाल, कैसे बनेगा स्वादिष्ट सब्जी और दाल रसोई में क्यों लगी है आग, टमाटर जो हुआ है लाल

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



लोकसभा चुनाव के पश्चात बाजार में महामारी बन धमकी महंगाई की ह मार से परेशान उपभोक्ताओं को एक और झटका लगा है। रोजमर्रा की प्रमुख जरूरतों में शामिल टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। एक सप्ताह में कीमतों में दोगुना से अधिक इजाफा होने से विक्रेता और ग्राहक दोनों परेशान हैं। लगातार बढ़ रहे दाम के बाद मध्यमवर्गीय लोग टमाटर खरीदने से कतराने लगे हैं।मानसून की शुरूआत होने से पूर्व जिले में टमाटर 40 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा था। पिछले सप्ताह टमाटर के दाम 40 से 60 रुपये प्रति किलोग्राम थे तो वहीं शुक्रवार को भाव बढ़कर 80 रुपये हो गए। शनिवार को 100 रुपये किलो टमाटर बिक रहे थे जबकि रविवार को दाम बढ़कर 120 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। जिस गति से टमाटर के दाम बढ़ रहे हैं, उसे देखकर लोगों को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दाम याद आने लगे हैं।बाजार में बढ़ती मंहगाई से क्षुब्द सब्जी विक्रेताओ का कहना है कि बारिश के दिनों में टमाटर के दाम हर साल बढ़ते हैं। हालांकि इस बार जिस तरह से रोजाना कीमत बढ़ रही है, वह चिंताजनक है। महंगाई के कारण ग्राहक भी सीमित मात्रा में टमाटर खरीदने लगे हैं।

## आलू हुआ चालिस तो टमाटर एक सौ बीस, पति बोलते पत्नी से टमाटर की चटनी मत पीस

कभी प्याज के दाम रुलाते हैं, तो कभी लाल हो जाता है टमाटर, क्यों हर साल महंगी हो जाती हैं सब्जियां? सप्लाई में कमी या कारण कुछ और ही रहता है । मुख्य सब्जी के रुप में जाने जाने वाले आलू की कीमतें जहां विगत दो सप्ताह में बीस रुपए से बढ़ कर चालीस रुपए प्रति किलो हो गया है,वहीं टमाटर 120 रुपए अदरक 2 सौ रुपये किलो, हरी मिर्च भी तीखी होकर 200 रुपये तक पहुँच गई हैअरहर दाल 190 प्याज 70, तोरई 60 अरबी 60, बींस 70, टिंडे 80 समेत कई सब्जियों के दाम भी दालों की तरह आसमान छूते जा रहे हैं। महीने भर के अंदर ही रसोई का बजट कैसे बिगड़ गया, महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहले ही रोजमर्रा की सामग्री के दाम आसमान छू रहे थे, अब दाम बढ़ने से टमाटर खरीदना भी मुश्किल हो गया है। लगातार बढ़ते दाम को देखते हुए फिलहाल टमाटर खरीदना ही छोड़ दिया है। जब दाम गिरेंगे, तभी टमाटर भोजन में शामिल होंगे। खाद्य सामग्री महंगी होने का नुकसान गृहिणी को उठाना पड़ता है। स्वाद और मात्रा के बीच समझौता बिठाने में काफी दिक्कत होती है। टमाटर के बिना दाल हो सब्जी, खाने का स्वाद अधूरा लगता है। महंगा होने के कारण टमाटर का उपयोग कम करना मजबूरी बन गया है ।

# बेखौफ अपराधियों ने किया बीच सड़क पर ट्रक ड्राइवर की पिटाई

## पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए, पिटाई करने का रील बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल

**योगी पुलिस को अपराध का आइना दिखाते बेखौफ अपराधी**

जन एक्सप्रेस। देवरिया




उत्तर प्रदेश सरकार के अपराध और अपराधी मुक्त प्रदेश का दावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह मंडल गोरखपुर के जनपद देवरिया में पूरी तरह फेल होता नजर आ रहा है। जहां पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता से देवरिया अपराधियों की नर्सरी में तब्दील हो गई है। बिहार प्रांत से सटा जनपद होने के कारण अवैध शराब तस्करी, अवैध हथियारों की तस्करी सहित गौ वंश तस्करी जोरों पर है तो वहीं बिहार प्रांत के अपराधियों की शरणस्थली भी है। जिससे जिले में युवा अपराधियों की संख्या हर गांवों में बढ़ोतरी हुई है और बेखौफ हो युवा अपराधी दिन दहाड़े बीच सड़क पर घटनाओं को अंजाम दे रहे और पुलिस मुक दर्शक बन अवैध वसूली में व्यस्त हैं।

### बेखौफ अपराधियों ने पिटाई का वीडियो बना सोशल मीडिया पर किया वायरल

मामला जनपद के सदर कोतवाली थाना का है जहां सोनू घाट महुआनी मार्ग पर अवस्थित पडरी रेलवे क्रासिंग के पास एक ट्रक ड्राइवर को अपराधियों ने बीच सड़क में खड़ा कराकर बेरहमी से पिटाई की और पिटाई करने का विडियो भी बनाया और पिडित चालक के जेब में रखे छः हजार रूपये भी लूट लिए । तथा लोगों में दहस्त फैलाने के लिए आरोपी रानू यादव ने पिटाई का विडियो बनाकर सोशल मिडिया पर वायरल भी कर दिया ।पिटाई करने वाले युवकों पर पहले से कई आपराधिक मुकदमे भी दर्ज हैं।

### पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

पीड़ित ने बताया कि मुख्य आरोपी का नाम रानू यादव हैं, इसके पीता हमारे साथ ट्रक चलाता हैं ट्रक चलाने को लेकर हमसे विवाद हुआ तभी से हमें आरोपी के पिता जान से मारने के फिराक में था और 6 जून को रानू यादव अपने साथियो के साथ बुलेट से हमारा ट्रक रोक इस घटना को अंजाम दिया। थाना सदर कोतवाली को तहरीर देने के बावजूद भी पुलिस ने इन अपराधियों पर कोई अभी तक कार्यवाही नहीं किया जबकि रानू यादव एक पेशेवर अपराधी है।

# आनंदनगर नगर पंचायत उप्र सफाई कर्मचारी संघ शाखा के चुने गए पदाधिकारी

**अमरजीत अध्यक्ष, महामंत्री चुने गए हमीदुल्ला**

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज



उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के शाखा आनन्दनगर के नई कार्यकारीणी का गठन हुआ और पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया।आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर के कार्यलय पर सर्व सम्मानित से नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को हुआ।आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष बृजेश चौधरी व विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष विजयलक्ष्मी जायसवाल रहीं।बतौर मुख्य अतिथि का सफाई कर्मचारीयों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।जिसमें उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के शाखा नगर पंचायत आनंद नगर के अध्यक्ष अमरजीत, व महामंत्री हमीदुल्लाह को प्रांतीय अध्यक्ष बृजेश चौधरी की अध्यक्षता में चुना गया। इसी क्रम में नई कार्यकारिणी उपाध्यक्ष विजय, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र विश्वकर्मा, संयोजक मनोनीत विश्वकर्मा को सर्व सम्मानित से चुना गया। उपस्थित सफाई कर्मियों ने नियुक्त हुए पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रांतीय अध्यक्ष बृजेश चौधरी ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं और शोषण का गहन चिंतन का विषय है। नई कार्यकारिणी बनने से मजबूती मिलेंगी। सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न कदापि बर्दाश्त नहीं होगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेश ब्वायड, राजेश रावत, श्रवण कुमार ,रमाकांत राय अन्य मौजूद रहें।

# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल पहुंचे लेहड़ा मंदिर, टेका माथा

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रविवार को पहुंचे लेहड़ा मंदिर, टेका माथा, दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने कहा कि, देश कल्याण के लिए प्रार्थना की। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला नई दिल्ली से रविवार को सुबह 9:40 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने के पश्चात एयरपोर्ट से सीधे महराजगंज जिले के फरेंदा में पहुंचे। फरेंदा में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात वे वृजमनगंज स्थित लेहड़ा माता मंदिर प पहुंचे। जहां मां लेहड़ा देवी का दर्शन- पूजन किया और उन्होंने मंदिर के पुजारी से वार्तालाप भी किया। राज्यपाल ने कहा कि देश के कल्याण के लिए मां आदिशक्ति लेहड़ा देवी से प्रार्थना किया है उन्होंने कहा कि महाभारत काल से लेहड़ा मंदिर का इतिहास जुड़ा है पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान यहां व्यतीत किया था। मां आदिशक्ति को पांडवों की धर्मपत्नी द्रौपदी ने अपने आंचल को फाड़ कर चढ़ाया था। वें वहां दर्शन-पूजन करने के बाद गोरखपुर स्थित अपने आवास के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मन्दिर के पुजारी हरिचंद पाण्डेय,ओम प्रकाश पाण्डेय, संतोष पाण्डेय अन्य मौजूद रहें।

**पार्षद की अनदेखी से नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं पिपरापुर मोहल्लावासी**

# अधूरे सड़क निर्माण से वार्ड बना तालाब, जलजमाव से आवागमन हुआ मुश्किल

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

सीएम सीटी गोरखपुर के पिपरापुर मोहल्ले में पार्षद की लापरवाही से नरकीय जीवन जीने के लिए वार्ड की जनता मजबूर है।

एक तरफ सड़क का निर्माण हुआ है और दूसरी तरफ निर्माण नहीं होने की वजह से हल्की बारिश होने पर भी भयंकर जलजमाव हो रहा है सड़क पर बहते सीवर के गंदा पानी की वजह से उठ रही दुर्गंध से बीमार मरीजों, बूढ़े बुजुर्ग स्कूली बच्चों आए दिन इन गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है और संक्रामक बिमारियों का भी खतरा बना हुआ है। वहीं पिपरापुर वार्ड में पिछले 4 महीने से सड़क निर्माण कार्य पूरा ना होने की वजह से यहां पर भी जलजमाव और गंदगी बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने कई बार शिकायत की लेकिन उनकी अनदेखी कर दी जा रही है।

इस संबंध में वार्ड नंबर 68 दधिचि नगर के पार्षद सरवन पटेल ने पूछे जाने पर बताया कि बरसात हो रही है जलजमाव तो होगा। जहां पर सड़क का निर्माण नहीं हुआ है वहां के स्थानीय लोगों द्वारा नाली निर्माण करने से रोका जा रहा है इस वजह से सड़क निर्माण का कार्य रुका हुआ है। बरहाल आपसी विवाद की वजह से स्थानीय नागरिकों को बरसात में जल जमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जबकि मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि जनपद में कहीं भी जलजमाव की समस्या उत्पन्न न होने पाए। वरना अधिकारियों पर गाज गिरेगी। पार्षद की अनदेखी की वजह से समस्या जस की तस बनी हुई है।



# बारिश में गिरा कच्चा मकान, दबकर दो मवेशी की हुई मौत, तीन को जिंदा बचाया गया

जन एक्सप्रेस। लंभुआ/सुलतानपुर

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत लंभुआ के कृष्ण नगर वार्ड (परशुरामपुर)में शनिवार की रात में लगातार हो रही बरसात से कचा मकान गिरजाने से उसके मलबे में दबकर दो मवेशियों की मौत हो गई। जबकि उसमें दबी तीन मवेशियों को जिंदा बचाया जा सका जिसमें से एक गंभीर रूप से घायल है।

अब लगातार हो रही बारिश से कच्चे एवं जर्जर मकान गिरने लगे हैं। रात करीब 09ः00 बजे के लगभग कच्चा मकान भरभरा कर ढह गया। मकान गिरने से घर में बंधी मवेशी मालबे में दब गए जिसमें दो मवेशियों की मौत हो गई और तीन मवेशियों को ग्रामीण एवं पुलिस की मदद से जिंदा बचाया जा सका।

हादसा लंभुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत लंभुआ के कृष्णा नगर(परशुरामपुर) निवासी पशुपालक राम आशीष यादव के यहां हुआ। राम आशीष का कच्चा मकान था जिसमें मवेशी बांधा करते थे। रात में करीब 09ः00 बजे के लगभग बरसात की वजह से मकान अचानक भरभरा कर घर में बंधे पांचो जानवरों पर ढह गया। गनीमत रही परिवार के अन्य सदस्य दूसरे मकान में थे। रात में घर के गिरने की आवाज सुनकर आस पड़ोस के ग्रामीण राम आशीष के घर पहुंच गए।

जहां पांचो मवेशी मकान के मलबे में दबे हुए थे। जिसकी सूचना तुरंत लोगों ने पुलिस को दी। ग्रामीणों व परिवार के सदस्यों एवं पुलिस के सहयोग से मलबे में दबे जानवरों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दो की जान निकल चुकी थी। वहीं तीन जानवरों को जिंदा बचाया जा सका। मवेशियों में सबकी सब भैंस एवं भैंस के बच्चे थे। पशुपालक इन्हीं पशुओं से अपना जीवन यापन करता था मवेशी के मरने से पशुपालक का आर्थिक क्षति भी हुई है जिसकी सूचना राजस्व अधिकारियों को दे दी गई लेकिन अभी तक राजस्व से संबंधित कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे।

# बरसात के पानी से डूबे जर्जर मकान में गुप्ता परिवार रहने को है मजबूर

जन एक्सप्रेस। लंभुआ/सुलतानपुर



लंभुआ स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ गांव के निवासी सुभाष गुप्ता का पुश्तैनी मकान जो काफी जर्जर हो चुका है। और इस समय हो रही बरसात से घर में पानी भरा हुआ है। घर में भरे हुए पानी को उलच कर गुप्ता परिवार रहने को मजबूर है गुप्ता परिवार के पास इस जर्जर मकान के अलावा कोई जमीन और घर नहीं है। जिसकी वजह से इस परिवार को जर्जर मकान में रहना पड़ रहा है। यह जर्जर मकान इस बारिश में कभी भी गिर सकता है और कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

घर को बनाने के लिए तहसील से लेकर प्रमुख सचिव तक के अधिकारियों से अपनी समस्या को अवगत करा दिया है इसके बावजूद भी गुप्ता का घर नहीं बन सका। गुप्ता तीन भाई हैं जो अपना दिहाड़ी मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। गुप्ता का कहना है कि मेरा पुश्तैनी मकान गाटा सं0-1906 रकवा-0.13हे0 में बना हुआ है। जो अतिवृष्ट में पुराना मकान जर्जर होने के कारण गिर गया है, जिस पर पुनः निर्माण करना चाहता है। जबकि गाटा सं0-1906 खाते में नवीन परती दर्ज है, जिस पर पूर्व में 122बी की कार्यवाही की गयी थी। दिनांक 19-03-1993 को अपर जिलाधिकारी महोदय (वित्त एवं राजस्व) सुल्तानपुन ने 122 बी की कार्यवाही समाप्त करके 49क की नोटिस वापस लेकर धारा-123 (1) का लाभ देने का आदेश किया था।इसके बावजूद भी घर नहीं बन पा रहा है।

गुप्ता का आरोप है गांव के ही रहने वाले परिशिद्धि पुत्र अयोध्या दुबे व उनके पुत्र पवन दुबे गुप्ता के परिवार वालों को जान मार डालने की धमकी देकर तहसीलदार लम्भुआ से मिलकर गुप्ता के मकान का निर्माण नहीं होने दे रहे हैं और गुप्ता के दरवाजे पर उपरोक्त दुबे लोग घूर, गढ्ढा रखकर प्रदूषण किये हुये हैं। जबकि गुप्ता ने उप जिलाधिकारी महोदय, लम्भुआ को प्रार्थना पत्र देकर मकान निर्माण के लिए मांग किया था। हलका लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में पुश्तैनी मकान व धारा-123(1) के द्वारा आवंटन की रिपोर्ट किया है, लेकिन तहसीलदार महोदय, लम्भुआ विपक्षी के प्रभाव में आकर लेखपाल व राजस्व निरीक्षक तथा श्रीमान् अपर जिलाधिकारी महोदय (वित्त एवं राजस्व) सुल्तानपुर के रिपोर्ट व आदेश को नजर अंदाज करके गुप्ता के मकान का निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। जबकि उक्त निर्माण के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में किसी भी प्रकार का स्थगनादेश भी नहीं है। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि हमारी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जिलाधिकारी के अनशन करने को मजबूर होंगे।

# पूर्व सभासद एवं पत्रकार श्रवण यादव के आकस्मिक निधन पर पहुंचे सांसद राम भुवाल

**शोकाकुल परिवार के घर पहुंच कर सांसद ने शोक संवेदना व्यक्ति की**

जन एक्सप्रेस। चांदा/सुल्तानपुर



लंभुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोइरीपुर नगर पंचायत निवासी एव सच आप तक के संपादक एवं पूर्व सभासद श्रवण यादव उर्फ सत्या के आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत में दौड़ी शोक की लहर। श्रवण यादव उर्फ सत्या सुल्तानपुर जिले के कोइरीपुर निवासी थे जिन्होंने बहुत ही कम समय में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने की जिम्मेदारी को बाखूबी समझा ही नहीं उठाया भी। इसी के साथ समाजवादी पार्टी के मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष भी रहे नगर पंचायत कोइरीपुर से हनुमंत नगर से सभासद भी रहे। आम जन सरोकार से जुड़े मुद्दों पर लगातार सक्रियता दिखाते हुए अपनी बखूबी जिम्मेदारी निभाई। उनके इस आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत श्रवण यादव के निधन की सूचना मिलने पर समाजवादी पार्टी के स्थानीय सांसद शोकाकुल परिवार के घर पहुंच कर सांसद रामभुवाल निषाद ने शोक संवेदना व्यक्त की एवं शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान सांसद ने कहा कि उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए बड़ी क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार वालों को दुख सहन करने की क्षमता दे।

वहीं बीते मंगलवार को सोनावां निवासी यादव परिवार के दो सगे भाइयों के करंट लगने से मृतक हुए भाइयों के घर भी पहुंच कर शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने दोनों जगह पर हुई इस दुखद घटना के परिवार वालो को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को प्रकृति दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष पृथ्वी पाल यादव, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी डॉक्टर राकेश राजन,परमात्मा यादव,वरिष्ठ सपा नेता जितेंद्र बर्मा उर्फ बाजीगर, कोइरीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कासिम, वंशराज यादव हरीश यादव अशोक यादव लंकेश, उदय चंद यादव भीम भजन यादव पंकज यादव दीपक आदि लोगों ने शोकाकुल परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# 26 दिन बाद चीन से आया मरीन इंजीनियर का पार्थिव-शरीर

जन एक्सप्रेस। आगरा

चीन में हार्ट अटैक से आगरा के मरीन इंजीनियर का देहांत हो गया था। पिछले 26 दिन से परिजन पार्थिव शरीर का इंतजार कर रहे थे। रविवार दोपहर को मरीन इंजीनियर का पार्थिव शरीर एंबुलेंस से दिल्ली से आगरा पहुंचा। घर पहुंचने पर पत्नी का बुरा हाल हो गया। वह फूट-फूट कर रोने लगी। बस एक ही बात बोल रही थी कि पति को सही सलामत भेजा था, उन्हें यह क्या हो गया। यह देखकर बच्चे भी रोने लगे। उन्हें परिवार के लोगों ने किसी तरह संभाल लिया।

पोस्टमार्टम के बाद दोबारा घर लाकर अंतिम संस्कार कराया जाएगा। आगरा के मरीन इंजीनियर अनिल कुमार श्रीवास्तव मर्चेंट नेवी में बतौर चीफ इंजीनियर चीन में अपनी सेवाएं दे रहे थे 11 जून को अचानक उनकी तबीयत खराब हुई थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था प्राथमिक उपचार के बाद उनकी तबीयत सही हुई तो उन्हें छुट्टी दे दी गई, लेकिन 12 जून की अचानक उनकी तबीयत खराब हुई और उन्हें एक बार फिर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया इस बार हृदयघाट के चलते उनकी मौत हो गई और वह वापस नहीं लौट सके।

मरीन इंजीनियर अनिल कुमार श्रीवास्तव की मौत की खबर सुनकर उनका परिवार सन्न रह गया था। उनकी मां और धर्मपत्नी ने पार्थिव देह के लिए दिल्ली से लेकर चीन तक संपर्क किया था, लेकिन चीन की आवेदन नीति बेहद कड़ी होने के चलते फॉर्मेलिटी करने में देरी हो रही थी मृतक की धर्मपत्नी ने इसके लिए विदेश मंत्रालय के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक्स पोस्ट कर मदद मांगी थी । आगरा के सांसद प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर प्रसाद से बातचीत की। वह लगातार दो दिन तक विदेश मंत्री के संपर्क में रहे। मरीन इंजीनियर का पार्थिव शरीर 7 जुलाई की सुबह करीब पांच बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा।

# सरकार पहले करे शिक्षामित्रों की समस्या का समाधान, फिर करे ऑनलाइन उपस्थित का प्रावधान

जन एक्सप्रेस। आगरा

राज्य परियोजना निदेशक द्वारा शासनान्देश जारी कर आगामी 8 जुलाई 2024 से बेसिक शिक्षा में कार्यरत समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक सहित सभी कर्मचारियों को पेरणा पोर्टल पर डिजिटल उपस्थित दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं इसके लिए टैबलेट और सिमकार्ड भी उपलब्ध करा जा चुका है।

पहले 15 जुलाई से शुरूआत होनी थी जिसे संसोधित करते हुए अब 8 जुलाई से शुरू किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह छौंकर ने विभाग द्वारा शुरू की जा रही डिजिटल उपस्थित पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि शिक्षामित्र बिगत 22 वर्षों से पूरी ईमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं उत्तर प्रदेश के अंदर जब बेसिक शिक्षा दम तोड़ चुकी थी और अध्यापकों का अभाव था शिक्षामित्रों ने ही बंद स्कूलों को खोलने का कार्य किया था । सुप्रीम कोर्ट से समायोजन निरस्त होने के बाद शिक्षामित्र बिगत 7 साल से अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे हैं सरकार जिस काम के बदले में शिक्षकों को 70 से 80 हजार प्रतिमाह बेतन दे रही है वहीं उसी काम के बदले में शिक्षामित्रों को अल्प मानदेय दिया जा रहा है पिछले 7 साल से मानदेय में एक रुपया की वृद्धि नहीं की गयी है जबकि काम समान कर रहे हैं यही कारण है आर्थिक तंगी व मानसिक अवसाद,हृदयघात तथा आत्महत्या कर अपने भविष्य की चिंता में अबतक 10 हजार से अधिक शिक्षामित्र असमय ही प्राण त्याग चुके हैं।

# सपा नेता रविंद्र ठाकुर ने किया वृहद पौधरोपण

**शमशाबाद।** रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र ठाकुर के नेतृत्व में शमशाबाद स्थित डा. बीपीएस कोल्ड स्टोर वृहद पौधारोपण किया गया। जिसके अंतर्गत नीम,जामुन, बरगद, पाखर ,पीपल आदि के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर सपा नेता रविंद्र ठाकुर ने सपा समर्थकों को संदेश देते हुए कहा कि पार्टी द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण पर्यावरण के संरक्षण के साथ साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता समता की प्राणवायु हर दिन समाज को देने का काम करेंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।इस दौरान मुख्य रूप से अशोक कुमार, अजय सिंह,देवेंद्र सिंह, बंटू आदि मौजूद रहे।

# ‘बोल बम होर्डिंग लगाने के बीच विवाद’

## *भाजपा नेता पर समर्थको संग घर में घुसकर महिलाओं से अभद्रता का आरोप, भाजपा नेता बोले-मुझे भी गया मारा*

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

बोल बम होर्डिंग लगाने के बीच शहर में दो पक्ष में विवाद हुआ। एक पक्ष की महिलाओं ने भाजपा के सभासद एवं काशीक्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक व उनके समर्थको पर अभद्रता व मारपीट का आरोप लगाया है। वही सभासद ने भी अपने साथ मारपीट व गाली गलौज का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने सभासद पक्ष से कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिसिया जांच जारी है। मामला कोतवाली नगर के खैराबाद भारत प्रिंटिंग प्रेस की गली के पास का है। पीड़ित मनीष दुबे का ने बताया कि बीती रात काशीक्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक व सभासद दिनेश चौरसिया 40-50 समर्थको के साथ घर पर आ धमके। आरोप है कि उन सबने घर में घुसकर हंगामा काटा और महिलाओ से अभद्रता करते हुए गाली गलौज किया। दिनेश चौरसिया व उनके समर्थको पर शराब के नशे में भी होने का आरोप है। जाते हुए उन्होंने जान से मारने की धमकी भी पीड़ित परिवार को दिया। जिससे परिवार डरा सहमा है। पीड़ित ने घटना को लेकर डायल 112 को बुलाया, टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्ष को कोतवाली लेकर गई। कोतवाली में पीड़ित बार-बार दिनेश चौरसिया व अन्य की मेडिकल कराए जाने की मांग करते रहे लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुना। हद तो ये है पीड़ित की ओर से पड़ी तहरीर को जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में डालकर पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर पर अन्य के विरुद्ध मुकदमा रातो रात दर्ज कर दिया। दिनेश चौरसिया का कहना है कि वो रात में दर्शन कर लौट रहे थे कि भारत प्रिंटिंग प्रेस की गली के पास बोल बम की होर्डिंग लग रही थी। जहां राहुल तिवारी ने कहा कि राम भुआल (सांसद) की फोटो होर्डिंग में लगाओ। मैंने उनसे कहा कि धार्मिक विषयो पर राजनीति की आवश्यकता नहीं है इस पर राहुल व अन्य ने मेरे साथ गाली गलौज व मारपीट की। कोतवाल एके द्विवेदी ने बताया कि भाजपा नेता की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। बाकी मामले की जांच की जा रही है।

# ऑनलाइन हाजिरी का संगठन करेगा पूर्ण बहिष्कार

जन एक्सप्रेस। आगरा

**जनपद के 8 हजार शिक्षक अपने कार्यस्थल विद्यालय मे ही काली पट्टी बांधकर करेंगे शिक्षण कार्य**

जनपद आगरा के परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आंदोलन का रास्ता अख्तियार करते हुए प्रथम चरण में शिक्षक अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध प्रकट करते हुए शिक्षण कार्य करेंगे। ब्लॉक एवं जिला स्तर पर संगठन के पदाधिकारी प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कसाना जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में ऑनलाइन हाजिरी एवं समायोजन पॉलिसी से प्रभावित शिक्षकों की समस्या पर गहन विचार विमर्श किया गया। संघ जिलाध्यक्ष ने जनपद की शिक्षकों से एकजुट होने का आह्वान करते हुये कहा कि आज सरकार शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय हिटलशाही रवैया अपनाते हुए शिक्षकों के हितों पर कुठारा घात कर रही है एवं दोहरे मापदंड अपना कर केवल शिक्षकों के लिए ही ऑनलाइन हाजिरी को अनिवार्य कर दिया गया है जिसे संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा आंदोलन का रास्ता अपनाते हुये संघर्ष करेगा। संघ के प्रदेश संगठनमंत्री बृजेश दीक्षित जी ने कहा कि व्यावहारिक रूप से बेसिक शिक्षा में केवल अध्यापकों की ऑनलाइन हाजिरी संभव नहीं है क्योंकि अधिकांश विद्यालयों तक आवा गमन की कोई सरकारी एवं प्राइवेट व्यवस्था नहीं है विद्यालय परिषर में निवास करने के लिए कोई आवासीय सुविधा नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गम स्थानों तक अपने साधन से भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए लोकेशन आधारित ऑनलाइन हाजिरी प्रतिदिन संभव नहीं है। जहाँ एक ओर प्रदेश के समस्त अधिकारी और कर्मचारी अपनी ऑफलाइन हाजिरी दे रहे है वही दूसरी ओर परिषदीय शिक्षकों के लिए ऑनलाइन हाजिरी अनिवार्य कर दी गई है अटैडेन्स की ऐसी दोहरी व्यवस्था का विरोध करते हुए पूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया है यदि सरकार ने शिक्षकों की मांग को नहीं माना तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# झूम कर बरसे बदरा, धान की रोपाई हुई तेज

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जनपद में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। शनिवार शाम से शुरू हुई बारिश रविवार को पूरा दिन जारी रहा बूंदाबांदी और रिमझिम फुहारे गिरने से लोगों को गर्मी से राहत मीली आमजन व पशु पक्षियों के लिए आसमान से गिर रही बारिश की बूंदे अमृत के समान साबित हो रही है।

जिले में आसमान में काले बादल छाने से मौसम सुहाना हो गया है। इससे खेती किसानी के काम में तेजी देखने को मिल रही है। हर खेत में मजदूर नजर आने लगे हैं। मौसम अनुकूल होने से धान की रोपाई ने रफ्तार पकड़ ली है। नहर में पानी न आने से किसान थोड़े मायूस जरूर है। लेकिन खेती का काम पिछड़ने ना पाए ऐसे में किसान मौसम अच्छा होने पर खुद के संसाधन से खेतों में पानी भरकर धान की रोपाई में जुट गए थे जनपद में पिछले काफी दिनों से लोगों को भीषण गर्मी का दंश झेलना पड़ रहा था। चिलचिलाती धूप में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो रहे थे। जिसके चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए बारिश का इंतजार कर रहे थे। पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। शनिवार को शाम से ही आसमान में घने काले बादल छाए बादलों को देखकर किसानों को तेज बारिश की उम्मीद थी

लेकिन शनिवार शाम को रिमझिम फुहार के साथ बारिश शुरू हुई। जो कुछ देर बाद ही मूसलाधार बारिश में तब्दील हो गई करीब आधे घंटे हुई मूसलाधार बारिश से खेतों में चारों तरफ़ पानी ही पानी हो गया बारिश का सिलसिला रात भर चलता रहा। और दूसरे दिन रविवार को भी पूरा दिन रूक रूक कर बारिश होती रही जिससे आम लोगों को बाहर आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा बारिश अच्छा होने से किसानों को काफी राहत मिली है। किसान जयप्रकाश वर्मा, सुंदर चौधरी विनोद वर्मा, संतोष चौधरी सुधीर यादव, महेंद्र शर्मा, विकास सिंह, पहलवान सिंह, राम तीरथ त्रिपाठी, जगदंबा सिंह, हरिराम पाल, रामसहाय आदि ने कहा बारिश होने से धान की रोपाई में तेजी आएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एसडीएम और एसीपी ने किया वृक्षारोपण

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** वन महोत्सव 2024 के अंतर्गत चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में एसडीएम संदीप यादव, तहसीलदार मनोज कुमार, एसीपी इमरान अहमद, नायब तहसीलदार अभिषेक, जितेंद्र, विनोद, बीडीओ विजय अग्रवाल, मुकेश कुमार, वन क्षेत्र अधिकारी आयशा नसीम, राजवीर सिंह द्वारा वृक्षारोपण किया गया। महोगनी, पाखड़, पीपल, पापड़ी आदि के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

एसडीएम संदीप यादव और एसीपी इमरान अहमद ने सभी क्षेत्रवासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने की अपील की है और साथ ही वृक्षारोपण किए गए पौधे की देखभाल करने की भी अपील की।

### कराहरा में मोबाइल टॉवर से बीस बैटरी चोरी

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा के सिकंदरा में पुष्पांजलि आशियाना स्थित फ्रंटलाइन बिजनेस सॉल्यूशन के एरिया मैनेजर रशीद अहमद ने थाना किरावली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ग्राम कराहरा में इन्डस कंपनी के मोबाइल टावर से दो जुलाई रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा अमरोंन कम्पनी के बीस बैटरी चुरा लिए गए हैं। जिसके कारण क्षेत्र की दूरसंचार व्यवस्था भंग हो गयी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुध्द भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

### किशोरी को अगवा कर ले गया युवक, पुलिस कमिश्नर के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना किरावली के एक गांव में 20 दिन पूर्व एक किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक अगवा कर ले गया। किशोरी की दादी ने पुलिस कमिश्नर आगरा के यहां तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। और बताया कि आरोपित दबंग किस्म का है। पुलिस कमिश्नर आगरा जे. रविन्द्र गौड़ के आदेश पर थाना पुलिस ने आरोपित जगवीर इंदौलिया के विरुध्द मुकदम दर्ज किया है।

### आर्य समाज ने किया पाखंडी बाबाओं का विरोध, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा के समस्त आर्य समाजों ने आज आर्य समाज नाई की मंडी में एकत्रित होकर हाथरस की दुखद घटना में मारे गए निर्दोष लोगो को यज्ञ के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की और इस घटना के दोषियों को कठोर से कठोर दण्ड देने की मांग की चाहें वो स्वयं नामधारी बाबा हो जो साकार विश्वहारी बनने के बाद अपने भक्तों को मरता हुआ छोड़ के भाग गया आयोजन समिति प्रशासनिक अमला जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है उनकी शीघ्र गिरफ्तारी और त्वरित न्याय के लिए शासन को एक ज्ञापन भी दिया गया आर्य समाज ने सनातन धर्म को कमजोर करने वाले ऐसे तथाकथित बाबाओं गुरुओं की कड़ी भर्त्सना की जो लोगों को वेदोक्त ईश्वर से दूर हटा कर स्वयं को ईश्वर बना के जनता को ठग रहे है आर्य समाज में शासन और समाज दोनो को इस बारे में आगाह किया और सभी से ऐसे ढोंगी लोगों से दूर रहने का आग्रह किया इस कार्यक्रम में प्रथम मृतकों की स्मृति में यज्ञ का आयोजन किया गया उसके बाद आगरा के आर्यों ने अपने अपने विचार इस संबंध में रखे और शासन से कठोर कार्यवाही की मांग की और ज्ञापन दिया कार्यक्रम में मनोज खुराना अनुज आर्य समाजसेवी श्याम भोजवानी विकास आर्य उमेश पाठक भारत भूषण सामा वीरेंद्र कनवर डाक्टर वीरेंद्र खंडेलवाल रामपाल सिंह विश्वेंद्र शास्त्री सुशील हसीजा सुधीर अग्रवाल प्रदीप कुलश्रेष्ठ मनीषा गुप्ता उमेश कुलश्रेष्ठ अभय यादव रितिका अरोड़ा त्रिवेणी आनंद आदि आगरा के सभी आर्य समाजों के लोग उपस्थित थे संचालन अनुज आर्य मंत्री आर्य समाज द्वारा किया गया।

### जूनियर शिक्षक संघ कल से काली पट्टी हाथ में बांधकर विरोध प्रदर्शन करेगा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** प्रदेश कार्यसमिति के निर्णय अनुसार प्रदेश अध्यक्ष द्वारा घोषित संघर्ष कार्यक्रम का आह्वान कल 8 से 14 जुलाई 2024 तक सभी शिक्षक अपने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ऑनलाइन व डिजिटल उपस्थिति का सम्पूर्ण बहिष्कार जारी रहेगा। और 14 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन और 22 जुलाई से महानिदेशक कार्यालय पर ऑनलाइन डिजिटल उपस्थिति आदेश वापसी व 18 सूत्रीय पुरानी मांग के पूरे होने तक अनिश्चितकालीन धरना आरंभ किया जाएगा, जो मांग पूरी न होने तक जारी रहेगा,चाहे इसके लिए पुलिस,प्रशासन, विभाग अनुमति दे या ना दे। यह जानकारी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बलविंदर सिंह गिल ने दी।

### सपने हमेशा बड़े देखें और पूरा करने में जी जान लगा दो

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आज के विद्यार्थी कल के भविष्य निमार्ता है। मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। अपने मार्ग से कभी भटके नही। सफलता को अपना हथियार बनाएं। सपने हमेशा बड़े देखे और उन्हें पूरा करने के लिए जी जान लगा दे। ये कहना था सिकंदरा बोदला रोड स्थित लक्ष्मी पैलेस में जाट क्षत्रिय वीरांगना सभा की ओर से आयोजित चतुर्थ मेधावी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत का। शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. वीरपाल सिंह, मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत, मुख्य वक्ता हरियाणा से सुमित आर्य, आ.भा. जाट महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंवर शैलराज सिंह, कुंवर नरवीर सिंह तेवतिया, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बबिता सिंह और सभा की अध्यक्ष सुनीता सिंह ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष विश्व जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. वीरपाल सिंह ने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। शिक्षा से आप जीवन की सभी चुनौतियों का सामना कर सकेंगे, अगर आपने ये सोच लिया कि अब तो 99 प्रतिशत आ गए, अब मेहनत करने की जरूरत नहीं तो आपको मुश्किल होगी। जाट क्षत्रिय वीरांगना सभा की संस्थापक अध्यक्ष सुनीता सिंह ने कहा कि मेधावी बच्चे नगर और अपने गांव का गौरव हैं। ये बच्चे भविष्य में अपने परिवार और शहर का नाम नई ऊंचाई पर ले जायेंगे। समारोह में सत्र 2023-24 के विभिन्न बोर्ड के हाईस्कूल, इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं सहित नीट, आईआईटी, नीट, आईआईटी, स्टेट चैम्पियनशिप और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में चयनित लगभग 150 बच्चो को पुरस्कृत किया गया। समारोह में छात्रों को कैरियर काउंसलिंग दी व विदेश में उच्च शिक्षा हेतु विकल्पों पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। मुख्य वक्ता सुमित आर्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे एक अंकुरित बीज की तरह है। अपने लक्ष्य का निर्धारण कर पाने का प्रयास करें। अपने छोटे भाई-बहनों को प्रेरित करते रहें। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है। बच्चों की सफलता में माता-पिता एवं गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम का संचालन रानी सिंह व सुखबीर सिंह चाहर ने किया।

# उड़ीसा के पुरी की तर्ज पर 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रथ यात्रा

- रथ यात्रा: भगवान जगन्नाथ स्वामी, भैया बलभद्र व बहन सुभद्रा की निकली सवारी
- भगवान जगन्नाथ स्वामी की आरती उतारकर पूजा अर्चना करके रथ यात्रा का शहर में कराया भ्रमण
- अघोरी और भूत प्रेतों का अखाड़ा देखने को उमड़े लोग
- भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की विशाल रथ यात्रा पर भक्तों ने बरसाए फूल







जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उड़ीसा के पुरी की तर्ज पर 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की विशाल रथ यात्रा शहर में निकाली गई। रिमझिम बारिश के बीच भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी, भैया बलभद्र व बहन सुभद्रा सुसज्जित रथ पर सवार थे। रथ यात्रा पर फूलों की वर्षा करके श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा को जगह-जगह रोक कर महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की आरती उतार कर पूजा अर्चना की। रथ यात्रा में अघोरी और भूत प्रेतों का अखाड़ा आकर्षण का केंद्र बना रहा।रविवार को अपराह्न 2:00 बजे मोहल्ला मोहितशम खां (चरक का कुआं) स्थित मंदिर महाप्रभु श्री जगन्नाथ धाम से रथ यात्रा रिमझिम बारिश के बीच शुरू हुई। फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना की गई। रथ पर आचार्य विजय शंखधार ने पूजन का कार्य संपन्न कराया। रथ यात्रा को रवाना करने से पहले अतिथियों में ब्राह्मण कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के महासचिव आनंद मिश्रा, राम इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा, नेशनल यूनियन का जर्नलिस्ट के जिलाध्यक्ष निर्मल कांत शुक्ल, ब्राह्मण सभा के अभय शर्मा आदि का आचार्य विष्णु शंखधार ने पटका पहनाकर स्वागत किया। रथ यात्रा के आगे चल रहे अघोरियों के अखाड़े के शानदार प्रदर्शन की सभी ने सराहना की।

अघोरी बने कलाकार शिव के भजनों पर नृत्य करते चल रहे थे। नाथों के नाथ भगवान जगन्नाथ की विशाल रथ यात्रा मोहल्ला छोटा खुदागंज, झंडेवाला चौराहा, सकटूमल का चौराहा, इमली का चौराहा, मोहल्ला साहूकारा, रंगीलाल का चौराहा, चूड़ी वाली गली, स्टेशन रोड, थाना सुनगढ़ी चौराहा, नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, होली का चौराहा, बजरिया, खूबचंद मंदिर, मोहल्ला इनायतगंज, पुराना गंज, लोहा बाजार, जेपी रोड, चौक बाजार, खकरा होते हुए देर रात जब वापस चरक का कुआं पर पहुंची, तब मंदिर श्री जगन्नाथ धाम पर समापन हुआ।

रिमझिम बारिश के बीच भक्तों में भगवान जगन्नाथ के दर्शन की होड़ लगी रही।

इस बार भक्तों में कुछ ज्यादा ही उत्साह नजर आया। रथ यात्रा जिधर से भी गुजर रही थी, उधर जय श्री जगन्नाथ के उदघोष की गूंज हो रही थी। ढोल ताशा, बैंड बाजा और शहनाई की धुन के बीच श्रद्धालुओं के जयकारे से वातावरण भक्तिमय हो उठा। रथ पर सवार जग के पालनहार के दर्शन के लिए लोग जगह-जगह खड़े इंतजार करते देखे गए। रथ यात्रा में भगवान शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, देवी के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक व मनमोहक झांकियां शामिल थी।

रथ यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस उपाधीक्षक (नगर) दीपक चतुर्वेदी, शहर कोतवाल नरेश त्यागी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल साथ चल रहा था। रथ यात्रा की व्यवस्था संचालन में मंदिर श्री जगन्नाथ धाम के सर्वराकार पं. हरिश्चंद्र शंखधार, पालिका की वरिष्ठ सभासद पुष्पा उपाध्याय, आयोजन समिति के वेद प्रकाश उपाध्याय, राजीव त्रिवेदी, शुभम मिश्रा, प्रियंका पुनीत भारद्वाज आदि शामिल रहे।

### आज जगन्नाथ रसोई (भंडारा)

नाथों के नाथ महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी धाम के सर्वराकार पं. हरिश्चंद्र शंखधार व आचार्य विष्णु शंखधार ने बताया कि 8 जुलाई सोमवार को श्री अग्रवाल सभा भवन प्रांगण नंबर 1 में जगन्नाथ रसोई (भंडारा) का पूर्वाह्न 12:00 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजन होगा।

# शारदा नदी में 1.66 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा का जलस्तर बढ़ा





- लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

जन एक्सप्रेस । अजय शर्मा

**हजारा।** पहाड़ों पर एवं मैदानी भागों में हो रही लगातार बारिश से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है तो वही बनबसा बैराज से शारदा नदी में लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा का जलस्तर बढ़ गया है।इधर शारदा का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की आशंका से ग्रामीणों के माथे पर बल पड़ गया है।

पहाड़ों एवं मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है तो वहीं रविवार को बनबसा बैराज से शारदा नदी में दोपहर तक एक लाख छियाछठ हजार क्यूसेक पानी शारदा नदी में छोड़े जाने से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है।शारदा का जलस्तर बढ़ने से ट्रांस शारदा क्षेत्र के सर्वाधिक बाढ़ एवं कटान प्रभावित गांव नहरोसा व राणाप्रताप नगर एवं चंदिया हजारा में बाढ़ की आशंका के चलते ग्रामीणों के माथे पर बल पड़ गया है। अभी तक ग्रामीण वर्षा न होने के कारण गर्मी से बेहाल थे तो वही उनकी फैसले सूख रही थी इधर चार दिनों से लगातार हो रही बारिश से ग्रामीणों का जन जीवन प्रभावित हो गया है तो वही पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण बनबसा बैराज से शारदा नदी में पानी छोड़े जाने से बाढ़ की संभावना बन गई है। उधर बाढ़ एवं कटान प्रभावित गांव राणाप्रताप नगर एवं नहरोसा के ग्रामीणों ने पूरनपुर के उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला से नदी एवं क्षेत्र का भ्रमण कर नौकाएं एवं मोटरबोट सहित अन्य बाढ़ बचाव सामग्री उपलब्ध कराने की मांग किया है।

### नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में निचले हिस्से में भरा बाढ़ का पानी फसलें हुईं जलमग्न



बनबसा बैराज से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी एवं लगातार हो रही बारिश के चलते नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव बैल्हा और उसके मजरों में बाढ़ व बारिश का पानी भर जाने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वही निचले भागों के खेतों में भी पानी भर जाने से कृषकों की गन्ना एवं धान व मक्का की फसलें डूब गई हैं।लगातार हो रही बारिश के कारण पशुपालक अपने पशुओं के लिए चारा भी नहीं ला पा रहे हैं।उधर हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचकर निचले भागों में भरे पानी ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दिया और बाढ़ की आशंका को देखते हुए अधिकारियों को रिपोर्ट भेजा है।

### एसडीएम ने चंदिया हजारा तो बाढ़ खंड ने राणा प्रताप नगर व नहरोसा का किया निरीक्षण



शारदा नदी में बनबसा बैराज से छोड़े जा रहे लाखों क्यूसेक पानी एवं लगातार हो रही बारिश के कारण शारदा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है और ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव में बाढ़ आने की पूरी संभावना बन गई है।बाढ़ खंड के द्वारा चंदिया हजारा एवं राणाप्रताप नगर व नहरोसा के मध्य बाढ़ बचाव कार्य कराया गया है पूरनपुर के उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला ने अभियंताओं के साथ चंदिया हजारा में बचाव कार्य एवं बंधा का निरीक्षण किया तो इधर बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता आशुतोष कुमार एसडीओ अमित सिंह अभियंता दिलीप कुमार वर्मा व अजय कुमार राणाप्रताप नगर व नहरोसा के बाढ़ बचाव कार्य एवं उफनाती शारदा नदी का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को शारदा नदी और बाढ़ से सतर्क रहने की अपिल किया है।

### राजस्व विभाग हुआ अलर्ट, क्षेत्र में पहुंचने के निर्देश



पहाड़ी एवं मैदानी इलाकों में हो रही लगातार बारिश व बनबसा बैराज से छोड़े गए लाखों क्यूसेक पानी से नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ आने की संभावना को लेकर पूरनपुर तहसील के उपजिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला के दिशा-निर्देश एवं नायब तहसीलदार रिषी दीक्षित के नेतृत्व में राजस्व लेखपाल अलर्ट हो गये हैं और अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचना शुरू कर दिया है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**बदलापुर।** तेजी बाजार थाना क्षेत्र के कलिंजरा स्थित रेलवे ट्रैक पर रविवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।वही सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिसकी पहचान कलिंजरा गांव निवासी करीब 28 वर्षीय सुजीत निषाद के रूप में किया है।फिलहाल मृतक के स्वजनों का आरोप है कि मृतक सुजीत निषाद की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने की आशंका जताई है।मिली जानकारी के मुताबिक तेजी बाजार थाना क्षेत्र के कलिंजरा गांव निवासी शमशेर निषाद का करीब 28 वर्षीय पुत्र सुजीत निषाद के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिला है। जिससे परिजनों ने सुजीत निषाद की हत्या कर लाश को रेलवे ट्रैक पर फेंकने की आशंका जताई है।वहीं कुछ ग्रामीणों में चर्चा है कि बीती रात्रि सुजीत और उनके पिता शमशेर के बीच किसी बात को लेकर काफी देर तक कहा सुनी हो रहीं थीं।जिसके बाद गांव के ही कुछ लोग सुजीत निषाद को अपने साथ लेकर कहीं चले गए। सुबह सुजीत निषाद की लाश कलिंजरा स्थित रेलवे ट्रैक पर मिली है। इस संबंध में तेजी बाजार थानाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि कलिंजरा क्रासिंग के समीप रेलवे ट्रैक पर सुजीत निषाद का शव मिला हुआ है।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मौके पर फॉरेंसिक टीम और पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत करंट की चपेट में आकर दादा-पोते की दर्दनाक मौत







जन एक्सप्रेस । जौनपुर

कोतवाली क्षेत्र के राजापुर नंबर दो गांव में रविवार की सुबह पंपिंग सेट के कमरे में उतरे करंट की चपेट में आकर दादा पोता की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी शेषनारायण दुबे उर्फ गंगा प्रसाद दुबे 65 वर्ष ने घर से 500 मीटर दूर अपना निजी नलकूप लगा रखा है। रविवार को नौ बजे के आसपास वह अपने नलकूप के पास खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनका पोता मनीष दुबे 15 वर्ष वहां पहुंचा और पंपिंग सेट के कमरे में कुछ सामान रखने के लिए गया। वहां कमरे के अंदर साफ्टीन में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गया। कुछ देर बीत जाने के बाद जब वह वापस नहीं लौटा तो दादा गंगा प्रसाद भी उसे देखने के लिए कमरे के अंदर गए। वहां मनीष साफ्टीन के ऊपर गिरा हुआ था। ज्यों ही उन्होंने उसे उठाने का प्रयास किया, वह भी करंट की चपेट में आ गए। वहां आसपास खेत में काम कर रहे लोगों ने देखा तो शोर मचाया ।जिससे वहां ग्रामीण पहुंचे बिजली विभाग को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बाधित कराई गई। इसके बाद दोनों को ग्राम प्रधान अरुण कुमार दुबे ने अपने वाहन से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मडियाहूं पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही परिवार में दोनों की मौत की सूचना मिली पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मनीष जेएम एस पब्लिक स्कूल मडियाहूं में कक्षा सात का छात्र था। माता रागनी का रो-रो कर बुरा हाल है। दादी सावित्री अपने पति व पोते को देखकर बेसुध हो जा रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# वन महोत्सव के तहत मदरसे में रोपे गए 100 पौधे

- शाहगंज पत्रकार एसोसिएशन मदर निसां फाउंडेशन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ पौधारोपण



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज। सप्ताहभर से चल रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के आखिरी दिन रविवार को मदरसा बदरुल इस्लाम, बड़ी मस्जिद की कब्रिस्तान परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाहगंज पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक एखलाक खान के नेतृत्व में कुल 100 पौधों का रोपण किया गया।

मदरसा के मौलाना साकिब खान ने पौधारोपण की शुरुआत करते हुए कहा कि इंसान को जीने के लिए हवा की जरूरत होती है और हवा के लिए पेड़ की। मुल्क में जिस तरह से अपने फायदे के लिए पेड़ों की कटान हो रही है उस हिसाब से पेड़ लगाने में लोग अपनी जिम्मेदारी से दूर हो रहे हैं। जिसका नतीजा लोगों को इस गर्मी में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि देश के सभी लोग सिर्फ एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करना शुरु कर दें तो पूरे मुल्क के लिए राहत होगी। उन्होंने मदरसे के बच्चों से लगाए गए पौधों की देखभाल के लिए हिदायत दी।

मदर निसां फाउंडेशन के संस्थापक फैजान अंसारी ने कहा कि सांसे हो रही कम, आओ मिलकर पेड़ लगाएं हम की सोच के साथ संस्था अपने क्षेत्र को हरा-भरा करने के संकल्प के साथ काम कर रही है। पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक ने लोगों से पौधा लगाने और उसे सुरक्षित रखते हुए बड़ा करने की अपील की। इस दौरान आम, जामुन, पीपल, सागवान, नीम आदि पौधे रोपे गए।

इस मौके पर मिर्ज़ा उजैर, इकरार खान, राजीव सिंह, अखिलेश दुबे, मो. मोमिन, मो. यासिर, लारैब, दानियाल, अयान खान, अब्दुल अहद, मो. कैस, रमजान अहमद आदि रहे।

### डिजिटल पंजिका व उपस्थिति का होगा पूर्ण बहिष्कार: अमित सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा तानाशाही फरमान के तहत 08 जुलाई 2024 से डिजिटल उपस्थिति (डिजिटल अटेंडेंस) आदेश का उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय अध्यक्ष सुशील पांडे जी के आह्वान पर पूर्ण बहिष्कार करेगा। उक्त आंदोलन के क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि कल दिनांक 08 जुलाई 2024 को प्रदेश के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अपने-अपने विद्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पठन पाठन का कार्य कराएंगे। और 11 जुलाई को इस आदेश के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व द्वारा शिक्षक/शिक्षिकाओं को 30 ईएल, हाफ सीएल, सप्ताह के दूसरे शनिवार को अवकाश सहित व्यवस्था लागू किये जाने व प्रदेश के शिक्षक/शिक्षिकाओं की पूर्व से लम्बित/बाधित समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान किया जाए।

### स्कूल संचालक के साथ महिला कर्मचारी का अश्लील वीडियो वायरल, हड़कंप



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरपतहा थाना क्षेत्र के एक निजी कान्वेंट स्कूल संचालक का अश्लील वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि जन एक्सप्रेस उक्त वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो नया है या पुराना यह भी स्पष्ट नहीं है किंतु संचालक स्कूल की ही किसी महिला कर्मचारी से अपने ऑफिस में अश्लील हरकतें करते हुए दिखाई पड़ रहा है। संचालक जिस स्कूल आफिस में अपने महिला कर्मचारी के साथ बायोलोजी का प्रयोग करते दिखाई दे रहे हैं वहां देश के महापुरुषों की वकायदा दर्जनों फोटो लगी है उसका भी संचालक को याद नहीं आया। उक्त के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी राजेश वैश ने किसी प्रकार की जानकारी से इनकार किया। उन्होंने कहा कि वैसे भी इस तरह के विद्यालय उनके अधीन नहीं हैं। लिहाजा किसी भी तरह की कार्यवाही का निर्णय प्रबंध तंत्र ही ले सकता है।

# बाढ़-बारिश के बीच वन महोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन, वृक्षारोपण के प्रति किया जागरूक



जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

हजारा। बाढ़ और बारिश के बीच वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम का आज वृक्षारोपण के साथ समापन हो गया है। वन विभाग ने वृक्षारोपण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने पर बल दिया है।

उत्तर खीरी वन प्रभाग बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में एक जुलाई से सात जुलाई 2024 तक वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत हजारा थाना क्षेत्र के मुरैना गांधीनगर वेटलैंड क्षेत्र के अलावा अशोकनगर, जिले शास्त्री नगर, बसही, भरतपुर, खजुरिया, संपूर्णानगर वन रेंज कार्यालय परिसर सहित अन्य दर्जनों स्थानों पर वृक्षारोपण करते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और लगायें गये वृक्षों की सुरक्षा करने के लिए जागरुक किया और हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में पांच वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया है। इस कार्यक्रम के दौरान संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार वन दारोगा पुष्कर सिंह वन रक्षक चन्द्रशेखर मिश्रा, हीरालाल व समाजसेवी राजन यादव सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# डीसी मनरेगा ने किया प्रस्तावित पौधरोपण स्थल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सुईथाकला। डीसी मनरेगा ने रविवार को प्रस्तावित पौधरोपण के लिए सुईथाकलां विकासखंड स्थित पूरा संभलशाह व संसारपट्टी गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों गांवों को मिलाकर कुल 26 सौ पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है।

साल दर साल खराब होते जा रहे पर्यावरण को बचाने के लिए शासन गंभीर कदम उठाने जा रहा है। इस वर्ष कुछ ऐसे गांवों को चयनित कर व्यापक पैमाने पर पौधरोपण के साथ ही उनके संरक्षण व रखरखाव की भी तैयारी है। सुईथाकलां विकासखंड में पूरा संभलशाह व संसारपट्टी गांवों में पांच-पांच हेक्टेयर भूमि इसके लिए चयनित कर ली गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीसी मनरेगा सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि चयनित स्थलों पर रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखने के लिए भूमि के चारों तरफ बाड़ बनाकर गेट लगाया जाएगा।

रखरखाव व पौधों को पानी देने के लिए प्रति पांच सौ पौधों पर एक कर्मचारी नियुक्त किया जाएगा जो पांच साल तक पौधों की देखभाल करेगा। उसके पारिश्रमिक का भुगतान मनरेगा के मद से किया जाएगा। पौधों में पीपल, बरगद, नीम, अर्जुन व आम को वरीयता दी जाएगी। इस दौरान मनरेगा एकाउंटेंट राहुल मिश्रा टीए अनिल कुमार मौजूद रहे।

### पहले दिन आदि शक्ति के भव्य स्वरूप के किए दर्शन

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

**विंध्याचल।** गुप्त नवरात्र के पहले दिन शनिवार को काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन किए। भोर में मंगला आरती के बाद से ही आदि शक्ति मां विंध्यवासिनी के भव्य स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शन-पूजन का सिलसिला दिन भर जारी रहा। धाम क्षेत्र के विभिन्न गंगा घाटों पर स्नान के बाद श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे थे। पहाड़ा वाली के जयकारे से विंध्य धाम की गलियां गुंजायमान रहीं। नारियल, चुनरी, माला-फूल और प्रसाद चढ़ाकर देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। धाम में पहुंचने के बाद किसी ने झांकी से तो किसी ने गर्भगृह में जाकर दर्शन-पूजन किए। मां दुर्गा, पंचमुखी महादेव, मां सरस्वती देवी, मां शीतला, महालक्ष्मी, दक्षिणमुखी हनुमान, अन्नपूर्णा देवी, बटुक भैरव के दर्शन किए।

# अक्षय पैलेस के मालिक ने किसान के खेत में रातों-रात खड़ी कर दी दीवार

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में बिल्हौर कस्बा निवासी किसान रामआसरे ने अपने खेत पर जबरदस्ती दीवाल खड़ी करने की शिकायत की थी। अक्षय पैलेस के मालिक दबंग किस्म के हैं जब वहां मना करने गए तो उन्होंने वैध और अवैध असलम से अपने साथियों सहित हमको दौड़ा लिया अगर भाग ना आता तो जान गंवानी पड़ती किसान ने बताया कि प्रार्थना पत्र के बाद में लेखपाल कानून मौके पर गए थे और वह काम को रुकवा दिया था लेकिन शनिवार की रात में हमारी जमीन पर पुराना जीटी रोड के समीप से मिट्टी खोदकर डाली और दीवार खड़ी कर दी है आखिरकार अधिकारियों की लाख कोशिश के



बाद भी खनना नहीं रूक पा रहा है खनन करने वाले ने पहले अपनी जरूरत की मिट्टी खोद ली इसके बाद आसपास की मिट्टी फसका कर उसमें कटीले झांखर डाल दिए और रात में बारिश हो गई जिससे खोदी गई मिट्टी दूर से नहीं दिखाई पड़ती है लगता है कि यहां पर झांखर जमा है नजदीक से जाने पर दिखाई पड़ती है प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बिना नाप किए हुए और हमारी भूमि पर बना रहे हैं जबकि जो जमीन खरीदी है वह पीछे है। नीली पन्नी से ढका भाग गेस्ट हाउस मालिक ने दीवार खड़ी कर दी है। बिल्हौर एसडीएम रश्मि लंबा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन नहीं लगा जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका कि आखिरकार खनन हुआ है तो इसकी परमिशन ली गई है या नहीं। नायब तहसीलदार सीपी राजपूत से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है।

## टप्पेबाज पति-पत्नी ने ज्वैलर्स की दुकान को बनाया निशाना

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना क्षेत्र मे मकनपुर चौकी अंतर्गत मकनपुर कस्बे में आसिम ज्वेलर्स के यहां दंपति कुछ सामान खरीदने के लिए पैदल ही कस्बे की सोने चांदी की दुकान पर पहुंचे और वह तरह-तरह की डिजाइन के आभूषण मांगते रहे और दुकानदार दिखाता रहा सीसीटीवी कैमरे के में दिख रहा है कि वह महिला अपने पति को कुछ सामान दे रही है पति इधर से उधर करता जा रहा है जब उन लोगों ने कोई सामान नहीं खरीदा और वहां से वह चले गए थोड़ी देर बाद उसने अपना दुकानदार ने समान मिलाया तो काफी सामान कम मिला और सीसीटीवी कैमरे को भी देखा तो उसमें वह महिला पुरुष समान इधर-उधर करते नजर आ रहे हैं। दुकानदार ने बताया कि लगभग रू 80000 का सामान टप्पे बाज ले गए। इसकी सूचना पर अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल ने मौके पर पहुंचकर



सीसीटीवी कैमरा देखा और आसपास के दुकानदारों और आसपास जिलों के संबंधित थानों को सीसीटीवी फुटेज भेज कर जानकारी हासिल करनी चाहिए लेकिन देर रात तक कोई जानकारी नहीं हो सकती है वहीं पर सूत्रों की माने कि वह व्यक्ति बहुत शातिर किस्म का है कहीं दूर वाहन कोई खड़ा करने के बाद पैदल ही कस्बे में क्यों आया वहीं पर सूत्रों की माने तो सीमावर्ती छोटे-छोटे कस्बों में शातिर लुटेरे घटना को अंजाम देकर कन्नौज और कानपुर देहात उन्नाव आदि जिले में आराम से निकल जाते हैं। एसीपी अजय त्रिवेदी ने बताया कि आसपास के कस्बों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं जल्द खुलासा होगा।

## ओवरटेक करने में लोडर पलटा, चालक की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**गंजमुरादाबाद।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बहलोलपुर गांव के पास आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान लोडर पलट गया। घटना में चालक की मौत हो गई। जौनपुर जिले के थाना मुंगराबाद शाहपुर के बड़गांव निवासी लोडर चालक मुकेश कुमार सरोज (37) पुत्र राजनाथ दिल्ली से लोडर पर तीन दुधारू गायों को लादकर लखनऊ जा रहा था। शनिवार भोर पहर करीब चार बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली के बहलोलपुर गांव के पास चालक आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने में अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में चालक मुकेश कुमार सरोज गंभीर घायल हो गया। यूपीडा और पीआरवी ने घायल चालक को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

## जाम लगाने पर रिपोर्ट दर्ज होने से लोगों में नाराजगी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बेहटामुजावर।** दुकान पर ट्रक पलटने से महिला और उसके दो बच्चों की मौत के बाद परिजनों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगाया था। इस पर पुलिस ने 26 नामजद और 25 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। इससे लोगों में नाराजगी है।

बेहटामुजावर के पुराने थाना भवन के पास रह रही हरदोई के समोधा गांव निवासी राजकुमार भुर्जी की पत्नी सरला (33) और दो बच्चों करन (15) और विक्की (13) पर तीन जुलाई को चावल लदा ट्रक पलट गया था। इससे तीनों की मौत हो गई थी। चार जुलाई को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर शव रख जाम लगाया था। विधायक श्रीकांत कटियार के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए थे और अंतिम संस्कार किया था। इसके बाद पुलिस ने जाम लगाने पर 26 नामजद और 25 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की। इससे परिजन और अन्य लोगों में नाराजगी है। शनिवार को पूर्व सांसद अन्नू टंडन मृतकों के घर पहुंचीं और ढाढ़स बंधाया। हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उधर, पुलिस ने कानपुर के असालकगंज निवासी ट्रक चालक कुंदन को गिरफ्तार किया है।

## टमाटर, आलू, प्याज और हरी सब्जियों के दाम चढ़े



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पहले भीषण गर्मी में गंगा कटरी की रेती ऐसी तपी की सब्जी की पौध झुलस गई। इसके बाद बारिश हुई और गंगा का जलस्तर बढ़ा तो नई पौध रोपी नहीं जा सकी। कम पैदावार और बाहर से आवक होने से दामों में जबर्दस्त इजाफा हुआ है।

थोक मंडी में टमाटर 3600 रुपये प्रति क्विंटल (36 रुपये प्रति किलो) बिक रहा है। वहीं फुटकर मंडी में इसकी कीमत 90 रुपये प्रति किलो तक है। आलू 2150 रुपये प्रति क्विंटल (21.50 रुपये प्रति किलो) है और फुटकर में 40 रुपये किलो बिक रहा है। प्याज की कीमतें 45 रुपये किलो तक पहुंच गई हैं। फूल गोभी 40 रुपये प्रति किलो पर बिक रही है।

मंडी परिषद के विपणन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि आलू की पैदावार इस साल 25 से 30 प्रतिशत कम हुई थी। कोल्ड स्टोरेज में प्रति बोरा 250 रुपये भाड़ा, 20 रुपये पल्लेदारी और मंडीर तक पहुंचाने का भाड़ा आदि निकालने के लिए आढ़ती महंगी बेच रहे हैं और शहर की फुटकर मंडियों में पहुंचते-पहुंचते, विक्रेता दाम और बढ़ा देते हैं।

बताया कि यहां पैदा होने वाला टमाटर खराब हो गया है।

इस समय बंगलुरू से टमाटर आ रहा है। भाड़ा और लागत बढ़ने से दाम बढ़े हैं। गंगा रेती में होने वाली हरी सब्जियों में तरोई, लौकी, कद्दू, पालक, भिंडी, करेला आदि नहीं बचा है।

इससे आलू, टमाटर, गोभी आदि पर निर्भरता बढ़ने से दाम चढे हैं। हालांकि उन्होंने माना कि दोगुने दाम में बिक्री करना गलत है। लेकिन फुटकर मंडियां उनके अधिकार में नहीं हैं।

### थोक व फुटकर सब्जियों के दामों पर एक नजर

**सब्जी-प्रति क्विंटल-प्रति किलो-21 जून 2024**

आलू-1955-30
टमाटर-1550-30
प्याज-2175-35
लहसुन-10450-160
बैगन-1550-30
हरी मिर्च -2825-50
कद्दू-1450-28
तरोई-1675-30
परवल-3350-60
फूल गोभी-1950-30 रुपये का एक
बंद गोभी-1700-30 रुपये का एक

सब्जी-प्रति क्विंटल-प्रति किलो-6 जुलाई 2024

आलू-2150-40
टमाटर-3600-90
प्याज-2600-45
लहसुन-10950-180
बैगन-2250-45
हरी मिर्च-3800-80
कद्दू-1775-40
तरोई-1850-40
परवल-3450-65
फूल गोभी-2600-40 रुपये का एक
बंद गोभी-2000-40 रुपये का एक

# बारिश में खतरा बनीं 133 बूढ़ी इमारतें



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शहर में चिह्नित किए गए 133 जर्जर भवनों के बारिश में ढहने का खतरा बढ़ गया है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टाल रहे हैं। नगर पालिका भी नोटिस देकर कागजी कोरम पूरा करने तक सीमित है।

शहर में 133 मकान ऐसे हैं जो जर्जर हो चुके हैं। इन इमारतों का अक्सर कोई न कोई हिस्सा टूट कर गिरता है। इन इमारतों और आसपास के घरों में रहे वाले और सड़कों से आवागमन कर रहे लोगों के लिए भी खतरा बने हैं। पिछले साल बारिश के दिनों में शहर के सदर बाजार बड़ा चौराहा पर एक पुराने मकान का छज्जा गिर गया था। इससे आसपास के दुकानदारों, खरीदारों और मुख्य मार्ग से आवागमन कर रहे लोगों में खलबली मच गई थी। मलबा गिरने से कुछ लोगों को चोटें भी आई थीं।

इसके बाद तत्कालीन डीएम ने सख्ती की तो नगर पालिका ने शहर के सभी वार्डों में जर्जर भवनों का सर्वे कराया था। इसके बाद सभी भवन स्वामियों को इमारत को खाली करने और खुद ही तोड़ेन की नोटिस जारी की थी। लेकिन हर बार की तरह कागजी कोरम पूरा करने के बाद मामला फिर फाइलों में दब गया। इस बार बारिश शुरू होते ही खतरा फिर बढ गया है लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हालत यह है कि नगर पालिका और यूएसडीए (उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण) इन भवनों पर कार्रवाई और ध्वस्तीकरण के लिए एक-दूसरे की जिम्मेदारी बता रहे हैं।

### इन मोहल्लों में सबसे अधिक जर्जर भवन

शहर के कल्याणी देवी में 10, एबीनगर दक्षिणी व अकरमपुर में नौ, सिंगरोसी में आठ, आदर्श नगर, गांधीनगर व कासिम नगर में सात-सात सहित अन्य मोहल्लों में कुल 133 जर्जर भवन हैं।

"पिछले साल शहर के 32 वार्डों में सर्वे कराया गया था और जर्जर 133 भवनों मालिकों मकान के जर्जर हिस्से को स्वयं तोड़ने के लिए नोटिस दिए गए थे। इन भवनों की सूची निर्माण विभाग को दे दी गई थी। कितने भवन ध्वस्त कराने की स्थिति में है यह निर्माण विभाग ही बता सकता है।

**राकेश श्रीवास्तव, कर अधीक्षक नगर पालिका**

"किसी भी इमारत को जर्जर भवन घोषित करने का अधिकार विकास प्राधिकरण के पास है। क्योंकि नगर पालिका के पास इतना तकनीकी स्टॉफ नहीं होता। अगर कोई शिकायत होती है तो नगर पालिका भवन स्वामी को नोटिस देकर निर्माण खुद गिराने के लिए कहती है। पिछले साल संपत्ति अधिकारी ने 133 लोगों को नोटिस दी थी। विभाग केवल चेतावनी दे सकता है।

**उत्कर्ष कुमार, जेई नगर पालिका**

"जर्जर इमारतों को चिह्नित करने और कार्रवाई की जिम्मेदारी नगर पालिका की है। बिना नक्शा के भवन निर्माण पर कार्रवाई या उसे गिराने की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है। जो पुराने भवन उसमें रहने वाले लोगों या आसपास के लोगों के लिए खतरा बन सकते हैं उन पर नगर पालिकाको कार्रवाई करनी है।

**अकरामुद्दीन, सहायक अभियंता यूएसडीए**

"नगर पालिका अधिनियम में यह अधिकार प्राप्त हैं कि अधिशासी अधिकारी या उनके कर्मचारी, किसी व्यक्ति द्वारा दिए गए प्रार्थनापत्र पर या कर्मचारी की आख्या पर, जांच कराने के उपरांत भवन स्वामी को नोटिस देने दें। नोटिस के उपरांत भवन स्वामी उस खतरे वाली इमारत को नहीं गिराता है तो डीएम से अनुमति लेकर उसे नगर पालिका गिरवा सकती है।

**अजेंद्र अवस्थी, अधिवक्ता**

## क्रिकेटर कुलदीप यादव का किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

टी-20 विश्वकप जीतने के बाद शुक्रवार रात लखनऊ हवाई अड्डे से कानपुर जाते समय भारतीय टीम के खिलाड़ी कुलदीप यादव का उनके पैतृक गांव शिवसिंह खेड़ा के लोगों और परिजनों ने स्वागत किया। कुलदीप ने जल्द गांव आने की बात कही।

भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य और गेंदबाज कुलदीप यादव का जन्म उन्नाव के शिवसिंह खेड़ा में हुआ और वह नौ साल की उम्र तक यहीं रहे। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे। लेकिन कुलदीप ने अपनी जन्मभूमि से कभी दूरी नहीं बनाई। कानपुर से लखनऊ आते-जाते समय वह गांव के लोगो से जरूर मिलते हैं।

होली, रक्षाबंधन, परिवार में शादी या अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में भी आते हैं। गांव में उनके चाचा जनार्दन, चाची मंजू और दादी जमुना देवी हैं। वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला हुआ था।



भरतीय टीम की जीत के लिए उनके गांव के लोगों ने भी सामूहिक हवन-पूजन किया था।

क्रिकेट में विश्व विजेता बनी भारतीय टीम के विदेशी दौरे से लौटने के बाद शुक्रवार रात को वह लखनऊ हवाई अड्डा पहुंचे। इसके बाद वह कानपुर के लिए निकले। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर रात करीब 11 बजे गांव के सामने उनके चाचा जनार्दन सिंह, रिंकू, सुमित, सौरभ यादव, मान सिंह, दिलीप, कुलदीप वर्मा, विकास यादव, मुनेश्वर लोधी आदि ने स्वागत किया। बारिश के चलते वह गाड़ी में बैठे ही लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने तिरंगा लहराते हुए फोटो भी खिंचवाई। उन्होंने लोगों से जल्द ही गांव आने की बात कही।

## पत्नी के हत्यारोपी का नहीं चला पता, मुंबई भागने की आशंका

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा। तोपखाना मोहल्ले में पत्नी की हत्या करने वाले की तलाश में पुलिस ने कई जगह दबिश दी लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। आशंका है कि वह रात में ही मुंबई भाग गया है। हालांकि पुलिस उसके कुछ रिश्तेदारों को उठाकर पूछताछ कर रही है।

नगर के मोहल्ला तोपखाना निवासी हिना (32) को गुरुवार रात रात उसके पति आसिफ ने पीटा था। बाद में दुपट्टे के गला कसकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी भाग निकला था। घटना की चश्मदीद उसकी सात साल की बेटी शिफा का पुलिस ने बयान लिया था। साथ ही मृतका की मां सफीकुन की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था। शुक्रवार देर शाम शव घर पहुंचने के बाद कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया। हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आसिफ के माता-पिता सहित मुंबई में रहने के कारण आशंका जताई जा रही है कि वह वहीं भाग गया है। पुलिस ने उसके मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया है और उसके कुछ रिश्तेदारों को भी पूछताछ के लिए उठाया है। पुलिस मृतका और उसके पति के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल भी निकलवा रही है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हैं।

## कांग्रेस ने की राजनीतिक मूल्यों की हत्या : राठौर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती कार्यक्रम में पहुंचे सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। कहा कि जिस तरह राजनीतिक मूल्यों की हत्या कांग्रेस ने की, वैसा किसी सरकार ने नहीं किया।

मोतीनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कहा कि डॉ. मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक आधार हैं। कश्मीर से धारा 370 हटने की नींव में डॉ. मुखर्जी जैसे महापुरुषों का त्याग शामिल है। देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के लिए डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन का भी बलिदान दे दिया था।

राष्ट्र के प्रति डॉ. मुखर्जी और पं. दीन दयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों ने जीवन पर्यंत संघर्ष किया। इन महापुरुषों के आदर्शों पर चल कर ही भाजपा दो सांसदों से आज यहां तक पहुंची है।

कश्मीर के मुद्दे पर लड़ाई लड़ते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की संदिग्ध हालात में मृत्यु हो गई थी। जिसका रहस्योद्घाटन कांग्रेस ने कभी नहीं होने दिया।

कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी संविधान बचाने की बात करते हैं, जबकि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने न सिर्फ अपने राजनीतिक वर्चस्व को बचाने के लिए लोगों को जेल में डाला, बल्कि नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया।

### हाथरस घटना का कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा

पत्रकारों से बातचीत में राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने हाथरस घटना पर कहा कि कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। राहुल गांधी के हाथरस जाने से जुड़े सवाल पर कहा कि वह संदेशखाली (कोलकाता) में वीभत्स घटना होने पर ममता दीदी की सरकार के खिलाफ नहीं जाते हैं। यहां हाथरस पहुंच जाते हैं। कहा कि यूपी में कानून का राज है। भाजपा की सरकार सबसे सख्ती से निपटेगी।

## दरोगा की रील हुई वायरल; एसएसपी ने किया निलंबित

जन एक्सप्रेस । मथुरा

साइबर अपराधियों के साथ रेस्टोरेंट में पार्टी करते हुए दरोगा ने रील बनाई। ये रील वायरल होने के बाद एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। अपराधियों को जेल भेजने के बजाए रेस्टोरेंट में उनके साथ जुगलबंदी करने वाले गोवर्धन थाने के दरोगा अनुज तिवारी और सुरेंद्र सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया है। अनुज तिवारी पलसो चौकी प्रभारी के तौर पर तैनात थे। वहीं, सुरेंद्र सिंह यादव थाने पर तैनात थे। अमर उजाला में प्रकरण की खबर वांटेड संग दरोगाओं की रेस्तरां में जुगलबंदी शीर्षक से सात जुलाई 2024 के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय के स्तर से यह कार्रवाई की गई है।

बता दें कि सोशल मीडिया पर एक रील वायरल हो रही है, इसमें गोवर्धन थाने के दरोगा अनुज तिवारी और सुरेंद्र सिंह यादव टॉप-10 साइबर अपराधियों की सूची में शामिल अपराधी शाहिद और शाकिर निवासीगण देवसेरस एक रेस्टोरेंट में बैठे हुए दिख रहे हैं।

टेबल के एक ओर अपराधी और दूसरी ओर दोनों दरोगा बैठे हैं। शाहिद खान द्वारा 20 सेकंड की रील बनाई जाती है। इसमें वह पहले खुद को बाल संवारते हुए कैद करता है। इसके बाद अपने साथी शाकिर को कैद करता है और फिर दोनों दरोगाओं की ओर भी कैमरा घुमाकर उनको कैद करता है। रील बनाने के बाद यह फेसबुक पर भी डालता है। मगर, कुछ ही देर बाद रील को हटा देता है। रील अपलोड होते ही लोग इसे संरक्षित कर वायरल कर देते हैं। इसको लेकर थाना पुलिस से लेकर जिला पुलिस की भारी फजीहत हुई।

## लड्डू गोपाल को बचाने के लिए जान पर खेल गई बेटी

जन एक्सप्रेस । मथुरा

मथुरा के कृष्ण विहार कॉलोनी में पानी की टंकी गिरने से हुए हादसे में जब लोग अपनी जान बचाने के लिए भाग रहे थे। एक बेटी मिली ने अपने आराध्य लड्डू गोपाल को खोजने के लिए जान दांव पर लगा दी। आखिर में बेटी ने पानी में डूबे लड्डू गोपाल को खोज निकाला। इसके बाद ही वह मौत के मुंह से बाहर निकली। इससे पहले उसने अपने दादा को बचाया।

अपने आराध्य के लिए खुद की जान दांव पर लगाने वाली इस बेटी की बहादुरी की पूरी कॉलोनी में चर्चा हो रही है। बहादुर बेटी ने घर में पानी भरने के बाद पहले बाबा गौरीशंकर अग्रवाल को मौत के मुंह से बाहर निकाला। इसके बाद आराध्य लड्डू गोपाल को।

जिस वक्त ये हादसा हुआ राजकुमार अग्रवाल की बहादुर बेटी मिली अग्रवाल घर के दरवाजे पर बैठी हुई थी। तभी पानी की टंकी गिरी।

अचानक इतना पानी आया कि मिली पानी के साथ घर के अंदर बह गई। पूरा घर पानी से भर चुका था। मिली के बुजुर्ग दादा पानी में डूब चुके थे। उनके ऊपर सामान गिर पड़ा था।

ऐसे में मिली ने पहले खुद को संभाला। इसके बाद खोजते हुए बुजुर्ग बाबा के ऊपर गिरा सामान हटाया। उन्हें पानी से बाहर निकाला।

## योग टूर्नामेंट में सर सैयद स्कूल बना विजेता

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

भगवती एजुकेशन सेंटर व सनशाइन पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में जनपद स्तर पर दो दिवसीय सीआईएससीई योग टूर्नामेंट का आयोजन पांच व छह जुलाई को किया गया। श्समें कानपुर और उन्नाव के कई विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अंडर 17 तथा अंडर 19 छात्र वर्ग में सर सैयद स्कूल की टीम विजेता रही।

अंडर 19 छात्रा वर्ग में सर सैयद के प्रतिभागियों ने उत्तम प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 17 छात्र वर्ग के तीन, अंडर 19 छात्र वर्ग के पांच और अंडर 19 छात्रा वर्ग के दो प्रतिभागियों का चयन लखनऊ में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या, प्रबंधन तथा सभी शिक्षकों ने प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# घूस न देने पर लेखपाल ने रोका आवास का निर्माण




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बांगरमऊ।** 10 हजार की घूस न देने पर लेखपाल ने खंभौली निवासी दिव्यांग मनोज के निर्माणाधीन मुख्यमंत्री आवास का निर्माण रुकवा दिया। जमीन को पशुचर की बताया। पीड़ित ने चार दिन में न्याय न मिलने पर आत्मदाह की धमकी दी है।

माह के पहले संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा बांगरमऊ सभागार पहुंचे। ग्राम आशायस निवासी सरोज, शुशांत, अमित आदि ने अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगवाकर निर्बाध बिजली आपूर्ति कराने की मांग की। शिकायतकर्ता महिला ने पत्र देकर बताया कि एक जुलाई को वह खेतों की ओर गई थी। लौटते समय गांव के एक व्यक्ति ने पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। घर पहुंचने पर आरोपित अपने परिजनों के साथ लाठी-डंडे लेकर आ गया और उसके साथ मारपीट की। बताया कि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

बाजीपुरवा निवासी लक्ष्मीनारायण ने पूर्व प्रधान पति पर साथियों के साथ मिलकर ग्राम समाज की भूमि से बबूल के पेड़ कटवाकर डेढ़ लाख में बेचने का आरोप लगाया। गोसाकुतुब निवासी सुनीता ने लेखपाल पर भू माफियाओं को अवैध निर्माण कराने व घूस मांगने का आरोप लगाया। राजकीय हाईस्कूल बेरियागाड़ा के प्रधानाचार्य रामचंद्र सिंह ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि गांव का गंदा पानी विद्यालय परिसर से निकलता है। इससे लगभग 100 ट्रॉली मिट्टी बह गई। विद्यालय के मुख्य द्वार व सड़क के बीच गहरा नाला हो गया है। छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है।

उन्होंने पाइप डालकर पानी दूसरी तरफ खाली जमीन से निकालने की मांग की।

कुल 308 प्रार्थनापत्रों में से 24 का मौके पर निस्तारण हो सका। समाधान दिवस के बाद डीएम और एसपी समेत अन्य अधिकारियों में तहसील परिसर में पौधरोपण किया। वहीं डीएम और एसपी के देर से आने में फरियादी पेड़ की छांव और तहसील परिसर में बैठकर इंतजार करते रहे।

### दिव्यांग ने की आवास न मिलने की शिकायत

हसनगंज में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने शिकायतें सुनीं। चांदपुर झलिहई के धर्मेंद्र ने बताया कि दिव्यांग होने के बाद भी आवास सूची में ग्राम विकास अधिकारी ने नाम नहीं डाला। जिस पर सीडीओ ने एडीओ पंचायत को जांच करने के निर्देश दिए। कुल 281 शिकायतों में 11 मामलों का निस्तारण किया गया। पुरवा में वहीं पुरवा में एडीएम राजस्व नरेंद्र सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने, सफीपुर में एसडीएम नवीन चंद्र ने, बीघापुर में एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, एसडीएम क्षितिज कुमार द्विवेदी ने शिकायतों की सुना और संबंधित अधिकारियों को तय समय में समाधान कर रिपोर्ट देने को कहा।

# ईरान: हिजाब विरोधी मसूद पेजेशकियन बने राष्ट्रपति

## जानें इससे क्या बदलेगा और भारत से संबंधों पर क्या असर पड़ेगा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दुबई

पेशे से हृदय रोग सर्जन रहे मसूद पेजेशकियन 1997 में देश के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह न सिर्फ पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के समर्थक रहे हैं बल्कि उनके कार्यकाल में हुई 2015 की परमाणु संधि के भी पक्षधर हैं।

ईरान में 19 मई को हेलिकॉप्टर हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद हुए दूसरे चरण के चुनाव में सुधारवादी नेता और देश में हिजाब के सख्त कानून में कुछ ढील देने के पक्षधर मसूद पेजेशकियन (69) ने जीत दर्ज की है। वह प्रतिद्वंद्वी कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराकर विजेता घोषित किए गए। पेजेशकियन को 1.63 करोड़ वोट मिले जबकि जलीली को 1.35 करोड़ मत मिले। मसूद को मिले एक करोड़ 63 लाख वोटों में से 50 फीसदी 30 साल से कम उम्र वालों के हैं।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मसूद पेजेशकियन को ईरान का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर शनिवार को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे गर्मजोशी भरे और दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं।

### कौन हैं मसूद पेजेशकियन ?

पेशे से हृदय रोग सर्जन रहे पेजेशकियन 1997 में देश के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह न सिर्फ पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के समर्थक रहे हैं बल्कि उनके कार्यकाल में हुई 2015 की परमाणु संधि के भी पक्षधर हैं। उन्होंने अब तक पश्चिमी देशों के साथ संबंध बनाने पर जोर दिया है। यही नहीं, महसा अमिनी की हिजाब का विरोध करने पर जेल में हुई मौत के बाद देशभर में भड़के हिजाब विरोधी आंदोलन में भी पेजेशकियन ने इस कानून को आसान बनाने का चुनाव अभियान में वादा किया था। ईरान के मतदाताओं ने इसी वादे और उनके सुधारवादी रुख के चलते उन्हें देश का 9वां राष्ट्रपति चुना।

### अपने चुनाव अभियान में किसे दी थी तवज्जो?

पेजेशकियन ने अपने अभियान में ईरानी शिया धर्मतंत्र में कोई आमूलचूल परिवर्तन नहीं करने का वादा किया और लंबे समय से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को देश में राज्य के सभी मामलों के अंतिम मध्यस्थ के रूप में रखा है। पेजेश्कियान ने आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है।

### कट्टर विचारधारा के खिलाफ हैं नए राष्ट्रपति पेजेशकियन

मसूद पजेशकियन ने चुनाव से पहले भी राजनीतिक भाषणों के दौरान कई बार हिजाब की खिलाफत की थी। उन्होंने कई बार कहा है कि वो किसी प्रकार के कट्टरपंथ के खिलाफ हैं, जो संस्कृति के नाम पर बने कानूनों पर सख्ती के साथ पेश आती है। इसी कानून में हिजाब की अनिवार्यता भी आती है, जो 1979 में इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान में लागू हुआ। पेजेशकियन ने कहा, वह इस कानून की सख्ती के खिलाफ हैं।

### 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर दे चुके हैं सेवाएं

ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन पेशे से डॉक्टर हैं और ईरान की तबरीज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रमुख रहे हैं। पेजेशकियन साल 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वह पहली बार राष्ट्रपति चुनाव में नहीं उतरे। 2011 में उन्होंने पहली बार राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। पेजेशकियन की पहचान एक उदारवादी नेता की है और वह पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के करीबी माने जाते हैं।

### मैं आपको अकेला नहीं छोड़ूंगा आप भी मुझे अकेला न छोड़ें

पेजेशकियन ने कहा, चुनाव खत्म हुए और यह हमारे सहयोग की शुरुआत है। आपके सहयोग, सहानुभूति और विश्वास के बिना आगे का कठिन रास्ता आसान नहीं होगा। मैं आपकी ओर हाथ फैलाता हूं और संकल्प लेता हूं कि मैं आपको इस रास्ते पर अकेला नहीं छोड़ूंगा। आप भी मुझे अकेला मत छोडो। गौरतलब है कि इससे पहले 28 जून को मतदान के शुरुआती दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50ऋ से ज्यादा वोट नहीं मिले, इस कारण शीर्ष दो उम्मीदवारों में सीधा मुकाबला हुआ। पेजेशकियन की बढ़त के साथ ही उनके समर्थकों ने सड़कों पर उतरकर जश्न शुरू कर दिया। ईरानी लोगों में यह उत्साह हर शहर में देखा गया।

### कहां भारी पड़े पेजेशकियन?

- ईरान की कुख्यात मॉरल पुलिस बसिज के अधिकारों में कटौती और हिजाब की अनिवार्यता खत्म कर इसे वैकल्पिक बनाने का वादा किया।
- पश्चिमी देशों के ईरान से प्रतिबंधों को हटाने का वादा किया। इससे अर्थव्यवथा सुधरेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
- मसूद ने नुक्कड़ सभाएं कर लोगों से सीधा संवाद किया। 34 साल की बेटी मरियम ने चुनाव प्रचार कर युवा वोटरों को साधा।
- मसूद ने यह भी एलान किया कि अगर वादे पूरे नहीं हुए तो राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे देंगे।

### भारत-ईरान के मजबूत आर्थिक संबंध पर क्या असर पड़ेगा?

विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत आर्थिक संबंध रहे हैं। पेजेशकियन के राष्ट्रपति बनने के बाद इन संबंधों के और मजबूत होने की संभावना है। भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने चुनाव परिणाम आने से पहले ही ईरान का रुख बता दिया था। उन्होंने कहा कि ईरान और भारत के बीच विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं होगा, चाहें सत्ता में कोई भी आए। पेजेशकियान एक सुधारवादी नेता हैं और वह पश्चिमी देशों से भी संपर्क बढ़ाने के पक्षधर हैं। वह भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता देंगे। खासतौर पर रणनीतिक रूप से अहम चाबहार बंदरगाह पर दोनों देशों का फोकस रहेगा।

## कई चुनौतियां और देश को स्थिर करने का प्रयास



* UK के पहले भारतीय मूल के पीएम की ऐसे हो रही प्रशंसा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ब्रिटेन

ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी के 14 सालों का लंबा शासन ऋषि सुनक की विदाई के साथ खत्म हो गया है। लेकिन देश प्रधानमंत्री के तौर पर ऋषि सुनक के कामों और प्रयासों की जमकर सराहना की जा रही है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अब अपने परिवार के साथ उत्तरी यॉर्कशायर में अपने घर लौट गए हैं। लेकिन उन्होंने अपने पीछे ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के नेता के रूप में विरासत छोड़ी है। ऋषि सुनक ने जब सत्ता संभाली तब देश को स्थिर करने का प्रयास और तमाम चुनौतियों का सामना समेत कई प्रयासों के लिए उनकी जमकर प्रशंसा की गई। उनका कार्यकाल ब्रिटिश भारतीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसमें कई लोगों ने उनकी उपलब्धियों और समर्पण को स्वीकार किया।

### अपने घर उत्तरी यॉर्कशायर लौटे ऋषि सुनक

फिलहाल ऋषि सुनक उत्तरी यॉर्कशायर में अपने घर से सांसद के रूप में सेवा करना जारी रखने की योजना बना रहे हैं। वहीं 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में अपने विदाई भाषण में उन्होंने कहा, कि मैंने इस काम के लिए अपना सब कुछ दिया है, और इतिहास में उनका नाम इसी तरह दर्ज होने की संभावना है। ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के नेता, पहले हिंदू और पहले गैर-श्वेत जातीयता के रूप में, 44 वर्षीय सुनक इतिहास में कंजर्वेटिव पार्टी के सबसे खराब चुनावी प्रदर्शन की अध्यक्षता करने के बावजूद काफी विरासत छोड़ गए हैं।

### ऋषि सुनक के लिए दयालु होगा इतिहास

वहीं ब्रिटिश फ्यूचर थिंक टैंक के निदेशक सुंदर कटवाला कहते हैं, कि मुझे लगता है कि इतिहास ऋषि सुनक के लिए दयालु होगा। ऋषि सुनक ऐसे समय में सत्ता संभालने वाले शख्स हैं जिन्होंने बहुत ही कठिन आर्थिक, भू-राजनीतिक परिस्थितियों में देश को स्थिर करने की बहुत कोशिश की। और जो चीज उनके पास वास्तव में नहीं थी, वह थी कोई राजनीतिक नुस्खा जिसके लिए शायद जादू की छड़ी की आवश्यकता होती, लेकिन उन्होंने सरकार के बहुत ही अराजक दौर के बाद देश को फिर से एक समान स्थिति में ला दिया, जिसमें कुछ ही हफ्तों में दो प्रधानमंत्रियों को खोया था।

### बहुत ही प्रतिभाशाली और सक्षम व्यक्ति हैं सुनक

उनसे पहले 10 डाउनिंग स्ट्रीट में लॉकडाउन कानून तोड़ने वाली पार्टियों के पार्टीगेट घोटाले के बाद बोरिस जॉनसन को उनकी अपनी पार्टी से बाहर कर दिया गया और फिर टोरी सदस्यों की तरफ से वोट की गई लिज ट्रस एक विनाशकारी विकल्प साबित हुई, जिसके बाद उनकी पार्टी ने ऋषि सुनक की ओर रुख किया। वहीं व्यवसायी और सहकर्मी लॉर्ड करण बिलिमोरिया ने का कहना है कि वो ऋषि सुनक को एक दशक से जानते हैं, वो और उनके परिवार के लोग अद्भुत और सभ्य हैं। वह बहुत ही प्रतिभाशाली और बहुत ही सक्षम व्यक्ति हैं।

## रूस ने पीएम मोदी के दौरे को बताया बेहद अहम

* पश्चिमी देशों पर कसा तंज- वे जलन की नजर से देख रहे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रूस



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर-स्तरीय वार्ता के लिए कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉस्को पहुंचेंगे। जिसे लेकर क्रेमलिन काफी उत्साहित है, क्रेमलिन ने इस यात्रा को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया है और पश्चिमी देशों पर तंज भी कसा है।

22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 9 जुलाई तक मॉस्को की यात्रा पर रहेंगे। फरवरी 2022 में मास्को की तरफ से यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली रूस यात्रा होगी। वहीं पीएम मोदी की इस यात्रा को लेकर क्रेमलिन की तरफ से कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को में बहुत महत्वपूर्ण और पूर्ण यात्रा की उम्मीद है। इस दौरान क्रेमलिन ने कहा कि पश्चिम (देश) इस यात्रा को ईर्ष्या से देख रहे हैं।

### क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को नई दिल्ली में सोमवार से शुरू होने वाली उच्च-स्तरीय यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की पूरी श्रृंखला की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

### यह एक आधिकारिक यात्रा होगी- पेस्कोव

रूस के सरकारी वीजीटीआरके टेलीविजन चैनल को शनिवार को दिए गए साक्षात्कार में क्रेमलिन प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मॉस्को में कार्यक्रम व्यापक होगा और दोनों नेता अनौपचारिक बातचीत कर सकेंगे। उन्होंने कहा, जाहिर है, एजेंडा व्यापक होगा, अगर इसे अति व्यस्त नहीं भी कहा जाए। यह एक आधिकारिक यात्रा होगी और हमें उम्मीद है कि दोनों प्रमुख अनौपचारिक तरीके से भी बातचीत कर सकेंगे।

### पश्चिम इस यात्रा पर ईर्ष्या से नजर रख रहे हैं

दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूसी-भारतीय संबंध रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर हैं। उन्होंने कहा कि क्रेमलिन में आमने-सामने की बातचीत और प्रतिनिधिमंडलों की बातचीत दोनों होंगी। आधिकारिक समाचार एजेंसी तास ने उनके हवाले से कहा, हम एक बहुत ही महत्वपूर्ण और पूर्ण यात्रा की उम्मीद कर रहे हैं

जो रूसी-भारतीय संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान पेस्कोव ने इस बात पर भी जोर दिया कि पश्चिम (देश) प्रधानमंत्री मोदी की आगामी रूस यात्रा पर करीब से और ईर्ष्या से नजर रख रहा है। वे ईर्ष्यालु हैं – इसका मतलब है कि वे इस पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उनकी करीबी निगरानी का मतलब है कि वे इसे बहुत महत्व देते हैं। लगभग पांच सालों में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली रूस यात्रा होगी। उनकी आखिरी रूस यात्रा साल 2019 में हुई थी जब उन्होंने सुदूर पूर्व के शहर व्लादिवोस्तोक में एक आर्थिक सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

## नेपाल में प्राकृतिक आपदाओं में एक महीने में 62 लोगों की मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू

नेपाल में बीते एक महीने में प्राकृतिक आपदाओं की वजह से 62 लोगों की मौत हुई है। आगे बताया गया है कि 62 में से 34 लोगों की मौत भूस्खलन की वजह से हुई है। इसके अलावा बारिश और बाढ़ की वजह से 28 लोगों की मौत हुई है।

नेपाल में आए दिन कहीं न कहीं प्राकृतिक आपदाओं से लोग जूझते रहते हैं। खासतौर पर मानसून के मौसम के दौरान पड़ोसी देश में स्थिति विकराल हो जाती है। इस बीच नेपाल के गृह मंत्रालय ने कुछ आंकड़े जारी किए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार बीते चार सप्ताह में नेपाल में बारिश और प्राकृतिक आपदाओं में करीब 62 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 90 लोग घायल हो गए। गौर करने वाली बात यह है कि ये आंकड़े मानसून की शुरुआत के बाद के हैं।

### प्रधानमंत्री ने दिए सतर्क रहने के निर्देश

उधर, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने सभी विभागों को बाढ़, भूस्खलन से निपटने और प्रभावित लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने एक बैठक बुलाई। इसमें, सभी राज्यों के अधिकारियों को प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे लोगों की सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देने को कहा। इसके साथ ही बचाव और राहत कार्यों को और भी ज्यादा तेज गति से बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सभी नागरिकों से प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सतर्कता बरतने को कहा गया गया है।


### हजारों लोगों को विस्थापित किया गया

गृह मंत्रालय की यह रिपोर्ट बताती है कि नेपाल को आने वाले समय के लिए अभी से तैयारी कर लेनी चाहिए। दरअसल, बाढ़ और भूस्खलन की वजह से लोगों की संपत्तियों को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

## जो बाइडन की कांपती जुबान और ब्रिटेन, फ्रांस, ईरान दे रहे हैं 2025 में बड़े बदलाव का संकेत

* ट्रंप जीते राष्ट्रपति का चुनाव तो बदलेगा यूरेशिया, इस्राइल का समीकरण।
* एशिया और यूरोप को भी अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव का इंतजार।
* दुनिया के देश नहीं चाहते युद्ध और टकराव।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमेरिका







अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पहली डिबेट में कमजोरी अभी से बड़े बदलाव की तरफ ईशारा करने लगी है। डोनाल्ड ट्रंप आव्रजन नीति पर थोड़ा कड़ा रुख अपनाते हैं। आव्रजन नीति(छोटी नाव से शरणार्थियों का आना) की कमजोरी ने ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को करारा झटका दिया। फ्रांस में भी बड़े बदलाव के संकेत हैं और राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों चुनाव में पिछड़ सकते हैं। फ्रांस से ईरान चलिए। वहां नतीजे में कट्टरपंथी जलीली को पराजय मिली है। सुधारवादी नेता मसूद पेजेश्कियान राष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं। विदेश मामलों के जानकारों का कहना है कि यह रुख जारी रहा तो 2025 में दुनिया की परिस्थितियां फिर नया रूप लेने लगेगी।

विदेश मामलों में गहरी पकड़ रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार के अनुसार यूक्रेन-रूस युद्ध और इस्राइल-हमास की जंग की दुनिया को कीमत चुकानी पड़ रही है। अभी खतरा यह भी है कि कहीं इस्राइल और हिजबुल्लाह में युद्ध न शुरू हो जाए। वैसे भी हिजबुल्लाह ईरान समर्थिक संगठन है।

दुनिया के कई देश इसे आतंकी संगठन की श्रेणी में रखते हैं, लेकिन यह ताकत में हमास से बड़ा है। यह जंग शुरू होने के बाद न केवल इस्राइल की अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, बल्कि दुनिया में युद्ध जैसे हालात बढ़ते जाने का खतरा बना रहेगा।

### अमेरिका में नवंबर में है चुनाव, ट्रंप जीते तो बढ़ेगा यूक्रेन संकट

अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए वोट डाले जाएंगे। जिस तरह से ट्रंप बढ़त बनाते दिखाई दे रहे हैं, उस पर यूरोप, एशिया की भी निगाहें हैं। हालांकि राष्ट्रपति जो बाइडन का कहना है कि वह चुनाव लड़ेंगे, ट्रंप को हराएंगे और अगले राष्ट्रपति बनेंगे, लेकिन तमाम डेमाक्रेट का अभी से आत्म विश्वास हिलने लगा है। ट्रंप ने पहली चर्चा में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को अंतरराष्ट्रीय सेल्समैन करार दिया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के यूक्रेन में सेना के प्रवेश कराने के निर्णय पर उन्होंने(ट्रंप) उन्हें(पुतिन)को जीनियस कहा था। ट्रंप के मुताबिक राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन-रूस युद्ध को भडक़ाने का काम किया है और यूक्रेन की अरबों डालर की मदद करके अमेरिका अपने कर दाताओं के पैसे को खराब कर रहा है। यहां तक कि यूक्रेन की सहायता में यूरोपीय देश अपना हिस्सा नहीं दे रहे हैं। इससे लग रहा है कि ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद यूक्रेन को अमेरिकी सहायता के मामले में गहरा झटका लग सकता है।

### ब्रिटेन, फ्रांस, ईरान दे रहे हैं बड़े बदलाव का संकेत

पहले बात ईरान की। ईरान लंबे समय से पश्चिम से टकराव मोल रहा है। पूर्व स्व. राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के समय में तनाव बढ़ा ही था। नव निर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने अपने देश की जनता से वादा किया था कि वह जीते तो पश्चिम से ईरान को जोडऩे भरोसा दिया। उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराया है। जनादेश का अर्थ यही है कि उदारवादी नेता पेजेश्कियान ईरान और अमेरिका के रिश्ते बेहतर करने पर ध्यान देंगे। ईरान के लोग भी युद्ध और टकराव को नहीं चाहते। हालांकि पेजेश्कियान ने कहा है कि वह ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई में आस्था रखते हैं। उन्हें मानेंगे। अयातुल्लाह खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता, आखिरी मध्यस्थ माने जाते हैं। खामेनेई अमेरिका के विरोधी हैं। ऐसे में समूद पेजेश्कियान को इस्राइल-हमास युद्ध के साथ साथ इसके हिजबुल्लाह के साथ टकराव में बदलने, हूती विद्रोहियों के साथ विवाद बढऩे, लेबनान, यमन तक टकराव के हालात को संभालने की चुनौती मिलेगी।

### चुनाव के जरिए दुनिया में होने वाले बदलाव बहुत कुछ कह रहे हैं

पिछले कुछ साल से दुनिया युद्ध और टकराव में फंसी सी है। चीन का ताइवान के साथ तनाव भी चरम पर चल रहा है। दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन के दावे के विपरीत दुनिया के तमाम देश खड़े हैं। लेकिन दुनिया में चुनाव के जरिए हो रहे बदलाव एक नया संकेत दे रहे हैं। माना जा रहा है कि जिस तरह से बदलाव देखने में आ रहा है, यदि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भी जारी रहा तो आने वाले समय में कई बदलाव होंगे। 2025 से दुनिया की भू राजनीतिक स्थिति नये आयाम गढ़ना शुरू कर देगी।

फ्रांस से बड़ी खबर आई है। वहां पहले दौर के चुनाव में मतदाताओं ने संसदीय चुनाव के पहले दौर में राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की पार्टी को तीसरे नंबर पर भेज दिया है। दूसरे दौर का चुनाव 7 जुलाई को है और लगता नहीं कि मैनुअल की पार्टी कोई बड़ा चमत्कार कर पाएगी। दिलचस्प है कि मरीन ले पेन की नेशनल रैली में बड़ा भरोसा दिखाया है। मरीन ले पेन को फ्रांस में लोग युद्ध, उत्पीडऩ और गरीबी से भागकर फ्रांस आने वाले प्रवासियों की चिंताओं से जोडक़र देख रहे हैं। इसका दबाव इमैनुअल मैक्रों पर पडऩा तय है। हालांकि इमैनुअल मात्रों का कार्यकाल 2027 तक है और उन्होंने अपने पद पर बने रहने की घोषणा भी की है। इसी कड़ी में ब्रिटेन के चुनाव नतीजे को भी देखना होगा। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को भी ऐसी करारी हार की उम्मीद नहीं थी। वहां किएर स्टार्मर को 10 डाऊनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन का प्रधानमंत्री निवास) में रहने का अवसर मिला है।

### इस्राइल की हर संभव मदद के लिए खुलकर साथ खड़े हैं बाइडन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस्राइल की मदद के लिए खुलकर साथ खड़े हैं। हालांकि इस्राइल-हमास युद्ध में इस्राइली अर्थ व्यवस्था को करारी चपत लगी है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतेन्याहू को भी युद्ध के लंबा खिचने की संभावना कम थी। अब इस्राइल को युद्ध में लड़ाके नहीं मिल पा रहे हैं। गोला-बारुद की कमी का भी सामना कर रहा है। दूसरे हमास के बाद लेबनान से हिजबुल्लाह ने काफी आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। इस युद्ध की संभावना को देखकर उत्तरी इस्राइल को खाली कराया जा रहा है। इस्राइलियों ने भी घर के बंकरों में सब्जी, फल, खाने के सामान को इकट्ठा करना शुरू किया है। वहां के बिजली संयंत्र भी बड़ी मात्रा में उत्तरी इस्राइल में हैं। ऐसे में बिजली गुम होने की आशंका देखकर बड़ी संख्या में अमेरिका समेत अन्य देशों से जनरेटर की मांग बढ़ गई है।

इसके सामानांतर हर रोज सैकड़ो इस्राइली अपने प्रधानमंत्री के आवास के बाहर जारी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। एक बड़ी आशंका यह भी है कि इस्राइल हिजबुल्लाह के बीच में सैन्य अभियान छिडऩे के बाद ईरान भी तनाव बढ़ा सकता है। पूर्व एयरवाइस मार्शल एनबी सिंह कहते हैं कि स्थिति धीरे-धीरे जटिल होती जा रही है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने दुनिया में युद्ध जैसे हालात के लिए राष्ट्रपति बाइडन को घेरा था। माना जा रहा है कि ट्रंप भी इस्राइल का समर्थन तो करेंगे, लेकिन सैन्य सहायता समेत अन्य मामलों में कुछ शर्तों के साथ आगे बढऩे का निर्णय ले सकते हैं।

ब्रिटेन की पिछले 10 साल में कई मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ी हैं। ट्रंप के रणनीतिकार लगातार जो बाइडन की विदेश नीति, सामरिक और रणनीतिक साझेदारी की नीति को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)